सुप्रभात
रांची, गुरुवार
15.06.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़, कृष्ण पक्ष, द्वादशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 330



12 अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को हिरासत में लिया

## न्यूज डायरी

### धनबाद में गोली मार कर ट्रांसपोर्टर की हत्या

**धनबाद।** जिले के पाथरडीह थाना क्षेत्र के चासनाला साउथ कॉलोनी स्थित सेल कांटा घर के निकट निजी कार्यालय में कोयला ट्रांसपोर्टर व बनियाहीर पेट्रोल पंप के मालिक प्रवीण राय को गोली मारकर अपराधियों ने हत्या कर दी।

### दुमका : पेट्रोल पंप कर्मी से छह लाख की छिनतई

**नोनीहाट।** दुमका-भागलपुर मुख्य पथ पर रामगढ़ थाना क्षेत्र के अमरपुर चौक के पास बाबा बासुकीनाथ फ्यूल पेट्रोल पंप कर्मी हितेश कुमार से बाइक सवार चार अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर 5.60 लाख छीन लिये।

### गढ़वा : धर्मांतरण की कोशिश में 12 गिरफ्तार

**गढ़वा।** जिले में धर्मांतरण का प्रयास कर रहे 1 दर्जन लोगों को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस इनके पास से 20 पेटी धार्मिक किताब बरामद की है। गिरफ्तार लोग ग्रामीणों का इसाई धर्म में कन्वर्जन का प्रयास कर रहे थे। हिरासत में लिए गए महिला और पुरुष दोनों शामिल हैं।

### आइएएस मनीष कुमार बने जमशेदपुर के डीडीसी

**रांची।** आइएएस अधिकारी और ऊर्जा विभाग के संयुक्त सचिव व जेबीवीएनएल के कॉमर्शियल डायरेक्टर मनीष कुमार को पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर का नया डीडीसी नियुक्त किया गया है। इसे लेकर कार्मिक विभाग ने बुधवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

### नीट यूजी में प्रबंजन और बोरा वरुण बने नंबर-1

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को इस साल की नीट-यूजी परीक्षा के परिणाम घोषित किये, जिसमें तमिलनाडु के प्रबंजन जे और आंध्र प्रदेश के बोरा वरुण चक्रवर्ती 99.99 पर्सेंटाइल के साथ पहला स्थान हासिल किया। लगभग 20.38 लाख में से कुल 11.45 लाख परीक्षार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है।

### हमले से गुस्से में दामाद ने ससुर को काट डाला

**गोड्डा।** सुंदरपहाड़ी थाना इलाके में एक व्यक्ति ने अपने दामाद का गुप्तांग काट दिया। इसके बाद गुस्से में दामाद ने भी उसी हथियार से अपने ससुर की गर्दन काटकर हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी दामाद को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस उसका इलाज करवा रही है।

### ज्योतिरादित्य के 'खास' ने बदला पाला

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में चुनाव से पहले ज्योतिरादित्य सिंधिया के खास रहे बैजनाथ यादव ने बुधवार को उन्हें बड़ा झटका देते हुए कांग्रेस का दामन थाम लिया है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

## झारखंड में प्रचंड गर्मी, अगले कुछ दिनों तक राहत नहीं
# 8वीं तक के स्कूल 17 तक बंद

■ बच्चे 19 से जायेंगे स्कूल, 9वीं-12वीं की पढ़ाई आज से

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में चल रही प्रचंड गर्मी के कारण राज्य भर में पहली से 8वीं कक्षा तक के सभी सरकारी, गैर सरकारी, स्थापना अनुमति और निजी स्कूल 17 जून तक बंद रहेंगे। रविवार की छुट्टी के बाद 19 से स्कूलों में पढ़ाई होगी। 9वीं से 12वीं तक बच्चे सोमवार से स्कूल जायेंगे। संबंधित आदेश शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने जारी कर दिया है। राज्य सरकार ने अत्यधिक गर्मी और लू को ध्यान में रखते हुए यह फैसला किया है। वहीं, 9वीं से 12वीं तक की कक्षाएं 15 जून से पूर्व की भांति संचालित होंगी। पढाई में होनेवाली क्षति की भरपाई के संबंध में अलग से निर्णय लेते हुए सूचित किया जायेगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। इससे पहले सभी स्कूल 14 जून तक बंद रखने का आदेश दिया था।

### स्कूल बंद का आदेश जारी : 19 जून से हीट वेव का असर होगा खत्म

**रांची समेत कई जिलों में हुई बारिश, कई इलाकों में चली गर्म हवा**

राज्य के अलग-अलग हिस्सों में मौसम का मिजाज अलग-अलग है। एक ओर जहां राज्य के पश्चिमी जिलों मे लू चल रही है तो वहीं दूसरी ओर बीती रात बारिश से राजधानी रांची समेत आसपास के इलाके के लोगों को राहत मिली है। रांची के साथ गुमला, सिमडेगा में भी बारिश हुई। पर सुबह आठ बजते ही लोगों को फिर से गर्मी और उमस का एहसास होने लगा। राज्य में कुछ दिनों तक मौसम ऐसा ही रहेगा। कुछ इलाकों में आंशिक बादल छाये रहेंगे। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के अनुसार अगले पांच दिनों मेंअलग अलग इलाकों में



अलग अलग मौसम का रूख होगा। कहीं बादल रहेंगे, तो कहीं, हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। वहीं, कुछ इलाकों में गर्म हवाएं चलेंगी। अधिकतम तापमान में कमी महसूस की जा सकती है। जो दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की होगी। बुधवार को राजधानी रांची का तापमान 39 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

**19 जून तक राज्य में मानसून संभव**

मौसम विभाग के अनुसार 18-19 जून तक हीट वेब का असर रहेगा। 19 से हीट वेव खत्म हो जायेगा। वहीं मॉनसून के लिए 19 जून से 21 जून तक अनुकूल समय देखा जा रहा है। इन चार दिनों में झारखंड के अंदर मॉनसूनी बादलों का जमावड़ा हो जायेगा। मॉनसूनी बारिश शुरू हो जायेगी। झारखंड में संताल के रास्ते मॉनसून प्रवेश करेगा। ऐसे में कुछ जिलों में अभी से बादल की स्थिति बन रही है।

## खुशखबरी : 26 को पीएम दिखायेंगे रांची-पटना वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रेलवे सूत्रों के अनुसार पीएम नरेंद्र मोदी 26 जून को झारखंड-बिहार को पहली वंदे भारत ट्रेन री सौगात देनेवाले हैं। पटना से रांची और रांची से पटना चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को पीएम उस दिन हरी झंडी दिखाकर रवाना कर सकते हैं। इसके साथ ही इस ट्रेन का नियमित परिचालन शुरू हो जायेगा। रेलवे 26 जून से पांच मार्ग पर पर वंदे भारत ट्रेन का परिचालन शुरू करेगा। ओड़िशा में दो जून को तीन ट्रेनों के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद यह पहली शुरुआत है।

**पटना-रांची वंदे भारत का ट्रायल सफल :** गत 12 जून को पटना-रांची वंदे भारत ट्रेन का सफल ट्रायल किया गया था। 26 जून से तीन के नियमित परिचालन शुरू होने के साथ ही रांची और पटना के यात्रियों में इस ट्रेन में सफर करने को लेकर कौतूहल है।

(शेष पेज 11 पर)

### एक ही दिन पांच वंदे भारत ट्रेन



26 जून को जिन रूटों पर वंदे भारत ट्रेनों को लॉन्च किया जायेगा, उसमें पटना-रांची, मुंबई-गोवा, बेंगलुरु-हुबली, भोपाल-इंदौर और भोपाल-जबलपुर शामिल हैं। संभावना है कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पीएम मोदी इन वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखायेंगे।

**अत्याधुनिक सुविधाएं :** वंदे भारत ट्रेन अत्याधुनिक सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं से लैस है। इसमें यात्रियों को तमाम तरह के फायदे मिलते हैं। कम पैसे में ही हवाई जहाज जैसी सुविधाएं तो मिलती ही हैं, बल्कि अन्य ट्रेनों के मुकाबले एक जगह से दूसरी जगह जाने में समय भी कम लगता है। एक बोगी में 78 सीटें हैं। एक तरफ 2 और दूसरी तरफ तीन। इंटरनेट की सेवाओं का उपयोग करने के लिए ऑनबोर्ड वाई-फाई, जीपीएस, जैव-वैक्यूम समेत अन्य सुविधाएं हैं। 16 डिब्बों में यात्रियों की पूरी सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे हैं। ट्रेन के ऑटोमेटिक दरवाजे तभी खुलेंगे जब ट्रेन पूरी तरह से रुक जायेगी। इससे यात्रियों का सफर आरामदायक और आनंददायक होगा। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि पीएम मोदी ने लक्ष्य रखा है कि वंदे भारत इस साल जून तक लगभग सभी राज्यों में पहुंच जाये।

## सीएम संग टाटा मोटर्स, टाटा स्टील एवं टाटा कमिंस की बैठक
# न्यू ग्रीन टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग प्रोजेक्ट के राज्य में विस्तार पर चर्चा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन के साथ बुधवार को झारखंड मंत्रालय में टाटा मोटर्स, टाटा स्टील एवं टाटा कमिंस के वरीय अधिकारियों ने बैठक की। बैठक में झारखंड (जमशेदपुर) में न्यू ग्रीन टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग प्रोजेक्ट (हाइड्रोजन टेक्नोलॉजी इंजन आधारित वाहन निर्माण) पर विस्तार पर निवेश की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

टाटा मोटर्स के अधिकारियों ने सीएम के समक्ष पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रोजेक्ट के संबंध में विस्तृत जानकारी रखी। अधिकारियों ने सीएम के समक्ष कहा कि झारखंड के जमशेदपुर में न्यू ग्रीन टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग प्रोजेक्ट के विस्तार पर निवेश की असीम संभावनाएं हैं। टाटा मोटर्स एवं टाटा कमिंस इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ-साथ हाइड्रोजन इंजन से चलने वाले वाहन बनाने की तैयारी कर रही है। अधिकारियों ने कहा कि आने वाले 25 से 30 वर्ष तक ऑटोमोबाइल सेक्टर में शून्य कार्बन उत्सर्जन हासिल करना टाटा मोटर्स का लक्ष्य है।

(शेष पेज 11 पर)



**मुख्यमंत्री ने दिया सहयोग का भरोसा**

सीएम श्री सोरेन ने टाटा के अधिकारियों से हाइड्रोजन इंजन आधारित वाहन मैन्युफैक्च रिंग प्लानिंग की जानकारी ली और राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। सीएम ने कहा कि वर्तमान समय में ग्लोबल वार्मिंग पूरे विश्व के लिए चुनौती है। भविष्य में ग्रीन टेक्नोलॉजी की ओर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। टाटा मोटर्स नयी तकनीक का उपयोग कर स्वच्छ वातावरण में प्रोजेक्ट स्थापित करने निमित्त बेहतर मास्टर प्लान बनाकर कार्य करे। राज्य सरकार वाहन निर्माता कंपनी के सहयोग के लिए उनके साथ हमेशा खड़ी रहेगी।

## इडी ने झारखंड हाइकोर्ट में शपथ पत्र दायर कर कहा
# वीरेंद्र राम की 39 करोड़ की संपत्ति जब्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने झारखंड हाईकोर्ट में शपथ पत्र दाखिल कर कहा है कि निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की 39 करोड़ की संपत्ति जब्त की गयी है। झारखंड सरकार भी इस मामले की जांच कर रही है। ग्रामीण कार्य विभाग के तत्कालीन जूनियर इंजीनियर सुरेश प्रसाद के जमशेदपुर आवास से से बरामद ढाई करोड़ रुपए एवं ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की संपत्ति की सीबीआई जांच कराने का आग्रह करने वाली पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में हुई। इसी मामले में ईडी की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया गया। ईडी ने कोर्ट को बताया कि वीरेंद्र राम की 39 करोड़ 28 लाख 82 हजार 578 रुपये की संपत्ति ईडी ने अटैच की है। मामले की अगली सुनवाई 26 जुलाई को होगी।

हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मामले की सुनवाई बुधवार को हुई। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने ईडी और एसीबी को मामले में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था। पूर्व की सुनवाई में प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था की जूनियर इंजीनियर सुरेश प्रसाद के जमशेदपुर आवास से नवंबर 2019 में करीब ढाई करोड़ पर बरामद हुए थे।

(शेष पेज 11 पर)

### अगली सुनवाई 26 जुलाई को

राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि विजिलेंस कमिश्नर से अनुमति मिलने के बाद 9 मई 2023 के बाद वीरेंद्र राम की संपति की जांच शुरू की गयी। कोर्ट ने मामले में प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार को ईडी के जवाब पर अपना प्रतिउत्तर देने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 26 जुलाई को होगी। सुनवाई के दौरान प्रार्थी राजीव कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वीरेंद्र राम के पास अकूत संपत्ति की जानकारी विभागीय मंत्री को नहीं होगी ऐसा संभव नहीं है। सभी के साठगांठ से भ्रष्टाचार का यह खेल हुआ है।

# राज्य की विधि-व्यवस्था पर सीएम आज करेंगे समीक्षा बैठक

■ आज लेंगे विधि व्यवस्था की जानकारी
■ 16 को विभागों के विकास का सच जानेंगे मुख्यमंत्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अरसे बाद आज राज्य की विधि व्यवस्था, मॉब लिचिंग, धर्मांतरण को लेकर हुए अपराध की की बैठक करेंगें। 15 जून को दिन के तीन बजे से प्रोजेक्ट भवन में होनेवाली बैठक में विधि व्यवस्था, वारंट का निष्पादन, अन्वेषणों की अद्यतन स्थिति, अपराध नियंत्रण, सर्टिफिकेट केस की अद्यतन स्थिति, अवैध खनन, अवैध मादक पदार्थ व शराब के अलावा पुलिस से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर की समीक्षा करेंगे। वहीं अगले दिन 16 जून को सीएम दिन के 10 बजे से ही ग्रामीण विकास विभाग की मनरेगा, जेएसएलपीएस, पीएम आवास, बिरसा हरित आवास, पंचायती राज विभाग के पंचायत सचिवालय और 15वें वित्त आयोग से जुड़े विषयों की समीक्षा करेंगे। एसटी, एससी, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, कृषि पशुपालन, पेयजल, खान व भूतत्व, ऊर्जा, राजस्व निबंधन, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य विभागों की निर्माण योजनाओं की भी समीक्षा करेंगे।



### मोदी की हैट्रिक कोई रोक नहीं सकता: राजे

**दुमका, गिरिडीह।** भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधराराजे ने कहा कि पीएम मोदी के नौ वर्षों में हुए कामों को लोगों तक पहुंचायें और बताये कि मोदी है तो मुश्किल नहीं और कांग्रेस है तो मुमकिन नहीं। वसुंधरा राजे ने दावा किया, अब 2024 में उनको हैट्रिक लगाने से कोई नहीं रोक सकता। झारखंड में तीन लाख से अधिक सरकारी पद खाली हैं लेकिन युवाओं को रोजगार नहीं। हां, मुख्यमंत्री को जरूर रोजगार मिल गया है। उनके पास खदानें हैं। दलालों ने भ्रष्ट अफसरों-कर्मचारियों से सांठगांठ कर सेना की जमीन तक बेच डाली। वे गुरुवार को दुमका लोकसभा क्षेत्र के कैरावनी में भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान में बोल रही थी। कहा कि यह 21वीं सदी भारत की है। पहले अखबारों में बम ब्लास्ट देख मन आहत होता था।

## चक्रवात बिपरजॉय का असर, गुजरात में तूफान से पहले भूकंप
# आज टकरायेगा तूफान, तीनों सेना अलर्ट

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** अरब सागर में उठा चक्रवाती तूफान बिपरजॉय खतरनाक रूप ले चुका है और फिलहाल 150 से 165 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। यह तूफान गुरुवार दोपहर गुजरात के कच्छ जिले के जखाऊ में लैंडफॉल करेगा। मौसम विभाग ने नौ राज्यों में अलर्ट जारी किया है। हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ ने इस मुद्दे पर गुरुवार को तीनों सेना प्रमुखों से बैठक की। सेना को अलर्ट कर दिया गया है। आठ जिलों में रहने वाले 37 हजार से ज्यादा लोगों सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। एनडीआरएफ और एसडीआरएक की टीमों को तैनात किया गया है। तूफान के प्रभाव से गुजरात के तटीय इलाकों में तेज बारिश हो रही है। (शेष पेज 11 पर)

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीनों सेना प्रमुखों से की बात



गुजरात में तैनात सीमा सुरक्षा बल की बचाव टीम समुद्री तट की ओर बढ़ते हुए भयंकर चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के कारण उत्पन्न होने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि उन्होंने तीनों सेना प्रमुखों से बात की और चक्रवात 'बिपरजॉय' के लैंडफॉल के लिए सशस्त्र बलों की तैयारियों की समीक्षा की। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सशस्त्र बल नागरिक अधिकारियों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए तैयार हैं।

### 90 मीटर ट्रांसमिशन टॉवर गिराया

चक्रवात बिपारजॉय तूफान के कारण बुधवार को गुजरात के द्वारका में रस्सी से बंधे 90 मीटर ऊंचे एआइआर ने अपने ट्रांसमिशन टॉवर को तोड़ दिया है। यह किसी भी दुर्घटना को रोकने और आसपास के क्षेत्रों में जीवन एवं संपत्ति के नुकसान को कम करने के लिए किया गया है।




# आकाश बायजू, जमशेदपुर केंद्र पर रिया, ईशानी और रुचिका चमके

## नीट -2023 परिणामों में शानदार प्रदर्शन की प्रशंसा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आकाश बायजू के जमशेदपुर सेंटर के विद्यार्थियों ने नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) 2023 में शानदार प्रदर्शन किया है। छात्रों की अद्वितीय सफलता ने एक बार फिर से आकाश इंस्टीट्यूट को मुख्य मेडिकल पेशेवरों की उच्चतम गुणवत्ता के प्रदाता के रूप में स्थापित किया है। सफल छात्र-छात्राओं को आज जमशेदपुर सेंटर में आकाश वायजू के फ्रेंचाइजी हेड राजेश पी नायर, आकाश जमशेदपुर के सेंटर डायरेक्टर राजेश प्रसाद, डिप्टी डायरेक्टर रमण प्रसाद ने सम्मानित किया। इस अवसर पर मार्केटिंग हेड डॉली शर्मा भी मौजूद थीं। छात्र- छात्राओं को संबोधित करते हुए फ्रेंचाइजी हेड राजेश पी नायर ने कहा कि आप सब की सफलता पर हमें गर्व हैं। हमें पूरी उम्मीद है कि मेडिकल कॉलेज में दाखिला लेने के बाद भी कठोर परिश्रम के साथ पढाई जारी रखेंगे, और एक उम्मदा डाक्टर बन कर देश व समाज की सेवा करेंगे।

रिया मेहेजेस, जो तीन साल के नियमित चिकित्सा पाठ्यक्रम बैच में दाखिला ली थी, ने एआईआर 1358 के साथ सेंटर टॉपर रहीं। वह पूरे सत्र में एक नियमित छात्रा रही हैं और अपने सभी वर्गों और परीक्षाओं को गंभीरता से लिया है। दूसरे स्थान पर ईशानी दासगुप्ता है, जो तीन साल के मेडिकल कोर्स में दाखिला ली थी, ने एआईआर 1584 के साथ जमशेदपुर सेंटर में दूसरी स्थान पर रहीं। इन्होने आकाश के शिक्षको और शिक्षण पद्धति की बहुत सराहना की है जो कि एक इंस्टिट्यूट के लिए गौरव की बात है। अन्य शीर्ष सफल छात्र छात्राओं में रुचिका प्रसाद एआईआर 2549 के साथ सेंटर में तीसरे स्थान पर रहीं।



नीट में सफल छात्र आकाश के नेशनल फ्रेंचाइजी हेड राजेश पी नायर, मार्केटिंग हेड डॉली शर्मा, जमशेदपुरके सेंटर डायरेक्टर राजेश प्रसाद और डिप्टी डायरेक्टर रमण प्रसाद के साथ ग्रुप फोटो खिंचवाते हुए।

### आकाश जमशेदपुर के निदेशक ने छात्रों की मेहनत को सराहा

संस्थान के निदेशक, राजेश प्रसाद, सह निदेशक रमन प्रसाद एवं शिक्षकगण ने छात्रों की अद्वितीय प्रदर्शन पर अपने उत्साह को व्यक्त किया। उन्होंने कहा, हम अपने छात्रों को नीट 2023 परीक्षा में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए गर्व महसूस कर रहे हैं। यह उनके समर्पण, मेहनत और हमारे मान्य अध्यापकों द्वारा प्रदान की गई मार्गदर्शन का प्रमाण है। आकाश बायजू, जमशेदपुर केंद्र की टीम हमेशा से उत्कृष्ट शिक्षण सामग्री और समर्थन प्रदान करने का प्रयास करती रही है, जिससे हमारे छात्रों की सफलता सुनिश्चित होती है। आकाश बायजू, अपने विशेषज्ञ अध्यापक, व्यापक अध्ययन सामग्री और रणनीतिक शिक्षण प्रक्रियाओं के लिए प्रसिद्ध है और इसलिए हमेशा ही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में शीर्ष रैंकिंग वाले छात्रों की उत्पत्ति करने में अग्रणी बना रहा है। नीट-2023 में हुए शानदार परिणाम एक बार फिर दशार्ते हैं कि इंस्टीट्यूट उत्कृष्टता के प्रति समर्पित है और प्रतिष्ठित छात्रों को पोषण करने और भविष्य के मेडिकल पेशेवरों का सृजन करने में अटूट सर्मपण रखता है।

इसके बाद यथार्थ राज एआईआर 4034, प्रियांशु पीयूष एआईआर 4276, अभिषेक रंजन एआईआर 4899, कुमार शौर्या एआईआर 7791 सफल रहे। इसके अलावा पल्लव कुमार 639 अंक के साथ एआइआर 10,421, जस्मिन परवीन 637 अंक के साथ एआइआर 10,812, अब्दुल कलाम आजाद 629 अंक के साथ एआइआर 14,425 व प्रत्युश आनंद 623 अंक के साथ एआइआर 16798, देबजीत घोष 622 अंक के साथ 17271 एआइआर, मान्या शर्मा 622 अंक के साथ एआइआर 17373, जिश्ना कुमारी 612 अंक लाकर एआइआर 22,107, इशिता पॉल 612 अंक लाकर 22243 एआइआर, देदिप्य अधिकारी 604 अंक लाकर 26903 एआइआर, करण कुमार 605 अंक लाकर एआइआर 26,163, सिद्धि मिश्रा 607 अंक लाकर एआइआर 24904 रहीं हैं।

## हर दिन फोकस होकर मात्र 3 घंटे पढ़ती रही : रिया

रिया मेहेजेस ने नीट-2023 में 682 अंकों की बदौलत ऑल इंडिया रैंक 1358 हासिल किया है और वे आकाश जमशेदपुर की सेंटर टॉपर हैं। अपनी तैयारी के बारे में रिया ने खबर मन्त्र को बताया, मैं कारमेल जुनियर कॉलेज से पढ़ी हूं। जहां तक तैयारी की बात है तो आमतौर पर मैं तीन घंटे फोकस होकर पढ़ती थी। पढ़ाई और फन के बीच बैलेंस बना कर चलती थीं। दोस्तों से मिलना,मूवी देखना भी होता था। ऐसा नहीं था कि खाली पढ़ते ही जा रहे हैं। पढाई और रुटीन लाइफ में संतुलन जरुरी है। इसलिए मैंने रुटीन लाइफ पर कोई असर नही पडने दिया। मेरी मम्मी मधु मेहेजेस और पापा थियो मेहेजेस जो दुबई में काम करते हैं,हमेशा मुझे हौसला देते थे। मम्मी मेरी कारमेल जूनियर कॉलेज में टीचर हैं। माता-पिता हमेशा बोलते थे कि तुम जो चाहो कर सकती हो। तुम्हारे में सपना पूरा करने की क्षमता है। उन्होंने कभी अपना पसंद थोपा नहीं कि तुम्हे डॉक्टर बनना है। यह मेरी पसंद है। माता-पिता काफी सपोर्टिंग रहे।



आकाश के फ्रेंचाइजी हेड राजेश पी नायर से मोमेंटो ग्रहण करते हुए सेंटर टॉपर रिया मेहेजेस अपनी शिक्षिका मां मधु के साथ।

## पढ़ने बैठी तो चैप्टर खत्म करके ही उठी : ईशानी दासगुप्ता

ईशानी दासगुप्ता नीट-2023 में 680 अंकर लाकर ऑल इंडिया रैंक 1584 हासिल किया है वे आकाश जमशेदपुर सेंटर की सेकेंड टॉपर हैं। अपनी सफलता के बारे में खबर मन्त्र से बात करते हुए ईशानी दासगुप्ता ने कहा कि सबसे अच्छी बात मेरे लिए यह रही कि मुझे बहुत अच्छे शिक्षक मिले। आकाश के शिक्षकगण जैसे होमवर्क देते थे मैं करती गई। यह मायने नहीं रखता कि नीट की तैयारी के लिए आप कितना घंटा पढ़ते हैं। होना यह चाहिए कि जो चीज पढ़ रहे हैं उसे खत्म करके ही टेबुल से उठें। वो अधूरा छुटना नहीं चाहिए। मैं अपने जूनियर साथियों से कहना चाहूंगी -डॉन्ट लूज हार्ड, कभी नहीं सोचें कि यह नहीं होगा, नीट इज जस्ट लगे रहो, और कुछ नहीं करना है, बस तैयारी में लगे रहना है। जहां तक स्कूलिंग की बात है तो मैं दसवीं तक सेक्रेट हार्ट स्कूल में पढ़ी और प्लस टू की पढाई लोयोला से की। मेरी मां मधुमिता दासगुप्ता लोयोला में टीचर हैं जबकि मेरे पिता दीपांकर दासगुप्ता टाटा स्टील में काम करते हैं। मैं नीट की तैयारी में अपनी मां के सहयोग और पापा के प्रोत्साहन को कभी नहीं भूल सकती।



ईशानी दासगुप्ता अपने मम्मी-पापा के साथ।

## मेरी जिद थी, नीट निकालना है तो निकालना है : रुचिका प्रसाद



थर्ड टॉपर रुचिका प्रसाद अपने मम्मी-पापा के साथ।

रुचिका प्रसाद ने नीट-2023 में 671 अंक लाकर 2549 एआइआर हासिल किया है। अपनी सफलता के बारे में उन्होंने खबर मन्त्र से बातचीत की। रुचिका ने बताया, मेरे पापा सुरेंद्र प्रसाद रेलवे इम्पलाई हैं जबकि मम्मी कंचन कुमारी हाउस वाइफ हैं। वे हमेशा सपोर्टिव रहें। यह मेरा यह तीसरा एटेम्पट है। मैंने दो ड्रॉप लिया था। लॉक डाउन के दौरान पढ़ाई में काफी दिक्कत हुई थी। 2022-23 सेशन ज्वाइन किया तो हर दिन करीब 10 घंटे पढा करती थीं। कोचिंग में चार घंटे पढ़ती थी तो घर लौट कर 7 या आठ घंटे पढ़ती थी। मैंने पहली बार ड्रॉप लिया तो सहा नहीं जाता था क्योंकि मेरे सारे दोस्त क्वालिफाई कर कॉलेज लाइफ इंज्यॉय कर रहे थे। मैंने मन की सुनी, खूब मेहनत की और सफलता मिली क्योंकि मुझे यहीं चाहिए तो यही चाहिए।

स्पीड न्यूज

### मन का मिलन पखवाड़ा में दो जोड़े बिछड़े दंपती के मन को मिलाया

**जमशेदपुर।** झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार जमशेदपुर द्वारा आयोजित मन का मिलन पखवाड़ा एवम स्पेशल ड्राइव के तहत मिडियेटर मौसमी चौधरी ने न्याय सदन में दो जोड़े बिछड़े दंपति को समझौता द्वारा मिलवाने का काम किया। ये दोनो जोड़े दंपति पिछले कई महीनों से एक साथ न रहकर अलग अलग रह रहे थे। इनका विवाद आपस में इतना बढ़ गया था कि दोनों का मामला फैमिली कोर्ट तक पहुंच गया। मन का मिलन पखवाड़ा एवम स्पेशल ड्राइव में कोर्ट से यह मामला मिडियेशन के लिए न्याय सदन में भेजा गया, जहां डालसा सचिव नीतिश निलेश सांगा के सफल निर्देशन में और मिडियेटर मौसमी चौधरी के सकारात्मक प्रयास से दोनों पक्षों को आपसी समझौता द्वारा विवाद को समाप्त कराया गया तथा दोनों दंपति आपसी मतभेद को भूलकर एक साथ रहने को राजी हुए। एक दंपति का नाम रितु देवी बनाम वीरेन्द्र रजक है वहीं दूसरे का नाम किरण बनाम मनीष रजक है।

### गम्हरिया : सरकारी जमीन पर बनाये गये बाउंड्री वाल को प्रशासन ने तोड़ा



**गम्हरिया।** सीओ मनोज कुमार के निर्देश पर सीआई मनोज कुमार सिंह ने अंचल अंतर्गत यशपुर मौजा में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर बनाए गए बाउंड्री वॉल को बुलडोजर से ढाह दिया है। सीआई मनोज कुमार सिंह ने बताया कि उक्त मौजा में खाता नंबर 128, प्लाट नंबर 101(पी) में 0.58 एकड़ सरकारी जमीन है। इसमें से भूमाफियाओं ने 0.02 एकड़ सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर बाउंड्री वॉल बनाया था। बुधवार को गम्हरिया पुलिस के सहयोग से अवैध कब्जा वाली 0.02 एकड़ को कब्जामुक्त कराया गया। हांलाकि कुछ लोगों ने इसका विरोध किया है लेकिन प्रशासन के सामने उनकी एक न चली। इसमें अंचल अमीन ए भगत समेत राजस्व कर्मचारी समेत पुलिस बल मौजूद थे।

### संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से मोबाइल लेकर भाग रहा नाबालिक गिरफ्तार

**गम्हरिया।** ट्रेन में यात्री का मोबाइल चुराकर भाग रहे नाबालिग को आरपीएफ पुलिस ने धर दबोचा। कांड्रा आरपीएफ प्रभारी नागेंद्र सिंह ने बताया कि नाबालिग लड़का दिल्ली से भुवनेश्वर जाने वाली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस (जिसका कांड्रा स्टेशन पर स्टापेज नहीं है) ट्रेन से उतरकर संदिग्ध अवस्था में प्लेटफार्म के बाहर निकल रहा था। इस दौरान जांच पड़ताल की गई तो नाबालिग लड़के के जेब से चुराए गए दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन मिला। पूछताछ करने पर उसने यात्रियों से चोरी करने की बात स्वीकार कर लिया है। उसने दोनों फोन का सिम निकाल लिया था। दोनों मोबाइल पर सिम लगाने पर एक में बक्सर बिहार निवासी यात्री धीरज कुमार का कॉल आया। उन्होंने अपनी फोन चोरी होने की बात कही।

# टाटा स्टील इस्तेमाल करेगी एसएमएस की डीकार्बोनाइजेशन तकनीक, ई-ब्लास्ट फर्नेश से निकलने वाले सीओ-2 में होगी कमी

## ईजीमेल्ट प्रोद्योगिकी के लिए जर्मनी की कंपनी के साथ हुआ एमओयू





खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर/मुंबई।** टाटा स्टील लिमिटेड और जर्मनी के एसएमएस ग्रुप ने स्टील मेकिंग प्रक्रिया के डीकाबोर्नाइजेशन पर सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू के तहत, कंपनियां आगे चलकर एसएमएस ग्रुप द्वारा विकसित ईजीमेल्ट प्रौद्योगिकी के संयुक्त औद्योगिक प्रदर्शन के संचालन के लिए तकनीकी चर्चा और कार्रवाई शुरू करेंगी।

यह परीक्षण टाटा स्टील के जमशेदपुर संयंत्र में 'ई' ब्लास्ट फर्नेस में किया जाएगा, जिसका उद्देश्य ब्लास्ट फर्नेस के बेसलाइन ऑपरेशन से सीओ-2 उत्सर्जन को 50% से अधिक कम करना है।

### ग्रीन स्टील उत्पादन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : टीवी नरेंद्रन

टी वी नरेंद्रन, सीईओ और एमडी, टाटा स्टील ने कहाः टाटा स्टील सक्रिय रूप से ग्रीन स्टील उत्पादन में परिवर्तन की सुविधा के लिए समाधानों की तलाश कर रही है, और इस प्रकार एक सस्टेनेबल भविष्य के निर्माण में योगदान करती है।

इसके अलावा, भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक होने के नाते टाटा स्टील जैसे बड़े निमार्ताओं पर देश की डीकाबोर्नाइजेशन यात्रा का नेतृत्व करने के लिए एक बड़ी जिम्मेदारी डालता है। हमें एसएमएस ग्रुप के साथ अपनी साझेदारी की फिर से पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है और हम सार्थक एवं सुसंगत तरीके से हमारे कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए बेहतर प्रौद्योगिकियों और प्रक्रियाओं तक पहुंच बनाने के लिए गहन सहयोग के साथ इस साझेदारी को आगे बढ़ाने का इरादा रखते हैं।

### क्या है ईजीमेल्ट टेक्रोलोजी

ईजीमेल्ट (इलेक्ट्रिक-असिस्टेड सिनगैस स्मेल्टर) तकनीक एक अत्याधुनिक आयरनमेकिंग समाधान है जिसे डीकाबोर्नाइजेशन में तेजी लाने के लिए मौजूदा एकीकृत इस्पात संयंत्रों में लागू किया जा सकता है। प्रौद्योगिकी का मूल कोक ओवन गैस में सुधार के माध्यम से सिनगैस उत्पादन के लिए ब्लास्ट फर्नेस टॉप गैस रीसाइक्लिंग का उपयोग करता है। इसके बाद परिणामी सिनगैस को शाफ्ट और ट्यूयर दोनों स्तरों पर इंजेक्ट किया जाता है, साथ ही ट्यूयर स्तर पर इंजेक्ट की गई गैस को प्लाज्मा टॉर्च सिस्टम का उपयोग करके गर्म किया जाता है।

### ब्लास्ट फर्नेस के लिए ग्लोबल बेंचमार्क बनेगा जमशेदपुर : डाहमेन

एसएमएस ग्रुप के सीईओ बुर्खार्ड डाहमेन ने कहा, ?हमें टाटा स्टील जैसे बड़े स्टील निमार्ता के साथ साझेदारी पर बहुत गर्व है, और हम भविष्य में अपनी बातचीत के साथ-साथ अपनी ईजीमेल्ट तकनीक के लिए पहला संयुक्त संदर्भ प्राप्त करने की संभावना की। यह दुनिया भर में मौजूदा ब्लास्ट फर्नेस संयंत्रों के डीकाबोर्नाइजेशन के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा और इस प्रकार इस्पात निर्माण के वैश्विक रूपांतरण में भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगा। टाटा स्टील डीकाबोर्नाइजेशन को प्राथमिकता दे रही है और 2045 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन हासिल करने का लक्ष्य रखा है। इस साल की शुरूआत में, टाटा स्टील ने अपने जमशेदपुर संयंत्र में ई ब्लास्ट फर्नेस में रिकॉर्ड उच्च हाइड्रोजन गैस इंजेक्शन के लिए सफलतापूर्वक परीक्षण किया था।

### आकाश बोकारो सेंटर में रणित रॉय को मिला एआइआर 338

**जमशेदपुर/बोकारो।** बोकारो से आकाश वायजू के रणित रॉय छात्रों ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा (नीट) यूजी 2023 में प्रभावशाली परिणाम हासिल करके संस्थान को गौरवान्वित किया है, जिससे उनके माता-पिता और संस्थान के पूरे स्टाफ को बहुत खुशी हुई है। शीर्ष स्कोरर रमित मंडल, प्रशांत कुमार झा, खुशी भारती, वेंकटेश, सिफा प्रवीण, आयुषी, मोहित कुमार, निशा, सुभम कुमार साहू, श्रेया राय, हर्षित राज, हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज नतीजे घोषित किए। दुनिया की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षा मानी जाने वाली नीट को क्रैक करने के लिए छात्र दो साल के क्लासरूम प्रोग्राम में में शामिल हुए। उन्होंने एनईईटी में टॉप पर्सेंटाइल की विशिष्ट सूची में अपने प्रवेश का श्रेय अवधारणाओं को समझने के अपने प्रयासों और अपने सीखने के कार्यक्रम के सख्त पालन को दिया। छात्रों ने कहा कि हम आभारी हैं कि आकाश वायजू ने हमारी मदद की है। अन्यथा हम बहुत कम समय में विभिन्न विषयों में कई अवधारणाओं को नहीं समझ पाते। छात्रों को बधाई देते हुए, अभिषेक माहेश्वरी, सीईओ, आकाश बायजूस ने कहा, हम छात्रों को उनके अनुकरणीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं।



## गरीबों, शोषितों के उत्थान को समर्पित है मोदी सरकार : रघुवर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर जमशेदपुर महानगर अंतर्गत पूर्वी विधानसभा में बुधवार को संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन किया गया। भाजपा जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में बारीडीह स्थित सेलिब्रेशन इन में आयोजित संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद विद्युत वरण महतो, जिलाध्यक्ष गुंजन यादव मुख्यरूप से शामिल हुए। सम्मेलन में वक्ताओं ने मोदी सरकार की नौ साल की उपलब्धियां गिनाई। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 9 साल गरीब कल्याण और जनसेवा को समर्पित हैं। पिछले नौ वर्षों में हर वर्ग के लिए योजनाएं बनाईं और उनका लाभ जनता तक सफलतापूर्वक पहुंचाया।



कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास।

दास ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार भारत के इतिहास में और विश्व में सबसे ज्यादा लोकप्रिय सरकार है। मोदी जी के में केंद्र सरकार गरीब, शोषित, वंचित, दलित, पीड़ित, पिछड़ा वर्ग के कल्याण एवं आदिवासियों के उत्थान के प्रति समर्पित सरकार है। वहीं, सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि आज भारत तेजी से पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व के शक्तिशाली देशों को पछाड़ कर आगे बढ़ रहा है। मोदी जी एक मात्र ऐसे नेता हैं जो भारत के गरीब एवं शोषित जनता की पीड़ा को परिवार के सदस्य की भांति महसूस करते हैं। मोदी सरकार की सभी योजनाएं गरीब कल्याण को समर्पित है।

इस दौरान अध्यक्षीय भाषण भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुँजन यादव, मंच संचालन जिला महामंत्री राकेश सिंह, स्वागत संबोधन ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद एवं धन्यवाद ज्ञापन महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ज्योति अधिकारी ने किया।

# नीट (यूजी)-2023 परिणाम : नारायणा जमशेदपुर में मेघना बनी सेंटर टॉपर

खबर मन्त्र ब्यूरो





**जमशेदपुर।** साकची स्थित देश की अग्रणी इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान 'नारायणा आईआईटी/नीट एकेडमी, जमशेदपुर' के छात्र-छात्राओं ने पुनः एक बार नीट (यूजी.)-2023 में अपार सफलता अर्जित की है। नारायणा के जमशेदपुर सेन्टर के निदेशक श्याम भूषण ने कहा कि जेईई (मेन) में श्रेष्ठता साबित करने के बाद नीट प्रतियोगिता परीक्षा में भी नारायणा के छात्रों ने धमाकेदार प्रदर्शन किया।

श्याम भूषण ने पुनः कहा कि नारायणा के जमशेदपुर सेन्टर से मेघना (ऑल इंडिया रैंक-13905), एस. शिवानी नायडु (ऑल इंडिया रैंक-15207) को स्थान हासिल हुआ है, इसके अलावा अन्य सफल छात्रों में पियुष, स्नेह प्रतीक गोपाल, संगीता गुप्ता, शुभम मोदक, राजाश्री विश्वास, जसमीन हेम्ब्रम, निर्मला सिंह, शुभांगिनी विरूली, सौरभ खालको, हर्ष राज, पुनम मुर्म, महेन्द्र गागराई छात्र-छात्राएं ने सफलता हासिल की है, जिसकी गणना अभी भी जारी है जिसमें और अधिक छात्रों के सफल होने की संभावना है। नारायणा के जमशेदपुर सेन्टर के निदेशक श्याम भूषण ने सफल छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा कि आगामी जेईई. (एडवान्स) - 2023 की रिजल्ट में भी शहर के टॉपर नारायणा के छात्र-छात्राए होंगे। नारायणा आईआईटी/नीट एकेडमी न केवल अपने बेहतर शिक्षक, कोर्स मेटेरियल्स के लिए विख्यात है, बल्कि बेहतर अनुशासित शैक्षणिक वातावरण एवं एक पूर्ण लाईब्रेरी के अलावा सबसे महत्वपूर्ण कि नारायणा द्वारा पूरे भारत स्तर पर एक एकेडेमिक कैलेण्डर के तहत योजनाबद्ध तरीके से तैयारी करायी जाती है। पुनः श्याम भूषण ने कहा कि नारायणा जमशेदपुर सेन्टर में प्रत्येक साप्ताहिक टेस्ट भी पूरे भारत स्तर पर आयोजित की जा रही है। जिससे छात्र-छात्राओं को प्रत्येक सप्ताह अपने आत्म अवलोकन के लिए ऑल इंडिया स्तर पर उनकी रैंकिंग का पता चलता है अर्थात जमशेदपुर सेन्टर में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को केवल अपने कक्षा में पढ़ रहे विद्यार्थियों से कम्प्टीशन नहीं बल्कि उनका कम्प्टीशन पूरे भारत स्तर पर नारायणा में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं से हो रही है। पुनः उन्होंने कहा कि नारायणा न केवल इंजिनियरिंग एवं मेडिकल इन्स्टीच्यूट के रूप में बल्कि एक ग्रुप के रूप में नारायणा अपनी इंजिनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, डेन्टल कॉलेज, जूनियर कॉलेज आदि के लिए पूरे भारत में अपना एक अहम स्थान रखता है।

## खबर एक नजर में

### भागीरथवंशी आत्मा शांति नारायण महायज्ञ शुरू



**जमशेदपुर।** आदित्यपुर जयप्रकाश उद्यान बुधवार को सनातन धर्म के एक बड़े उत्सव भागीरथवंशी आत्मा शांति नारायण महायज्ञ का साक्षी बना। सैकड़ों लोग यज्ञ स्थल पर पहुंचे। आम से लेकर खास लोग यज्ञ में सहयोग किये। तीन दिवसीय यज्ञ उत्सव के प्रथम दिन बुधवार को झंडोत्तोलन एवं कलश यात्रा आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। सर्व प्रथम प्रातः आठ बजे झंडोत्तोलन एवं पूजन हुआ। तत्पश्चात पारंपरिक वेशभूषा में गायत्री परिवार की बहनों के सहयोग से कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान महिलाएं माथे पर कलश उसमें नारियल लीं थी, जुलूस की शक्ल में सभी चित्रकुट घाट पहुंचकर कलश में जल भरकर वापस यज्ञ स्थल पर पहुंची। इस दौरान गाजे बाजे एवं घोड़े की सवारी के साथ कलश यात्रा के झांकी की शोभा दर्शनीय रहा। कलश यात्रा के दौरान सनातन की जय हो, विश्व का कल्याण हो के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। झंड़ातोलन के कार्यक्रम में बतौर अतिथि विधायक सरयू राय, यज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक हरिबल्लभ सिंह आरसी, यज्ञ समिति के अध्यक्ष रमेश कुमार, शिवपूजन सिंह, ब्रम्हर्षि समाज के अध्यक्ष राम प्रकाश पांडेय, एके श्रीवास्तव, श्रीकृष्ण मेमोरियल संघ, बागबेड़ा के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार सिंह, सतीश सिंह, सुधीर कुमार, दीपक कुमार, कन्हैया दुबे, मिथिलेश प्रसाद श्रीवास्तव समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### रघुवर पहुंचे पप्पू के घर, ढांढस बंधाया



जमशेदपुर। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के संरक्षक सरदार गुरदीप सिंह पप्पू के घर पहुंचे। उनकी मां सरदारनी बचन कौर के निधन पर शोक संवेदना जाहिर किया और परिजनों को ढाढस बंधाया। वरिष्ठ भाजपा नेता पप्पू के पिता एवं रागी गुरुदयाल सिंह से भी मिले और उनसे उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की और हौसला रखने को कहा। उन्होंने कहा कि बचन कौर सब कुछ देख गई है और उनके आशीर्वाद से ही परिवार भरा पूरा है और ईश्वर की इस रजा में रहना है। उनके साथ भाजपा महानगर महासचिव राकेश कुमार सिंह भाजपा नेता भूपेंद्र सिंह एवं अन्य थे। कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री प्रदीप कुमार बलमुचू भी पप्पू के सीतारामडेरा स्थित आवास पहुंचे और परिजन से मिलकर अपनी शोक संवेदना जाहिर की। बता दें कि गत 8 जून को सरदारनी बचन कौर का निधन हो गया और 17 जून शनिवार की दोपहर साढ़े बारह बजे साकची गुरुद्वारा साहिब में अंतिम अरदास होगी।

### जेएसए लीग : रियल इंडिया स्पोर्टिंग क्लब ने आदिवासी क्लब को 1-0 से हराया



जमशेदपुर। राम प्रसाद समद के एकमात्र गोल की मदद से रियल इंडिया फाउंडेशन क्लब ने टिनप्लेट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए जेएसए लीग में अपने ए डिवीजन (ग्रुप ए) मैच में आदिवासी रितुई गोंडई क्लब को 1-0 हराया। राम प्रसाद समद भले ही 27वें मिनट में पहला गोल करने के बाद उत्साहित थे, लेकिन वह उत्साह जल्द ही उदासी में बदल गया क्योंकि उन्हें मैच के 42वें मिनट में दूसरा पीला कार्ड मिला। हालंकि उनके बाहर जाने के बावजूद रियल इंडिया फाउंडेशन ने सभी तीन अंक हासिल कर लिए। ए डिवीजन के ग्रुप बी में बहार दिसोम फुटबॉल टीम ने सुमंत मूलगांवकर स्टेडियम में सरना.कॉम एफसी के साथ 0-0 से ड्रॉ खेला, जबकि सिद्धू कानू मेमोरियल क्लब ने युवक जागृत एसोसिएशन को आर्मरी ग्राउंड में एक मनोरंजक मुकाबले में 2-1 से हराया। गोपाल मैदान में सुपर डिवीजन पूरे प्रवाह में था क्योंकि जंगल टाइगर फुटबॉल अकादमी ने दलमा टाइगर एफसी को 3-0 से हराया, जबकि प्रीमियर डिवीजन के मुकाबले में जमशेदपुर बॉयज क्लब ने जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सेर्सा के साथ 1-1 से ड्रा खेला।

### डीसी ने पशुपालन विभाग की समीक्षा की



**जमशेदपुर।** डीसी विजया जाधव ने कृषि एवं पशुपालन विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में बिंदुवार विभागीय योजनाओं में प्रगति की समीक्षा की। किसानों के ऋण माफी की अधतन स्थिति, केसीसी, धान बीज वितरण तथा केन्द्रीय योजना/ राज्य योजना के तहत पशुधन विकास योजना में बकरा, सुकर, बैकयार्ड लेयर कुक्कुट, ब्रायलर कुक्कुट पालन, बत्तख चूजा वितरण में प्रगति एवं मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत दुधारू गाय वितरण की जिले की वस्तुस्थिति से अवगत हुईं। उपायुक्त ने कहा कि किसानों को लाभान्वित करने से जुड़ी योजनाओं पर समय से पूर्व तैयारी की जाए। यदि समय से किसानों को लाभ नहीं मिला तो उनकी मेहनत व्यर्थ चली जाएगी। किसानों की पसंद के अनुरूप उन्हें पशुधन योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किए जाने की भी बात कही। बैठक में निदेशक डीआरडीए श्री सौरभ सिन्हा, निदेशक एनईपी श्रीमती ज्योत्सना सिंह, डीएसओ श्री राजीव रंजन, डीटीओ श्री दिनेश रंजन, एसओआर श्री दीपू कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी श्री मिथिलेश कालिंदी, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. सुरेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

### मारवाडी युवा मंच के शिविर में 54 यूनिट रक्तदान

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस पर पुलिस लाइन गोलमुरी में आयोजित मेगा ब्लड कैंप के चौथे दिन का सफल समापन। 54 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन गोलमुरी में मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा द्वारा आयोजित मेगा ब्लड कैंप का आज चौथा दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को ड्यूराप्लास्ट द्वारा प्रायोजित किया गया था।

## स्पीड न्यूज

### मनोज जायसवाल ने किया पलामू के प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त का पदभार ग्रहण



**मेदिनीनगर।** मनोज जायसवाल (भा०प्र०से०) ने बुधवार को पलामू के प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया। वे 2010 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। आयुक्त कार्यालय में आयुक्त के सचिव मतियस विजय टोप्पो, पलामू क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के सचिव अनवर हुसैन ने प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त का स्वागत किया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी नए प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त का स्वागत किया। पदभार ग्रहण के उपरांत आयुक्त ने अधिकारी एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। मनोज जायसवाल, आयुक्त दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, रांची के पद पर पदस्थापित हैं और उन्हें पलामू प्रमंडल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। आयुक्त पलामू में सप्ताह में 2 दिन उपलब्ध रहेंगे।

### रंजीत जायसवाल ने चलाया सदस्यता अभियान



**छतरपुर पलामू।** छतरपुर प्रखंड में झामुमो का सदस्यता अभियान चलाया गया। इसका शुभारंभ पार्टी प्रभारी रंजीत जायसवाल एवं छोटू त्रिपाठी ने ने सदस्य को सदस्यता पर्ची प्रदान कर किया । इस मौके पर बबलू चौधरी, अंकुर जायसवाल, नागेश राम, सुरेंद्र सिंह, मुन्नी बैगा, राधेकृष्णा यादव, हीराराम, सुरुजदेव यादव राजू जायसवाल, विनोद राम, पंकज कुमार राम, अवधेश साव समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। मौके पर प्रभारी रंजीत जायसवाल ने कहा की आने वाले समय में झारखंड मुक्ति मोर्चा सूबे की सबसे बड़ी पार्टी होगी। इसका जनाधार दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। जायसवाल ने हेमंत सरकार के कार्यो की सराहना की।

### लोकसभा चुनाव को लेकर सांसद ने भाजपा कार्यकर्ताओं को दिये निर्देश



**हरिहरगंज पलामू।** शहर के रानी मैरज हॉल में बुधवार को भाजपा प्रखंड अध्यक्ष बल्लू बलराम की अध्यक्षता में कार्यकर्ता बैठक आयोजित की गई। इसमें मुख्य अतिथि सांसद बिष्णु दयाल राम कार्यकर्ताओं से रूबरू होकर आसन्न लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कई दिशा निर्देश दिया। इससे पहले सांसद को कार्यकर्ताओं ने सेमरवार, न्यू सब्जी मंडी स्थित नयन होटल सह रेस्टुरेंट तथा रानी मैरिज हॉल में फूल माला देकर स्वागत किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अरूण मिश्रा, प्रदेश किसान मोर्चा सदस्य मुन्ना विश्वकर्मा, जिला कार्यसमिति सदस्य सत्येन्द्र मेहता, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, युवा मोर्चा अध्यक्ष चंदन जयसवाल, मंत्री सनोज गुप्ता, धर्मेन्द्र कुमार,दिनेश प्रसाद, सत्येन्द्र पासवान, रघुनंदन साव, सिकन्दर पासवान, विजय मिश्रा, विनय विश्वकर्मा, अनुपमा देवी, रानी देवी, विक्की पटेल, करण राजवीर, सत्येन्द्र, महेन्द्र, अर्जुन, विजय,भीष्म नारायण, सिकन्दर, अशोक,भीमसेन शर्मा, ललन, अवधेश, भीष्म सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

### सांसद बीडी राम ने जय दुर्गे हीरो बाइक शोरूम का किया उदघाटन



**हरिहरगंज पलामू।** शहर के लोकल बस स्टैंड के समीप एनएच 98 किनारे स्थित जय दुर्गे ऑटो हीरो बाइक शोरूम का बुधवार को पलामू सांसद बीडी राम ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान सांसद ने ग्राहक को नई बाईक की चाबी सौंपी। सांसद ने कहा कि शोरूम खुलने से एक ओर जहां आस पास के लोगों के लिए हीरो कंपनी की बाईक खरीदने की सुविधा मिलेगी। वहीं बाईक सर्विसिंग का लाभ भी मिलेगा। उक्त शोरुम के प्रोपराइटर राकेश चौबे ने कहा कि शोरूम खुलने से क्षेत्र के लोगों को अब हीरो कम्पनी के बाईक के लिए बाहर नही जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के संस्थान खुलने से कई बेरोजगार युवकों को रोजगार भी उपलब्ध होता है। मौके पर को आपरेटिव चेयरमैन प्रफुल्ल कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, सत्येंद्र मेहता, नवीन कुमार दूबे, अनुज चौबे, मुन्ना विश्वकर्मा, विजय प्रजापति, कृष्णा साव, अमीन खां,रामनाथ सिंह, कपेश्वर सिंह, शशिनाथ चौबे, अमित चौबे, सुशील चौबे, संतोष चौबे, सिकंदर पासवान, सतेन्द्र पासवान आदि उपस्थित थे।

### पाटन बाजार से शुरू हुआ झामुमो का सदस्यता अभियान, कई लोग हुए शामिल



**पाटन पलामू।** पाटन बाजार परिसर में झारखंड मुक्ति मोर्चा पाटन के द्वारा सदस्यता अभियान का प्रारंभ किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने सदस्यता ग्रहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रंजीत सिंह ने की मंच संचालन विरेन्द्र पासवान ने किया। मौके पर सदस्यता प्रभारी के तौर पर झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, प्रदीप सिंह, अनुराग सिंह उपस्थित थे। मौके पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने मुख्यमंत्री एवं सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनोपयोगी योजनाएं के बारे में विस्तार से बताया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष के द्वारा बताया गया कि प्रखंड के हर पंचायत में सदस्यता शिविर लगाया जायेगा। सरकार के किये गये कार्यों से प्रेरित होकर समाज के हर तबके के लोग झामुमो से जुड़ रहे हैं। सदस्यता अभियान कार्यक्रम में दीनदयाल सिंह, पप्पु सिंह, ईश्तखार अंसारी, कमेश पाण्डेय, नवल कुमार रवि ,सुरेन्द्र उरांव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### विधायक प्रतिनिधि की उपस्थिति में दंगवार सूर्य मंदिर परिसर की हुई मापी



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद प्रखंड के महत्वपूर्ण दंगवार सोन नदी तट स्थित सूर्य मंदिर परिसर की घेराबंदी को लेकर बुधवार को विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह की उपस्थिति में मापी की गई। मापी के बाद प्रकलान बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मापी के बाद विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने विधायक कमलेश कुमार सिंह को वस्तुस्थिति की जानकारी दी। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ग्रामीणों के बीच ऑनलाइन संबोधन किया। उन्होंने कहा कि दंगवार की जनता ने उन्हें जो काम सौंपा था, उसे वह पूरा कराकर सौभाग्यशाली मानते हैं। मंदिर परिसर को भविष्य में और सुंदर बनाया जायेगा। मौके पर लाल बहादुर सिंह, विवेक प्रसाद गुप्ता, संतोष राम, राजकुमार ठाकुर, हसन खलीफा, जीतू चौधरी, नंदलाल चौधरी,सुधीर ठाकुर, चंदन राम, अवधेश प्रसाद गुप्ता,प्रिंस शर्मा के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### दीपौवा हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर को मिला झारखंड में पहला स्थान : रामानंद



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड में बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति पाटन के अध्यक्ष रामानंद पांडे, व उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि महा गठबंधन सरकार के प्रयास का प्रतिफल है कि पाटन प्रखंड के दीपोवा मे हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर का भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरे झारखंड में स्वास्थ्य की फैसिलिटी के लिए प्रथम स्थान दिया गया।

# शहर की पहचान है स्टेशन रोड, अब दिखेगी शहर की छवि : अरुणा शंकर

## शहर का शान होगा एमजी रोड : प्रथम मेयर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने बताया कि बुधवार से स्टेशन रोड के टूटे-फूटे मुख्य रोड का कालीकरण प्रारंभ करा दिया गया। प्रथम महापौर ने कहा कि यह मार्ग शहर की पहचान है। जब बाहर से आने वाले लोग स्टेशन से उतरते थे तो टूटे-फूटे रोड को देखकर शहर के विकास की धारणा अपने मन में गलत बनाते थे जिसकी छवि बदलने के लिए मैंने एवं वहां के पार्षद ने मिलकर डिवाइडर युक्त कालीकरण रोड की रूपरेखा तैयार की थी जिसमें डिवाइडर का निर्माण, रंग रोगन, प्लांटेशन, लाइट तो हम लोगों ने पहले ही करा दिया था पर किसी तकनीकी त्रुटि के कारण रोड कालीकरण का कार्य रुक गया था जिसकी त्रुटि को पूर्ण कर आज से स्टेशन रोड कालीकरण का कार्य शहर के बेहतरीन संवेदक पम्मी सरदार के द्वारा कराना प्रारंभ कर दिया गया। जिसे एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करा लिया जाएगा। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने बताया कि जल्द शहर का लाइफ लाइन माने जाने वाला महात्मा गांधी मार्ग (कचहरी रोड) से भी खतरनाक लोहे का डिवाइडर हटेगा और चंद्रशेखर आजाद चौक (रेडमा चौक) से डॉ राजेंद्र प्रसाद चौक तक बड़े शहरों के तर्ज पर कंक्रीट डिवाइडर, प्लांट्स, लाइट लगा कर एम.जी रोड की खूबसूरती और सुरक्षा के साथ आवागमन सुव्यवस्थित कर दिया जाएगा। इस योजना की स्वीकृति हमलोगों ने अपने कार्यकाल में ही देकर कार्य को प्रारंभ करा दिया था जिसका कार्य एक माह के अंदर पूर्ण होने पर महात्मा गांधी मार्ग शहर की शान बन कर उभरेगा।








प्रथम मेयर अरूणा शंकर, बुधवार से स्टेशन रोड के टूटे-फूटे मुख्य रोड का कालीकरण का कार्य प्रारंभ।

# साजिश के भरोसे है वर्तमान विधायक डॉ मेहता की राजनीति : पूर्व विधायक बिट्टू सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** छोटू हत्याकांड में पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता द्वारा पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह दिए गए बयान पर पूर्व विधायक देवेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बीटू सिंह ने बर्तमान विधायक पर कड़ी आपत्ति जताया है।

पूर्व विधायक सिंह ने कहा है कि पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता खुद में एक साजिशकर्ता हैं जो साजिश करने में महारत हासिल किए हुए हैं। जब उनके कार्यकर्ता रोहित सिंह गोली काण्ड का आरोपी बना तो मेहता अब अपने कार्यकर्ता को पूर्व विधायक के संरक्षण प्राप्त कर अपने को पाक साफ करना चाहते हैं। लेकिन अब इनके द्वारा दिए गए बेतुका बयान को आम आवाम भली भांति समझ रहे हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि मेहता अपने मनगढ़ंत साजिश से लोगों को दिग्भ्रमित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि छोटू हत्याकांड में अभी छोटू का चिता का आग ठंडा भी नहीं हुआ था कि विधायक मेहता का मृतक के घर पर जाकर बयानबाजी करना कहीं से भी उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि इस हत्या कांड के आरोपी रोहित सिंह के बारे कहा गया है कि रोहित सिंह का पूर्व विधायक से संरक्षण प्राप्त है। मेहता को बयान देने से पहले एक बार जानकारी प्राप्त करना चाहिए था कि रोहित सिंह के द्वारा चुनाव के गिनती समाप्त होने के बाद हमारे गाड़ी में आग लगाया गया था। जिससे पुलिस प्रशासन द्वारा उसे जेल भेजा गया था और चुनाव के समय रोहित सिंह डॉ शशिभूषण मेहता के चुनाव प्रचार के लिए काम कर रहा था। रोहित सिंह सोशल मीडिया पर भी लगातार शशिभूषण मेहता जिंदाबाद आदि स्लोगन देकर अपने फेसबुक अकाउंट पर भी प्रचार करता था। इसका प्रमाण उसके फेसबुक एकाउंट पर आज भी उपलब्ध है। सिंह ने कहा कि डॉक्टर शशिभूषण मेहता के राजनीतिक साजिश पर टिका हुआ है।

विधानसभा क्षेत्र में इनसे ज्यादा साजिशकर्ता कोई नहीं हो सकता है चाहे वह सुचित्रा मिश्रा हो या छोटू हत्याकांड का साजिश हो। साजिशकर्ता कौन है प्रशासन निष्पक्ष रूप से जांच करें सच सामने आ जाएगा। तथा इस हत्याकांड का भी साजिशकर्ता कौन है सामने उजागर हो जाएगा। पूर्व विधायक ने कहा कि इनकी विधायकी में चाय बेचने वाला भी सुरक्षित नहीं है। सिंह ने कहा कि नैनिकता के आधार पर उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए।

# विधानसभा क्षेत्र में बहने लगी विकास की गंगा : विधायक

## डॉ शशि भूषण ने 115 योजनाओं का किया शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** विधायक डॉ शशि भूषण मेहता ने बुधवार को अपने फार्म हाउस 115 योजना का विधिवत पूजा अर्चना व नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। अपने संबोधन में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक डॉ मेहता ने कहा कि विधानसभा के अंतर्गत 5000 महिलाओं को सिलाई मशीन देंगे पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना था की समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचे इसके लिए हम निरंतर प्रयास कर रहे है आने वाले समय में पूरे विधानसभा में विकास की गंगा बहेगी विधानसभा क्षेत्र का कोई भी ऐसा गांव चहुमुखी विकास से पीछे नहीं रहेगा उन्होंने कहा कि विकास के मामले में पांकी विधानसभा क्षेत्र एक युग पिछे चला गया था विकास कार्यों में गुणवत्ता के साथ घोर अनियमिता किया गया था जिसका नतीजा सभी सड़कें और पुल पुलिया समय से पहले खराब हो गए। शिलान्यास समारोह में विधायक प्रतिनिधि प्रकाश मेहता लेस्लीगंज प्रमुख सुनील पासवान, भाजपा नेता लाला प्रसाद यादव सत्यप्रकाश पाण्डेय सरजू सिंह, अजय तिवारी उद्देश यादव, अजय पासवान, पिन्टु यादव, अजित प्रसाद, शंकर शुक्ला संजय चंद्रवंशी, किशोर प्रसाद, अशोक यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# पानी घर-घर पहुंचाने के लिए सप्लाई हो दुरूस्त : दीपक तिवारी

## उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर पेयजल समस्या पर पहल की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पानी की समस्या से जुझते पलामू को निजात दिलाने के लिए संवेदनशील उपायुक्त विशेष पहल करने जा रहे हैं। तत्काल मेदिनीनगर की जनता को राहत दिलाने के लिए टैंकर आपूर्ति में बढ़ोतरी की जाएगी। वहीं जलस्रोत की रक्षा के लिए कड़े कारवाई करने जा रहे हैं। ये विशेष पहल उस संवेदनशील मिलन का सकारात्मक परिणाम के रूप में नजर आया। झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता दीपक तिवारी ने उपायुक्त अंजानेयुलु दोड्डे से मुलाकात कर पेयजल समस्या के निदान के लिए ज्ञापन सौंपा। उन्होंने उपायुक्त से दशकों की समस्या को हमेशा के लिए निजात दिलाने के लिए कारगर कदम उठाने का आग्रह किया। दीपक ने उपायुक्त को बताया कि दशकों से पलामू बारिश नहीं होने की वजह से सुखाड़ ही नहीं अकाल का भी दंश झेलता आया है। वर्तमान स्थिति दिन-प्रतिदिन भयावह होती जा रही है। पानी का जलस्तर नीचे जा रहा है, जिसके चलते ड्राई जोन का इलाका बढ़ता जा रहा है। बैरिया, निमिया, सुदना, आबादगंज के बाद अब रेड़मा, बारालोटा, सिंगरा, पोखराहा के जलस्रोत धीरे-धीरे सूखते जा रहे हैं। आम जनता पीने का पानी के लिए तरसने लगा है।

# जनता को बरगलाना बंद करें पूर्व महापौर : अभिषेक सिंह



**मेदिनीनगर।** झामुमो नेता सह समाजसेवी अभिषेक सिंह ने कहा कि पांच साल तक जनता को दिग्भ्रमित करने वाली पूर्व मेयर पुनः चुनाव के मद्देनजर जनता को भ्रमित करना शुरू कर दिया है। चुनावी तैयारियों के बीच पूर्व मेयर द्वारा शहर की जनता को भ्रमित करना बंद कर देना चाहिए। चूंकि पूर्व मेयर अरुणा शंकर का कार्यकाल समाप्त हो चुका और वह किसी भी विकास कार्य का हिस्सा नहीं हैं। जनता सब समझती है कि कार्यकाल समाप्त होने के बावजूद पूर्व मेयर द्वारा श्रेय लेने की होड़ मच गई है। पूर्व मेयर ने आज तक शहरवासियों में मूल मुद्दों पर बातें नहीं की लेकिन श्रेय लेने के लिए प्रथम पंक्ति में खड़ी रहती हैं। सिंह ने कहा कि भाजपा के सांसद, विधायक और पूर्व मेयर को तो जनता को जवाब देना चाहिए कि इतने वर्षों में यहां की जनता को पानी क्यों उपलब्ध नहीं करवा सकें। जनता त्रहिमाम कर रही है लेकिन इन लोगों को कोई फर्क.नहीं पड़ता। यह दुर्भाग्य है कि हमने असंवेदनशील जनप्रतिनिधियों को चुना। बेहतर होता कि पूर्व मेयर पानी की समस्या पर अपना पक्ष रखती।

### अब 17 जून तक स्कूल रहेंगे बंद

**मेदिनीनगर।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार ने राज्य में अत्याधिक गर्मी पड़ने एवं लू को ध्यान में रखते हुए राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में कक्षा एलकेजी से कक्षा 8 तक 17 जून (शनिवार) तक बंद रहेंगे एवं कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाएं 15 जून (गुरुवार) से पूर्व की भांति संचालित होगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

### भाजपा ने किया टिफिन बैठक, उपलब्धि गिनवाया



**हुसैनाबाद पलामू।** देश भर चलाये जा रहे भाजपा के महाजनसंपर्क अभियान के तहत बुधवार को शहर के रिद्धि सिद्धि होटल में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने किया वही संचालन सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा के प्रभारी भाजपा नेता बिनोद कुमार सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने 9 वर्षो में बेमिसाल साबित हुई हैं जिसके कारण देश ही नही विश्वपटल पर भारत की गौरव बढ़ा हैं उसके साथ भारतीय जनता पार्टी एक नई ऊर्जा के रूप विश्व की सबसे शक्तिशाली राजनीतिक पार्टी साबित हुई यह भाजपा के एक एक कार्यकर्ताओं के लिए गर्व हैं। वही वरिष्ठ नेता कामेश्वर कुशवाहा ने मोदी सरकार के द्वारा कई महत्वपूर्ण जनकल्याण करी योजनाओं को देश हित मे मिल का पत्थर साबित होने की बात कही। रविन्द्र कुमार सिंह उर्फ बबलू बाबू ने कहा जरूरत हैं भाजपा के कार्यकर्ता सरकार की जनकल्याणकारी योजनो को जनता तक पंहुचाये। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता शिवधारी राम, अशोक कुमार सिंह, जिला मंत्री संतोष कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह, डॉ संजय कुमार सिंह कर्नल, अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष, छठन राम, नागेंद्र उपाध्याय,महेंद्र सिंह, नीरज सिंह, किसान मोर्चा के उदयनाथ विश्वकर्मा,राजेश कर्ण,सचिन आंनद, टींकू तिवारी रंजीत पासवान। आदि सैकडो भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बालू की समस्या को लेकर सीएम के सचिव से मिला मुखिया संघ का प्रतिनिधि मंडल



**उंटारी रोड पलामू।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड के मुखिया संघ का प्रतिनिधि मंडल बुधवार को रांची में मुखिया संघ के अध्यक्ष व लहर बंजारी पंचायत के मुखिया अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में बालू की समस्या से निजात को लेकर मुख्यमंत्री के खनन विभाग के सचिव से मिलकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया कि बालू के अभाव में सरकारी कार्य व पीएम आवास निर्माण में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा उंटारी रोड प्रखंड में एकमात्र खजुरिया नाला से बालू उठाव का आदेश हुआ है लेकिन अफसोस है कि खजुरिया नाला में बालू नहीं है। खजुरिया नाला नदी नहीं बल्कि एक छोटा नाला है जिसमें बालू उपलब्ध नहीं है। खनन पदाधिकारी के द्वारा खजुरिया नाला को कैटेगरी वन दशार्या गया है जो जांच का विषय है। उन्होंने यह भी बताया कि उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत बांकी नदी है जिसमें बालू पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। जिससे सरकारी कार्य व पीएम आवास निर्माण में प्रखंड वासियो को सहुलियत होगी। प्रतिनिधि मंडल ने बांकी नदी से बालू उठाव का आदेश जारी करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने में मुखिया संघ उपाध्यक्ष सह मुरमा खुर्द मुखिया रामबचन राम, बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, सतबहिनी पंचायत के मुखिया शकुंतला देवी व जोगा पंचायत के मुखिया कमला देवी मौजूद थे।

# आरसीआईटी में हुआ भाजपा का सम्मेलन

## कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाने का लिया संकल्प

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बिश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर आरसीआईटी के सभागार में बुधवार को भाजपा का विस स्तरीय संयुक्त मोर्चा सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन का उदघाटन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व भाजपा जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सम्मेलन में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नौ वर्षों में लिए गए ऐतिहासिक फैसलों और गरीब कल्याण की योजनाओं को घर घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। डॉ चंद्रवंशी ने कहा कि मोदी सरकार के नौ वर्ष का कार्यकाल सेवा, सुशासन, समर्पण, विकास और गरीब कल्याण का रहा। मौके पर जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक ने बताया कि मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरा होने पर भाजपा द्वारा महाजनसंपर्क अभियान सहित कई कार्यक्रम पूरे देश में चलाया जा रहा है। इसके तहत मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाया जा रहा है। सम्मेलन में विस प्रभारी प्रभात रंजन, जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, पंकज लालराम, लाला दुबे, बबन राम, किरण शर्मा, विजय शर्मा, अमरेस तिवारी, प्रेम सागर सिंह, शुशील ठाकुर, महादेव यादव, पवन गुप्ता, उमाशंकर यादव, श्रीकांत पांडेय, सुदामा चौधरी, मनीष कुमार, संजय ठाकुर, सहित कई लोग मौजूद थे।

### ईश्वरी पांडेय का भांजा हिमांशु नीट परीक्षा में सफल



**मेदिनीनगर।** भाजपा नेता ईश्वरी पांडेय का भांजा व सदर प्रखंड के लहलहे निवासी रामनिवास तिवारी का पोता हिमांशु रंजन तिवारी ने मेडिकल पात्रता परीक्षा 2023 में सफलता हासिल किया। मालूम हो कि हिमांशु के पिता आशुतोष तिवारी झारखंड विधानसभा मे कार्यरत है और माता अंजू देवी एक सफल गृहिणी है। हिमांशु का पढाई रांची विवेकानंद विद्या मंदिर से हुआ है। हिमांशु नीट की तैयारी वायोम इस्टीट्यूट और फिजिक्स वाला से किया। हिमांशु ने पूरे देश मे 3995 रैंक लाया। 720 में 663 अंक लाकर परचम लहराया। इसके सफलता पर नाना महेंद्र पाडेय, मामा कमलेश पाडेय, आकाश पाडेय, आर्यन पाडेय, चाचा अनुज तिवारी, प्रियांशु कुमार आदि ने बधाई दिया है।

### पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के अंतर्गत होमगार्ड ट्रेनिंग कैंप के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिले के एसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार, एसआइ राम तबक्या कुमार ने वाहनों का जांच किया। इसमें दो पहिया वाहन के चालकों से लाईसेंस, इंश्यूरेश समेत कई कागजात की मांग की गई। पुलिस ने चालकों को वाहन का कागजात साथ लेकर चलने की चेतावनी देकर छोड़ा।

# पलामू केंद्रीय विद्यालय में मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान पर आधारित जन भागीदारी कार्यक्रम का आयोजन






एफएलएन की आवश्यकता, उद्देश्यों व अनुपालन पर हुई चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पुणे के फोर्थ जी 20 ईडीडब्ल्यूजी मिटिंग के तहत पलामू केंद्रीय विद्यालय में मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान पर आधारित जन भागीदारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चैनपुर के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बलराम पाठक ने किया। कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय के छात्रों के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार ठाकुर ने मुख्य अतिथि बीइओ बलराम पाठक को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। मौके पर प्राचार्य ने कार्यक्रम की रूप रेखा व उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। विद्यालय के शिक्षक आनंद कुमार ने सभी मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के सभी पक्षों पर उपस्थित अतिथियों के साथ विस्तारपूर्वक चर्चा की। कार्यक्रम में वर्तमान समय में एनईपी 2020 के आलोक में एफएलएन की आवश्यकता एवं उद्देश्यों एवं एफएलएन का प्रभावी ढंग से विद्यालयों एवं समाज में अनुपालन के तरीके पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम में प्रणव कुमार पांडेय, रवि कुमार वर्मा, चैनपुर ब्लॉक के अजय कुमार पांडेय, संगीत शिक्षक सौरभ कुमार दूबे, शिक्षक आनंद कुमार, हेड क्लर्क आनंद मिश्रा, सैंकिंग कुमार, सुरेश कुमार, मनोज कुमार, संतोष कुमार, राहुल कुमार समेत विद्यालयकर्मी उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद के पतरा खुर्द में यूनिक पब्लिक स्कूल का उदघाटन

# शिक्षा हमारे जीवन का है मूल आधार : कर्नल संजय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने मंगलवार को हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के ग्राम पंचायत पतरा खुर्द पंचायत में यूनिक पब्लिक स्कूल का उदघाटन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कर्नल संजय को फूल माला व स्वागत गीत प्रस्तुत कर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कर्नल संजय सिंह ने विद्या के देवी मां सरस्वती तथा शिक्षा के दम पर पुरे विश्व में भारत का नाम रोशन करने वाले बाबा साहेब को नमन करते हुए कहा कि सामाजिक समानता के संवाहक बाबासाहेब के आदर्श और विचार हमारे लोकतंत्र की आवश्यक शर्त है। आइए आज उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लें। शिक्षा हमारे जीवन का मूल आधार है, शिक्षा के बिना कोई भी अपने जीवन सफलता प्राप्त नहीं कर सकता है। शिक्षा में एक सभ्य व्यक्ति बनाती है और साथ ही यह उन्नत समाज में अपना महत्वपूर्ण योगदान देती है। एक शिक्षित व्यक्ति ही समाज का निर्माण करता है और शिक्षित समाज शिक्षित देश को बनाता है। उन्होंने डारेक्टर नन्दु प्रजापति सहित सभी शिक्षकों व बच्चों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के विद्यालय खुलने से छोटे-छोटे बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में सहूलियत होगी। मौके पर पतरा खुर्द पंचायत के मुखिया पति कुंदन पासवान, समाजसेवी अमित सिंह, विजय पासवान, संजय हलचल, रामनाथ बारी, अखिलेश प्रजापति, तुलसी राम, पंकज विश्वकर्मा, चंदीप विश्वकर्मा सहित सैकड़ों बच्चे तथा अभिवावक गण उपस्थित थे।

# मणिपुर में शांति

मणिपुर की राज्य सरकार और केन्द्र सरकार का यह दायित्व है कि वह देशहित में वहां जल्द शांति बहाली करके, फिर से मैतेई व नगा-कुकी समुदाय में आपस में विश्वास बहाली के लिए दूरगामी ठोस रणनीति बनाकर जातीय विद्वेष को समाप्त करने के लिए धरातल पर कार्य करें। वैसे हाल ही में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अपने मणिपुर दौरे के दौरान ठोस पहल की है। भारत के सीमावर्ती पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर का क्षेत्रफल 22,327 वर्ग किलोमीटर है और वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार राज्य की आबादी 2,855,794 है। यह राज्य अपनी विभिन्न विविधताओं को एक सूत्र में पिरोकर संजोकर रखने वाले एक बेहद संवेदनशील राज्य माना जाता है। मणिपुर की सीमाएं उत्तर में नगालैंड और दक्षिण में मिजोरम, पश्चिम में असम के साथ पूर्व में म्यांमार देश से मिलती हैं, जो सामरिक दृष्टि से बेहद अहम है। लेकिन आज चिंताजनक बात यह है कि पिछले कुछ समय से मणिपुर अपने ही निवासियों के द्वारा लगाई गई जातीय अशांति की आग में जल रहा है। मणिपुर में मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा मिलने के बाद आरक्षण समर्थकों व विरोधियों के बीच हंगामा बरपा हुआ है। आरक्षण मिलने के बाद तीन मई 2023 को नगा व कुकी आदिवासियों ने राज्य के दस पहाड़ी जिलों में एकजुटता मार्च निकाल कर मैतेई समुदाय को आरक्षण देने का विरोध दर्ज कराया था। इस दौरान कुछ अराजकतत्वों ने चुराचांदपुर में एंग्लो-कुकी युद्ध स्मारक के गेट के एक हिस्से को जलाकर चिंगारी भड़का दी। इसके बाद पूरा मणिपुर जातीय हिंसा की लपटों में झुलस गया है। हालात इस कदर बिगड़ गए कि सेना को मोर्चा संभालना पड़ा। आज लगभग सवा महीने बाद भी राज्य के हालात पूरी तरह से नहीं सुधरे हैं। इम्फाल-दीमापुर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-2) हाइवे पर आज भी दंगाई कब्जा

# सीमा पर निर्माण

केंद्र की पहल के बाद भारतीय सीमा सड़क संगठन ने काराकोरम में 17,800 फुट ऊंचाई पर स्थित सासेर दर्रे के पास सामरिक महत्व की चार किलोमीटर लंबी सड़क बनाने की तैयारी शुरू की है। बीआरओ ने इस निर्माण से जुड़ी निविदाएं आमंत्रित की हैं। दरअसल, बेहद दुर्गम इलाके में बनने वाली यह सड़क 56 किमी लंबी सैन्य उपयोग वाली महत्वाकांक्षी सड़क का हिस्सा होगी। दरअसल, इस मार्ग को उत्तरी लद्दाख में सामरिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण देपसांग और दौलत बेग ओल्डी तक पहुंचने के वैकल्पिक मार्ग के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल, पिछले तीन वर्षों में कुछ विवादित स्थलों को लेकर चीन के साथ कोर कमांडर स्तरीय वार्ता के 18 दौर चलने के बाद भी किसी निर्णायक समझौते तक नहीं पहुंचा जा सका है। वास्तव में चीन की आक्रामकता का मुकाबला करने के लिये सीमा पर बुनियादी ढांचे के विस्तार के क्रम में सीमावर्ती इलाके में इस कंक्रीट की सड़क का निर्माण किया जा रहा है, जो सामरिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। इन्हीं चुनौतियों के चलते हाल ही में विदेशमंत्री एस जयशंकर ने दो टूक शब्दों में चीन को चेताया कि पूर्वी लद्दाख सीमा में स्थिति सामान्य बनाये बिना भारत-चीन के संबंध सहज नहीं हो सकते। ऐसे ही कदम देश के अन्य राज्यों से लगती चीन की सीमा पर भी उठाये जाएं। खासकर अरुणाचल में बनायी जा रही रणनीतिक महत्व की सेला सुरंग के काम को जल्द पूरा किया जाये। इस सुरंग के बनने के बाद अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती तवांग जिले में सेना की आवाजाही हर मौसम में सुनिश्चित हो सकेगी। गत वर्ष दिसंबर में तवांग में ही भारतीय व चीनी सैनिकों के बीच झड़प हुई थी। निस्संदेह, इन परियोजनाओं के यथाशीघ्र पूरा होने से न केवल सेना व सशस्त्र बलों को लाभ होगा बल्कि स्थानीय लोगों की आवाजाही भी आसान हो सकेगी।

# शिवराज सरकार, खेती-किसानी से प्यार



**खेती**–किसानी और उससे जुड़े व्यवसाय मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था एवं विकास की धुरी हैं। यह बात मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं उनकी सरकार बखूबी समझती है। मुख्यमंत्री चौहान के हाथ में जब से प्रदेश की कमान है, तब से उन्होंने लगातार किसानों की बेहतरी के लिए प्रयास किए हैं। केंद्र में मोदी सरकार और राज्य में शिवराज सरकार, दोनों ने अपनी प्राथमिकता में किसानों को रखा है। मध्य प्रदेश के राजगढ़ में आयोजित किसान-कल्याण महाकुंभ के आयोजन से सरकार ने यही संदेश देने का प्रयास किया है कि वह किसानों के हितों की चिंता करने में सदैव की तरह अग्रणी रहेगी। महाकुंभ में शिवराज सरकार ने किसानों को राहत देते हुए 2200 करोड़ रुपये कृषि ऋण का ब्याज माफ करने, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की लगभग 1400 करोड़ रुपये की राशि जारी करने और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 2900 करोड़ रुपये के दावों के भुगतान अंतरण करने का बड़ा काम किया है।

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कर्जमाफी के वायदे के चक्कर में प्रदेश के किसानों पर कृषि ऋण के ब्याज का बोझ बढ़ गया था, जिसके कारण वे डिफाल्टर हो गए थे, उन्हें सरकार की कृषि संबंध योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था। शिवराज सरकार ने किसानों को इस भंवर से निकाल कर बड़ी राहत दी है। याद हो कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की थी कि ह्लकांग्रेस की पूर्व सरकार के समय वर्ष 2018 में ऋणमाफी की उम्मीद में हजारों किसान डिफाल्टर हो गए और खाद बीज लेने से वंचित हो गए। ऐसे दो लाख रुपये तक के फसल ऋण वाले किसानों की पीड़ा को राज्य सरकार ने समझा है और ब्याज माफी का निर्णय लिया हैह्व।

अपनी घोषणा और किसानों के साथ किए वादे को निभाते हुए पिछले माह ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सागर के प्राथमिक सहकारी साख समिति केरबना के दो किसानों पंचमलाल और जुगरेन्द्र झल्लू का आवेदन भरकर ह्यमुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजनाह्ल की शुरूआत की दी थी, जिसके अंतर्गत जिला सहकारी केन्द्रीय बैंको से संबद्ध प्रदेश की लगभग साढ़े चार हजार प्राथमिक कृषि साख समितियों में दो लाख रुपये तक के फसल ऋण वाले डिफाल्टर किसानों का ब्याज माफ करने के लिए आवेदन भरने का कार्य शुरू किया गया था।



-लोकेन्द्र सिंह

> किसानों के हितों की चिंता करने में वे सदैव की तरह अग्रणी रहेगी। महाकुंभ में शिवराज सरकार ने किसानों को राहत देते हुए 2200 करोड़ रुपये कृषि ऋण का ब्याज माफ करने, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की लगभग 1400 करोड़ रुपये की राशि जारी करने और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 2900 करोड़ रुपये के दावों के भुगतान अंतरण करने का बड़ा काम किया है।

मध्य प्रदेश में कर्जमाफी या ब्याजमाफी जैसी स्थितियां न बनें, इस पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का जोर रहा है। कर्जमाफी जैसे योजनाएं किसानों के स्वाभिमान के अनुकूल भी नहीं है। किसान तो अपने पुरुषार्थ से देश-प्रदेश का पोषण करता है। प्रदेश के किसानों की अपेक्षा यही रही है कि सरकार ऐसी नीतियां बनाए कि उसे उचित मूल्य पर खाद-बीज और कृषि उपकरण मिलें। कृषि कार्य के लिए बैंक से उचित दर पर लोन मिल जाए। सबसे महत्वपूर्ण उसकी उपज का ठीक मूल्य उसे प्राप्त हो। यह कहने में अतिशयोक्ति नहीं कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने पहले कार्यकाल से इसी बात पर जोर दिया कि किसान के स्वाभिमान को बढ़ाने एवं उसे आत्मनिर्भर बनाने के लिए क्या पहल की जाए?

मध्य प्रदेश में कैसे किसानों के हित में सरकार काम कर रही है, इस बात को आसानी से और तर्कसंगत ढंग से समझना है, तो हमें लगभग 20 साल पीछे पलट कर देखना चाहिए। आज से लगभग 20 साल पीछे जाएं तब हम जान पाएंगे कि आखिर क्यों प्रदेश बदहाली के दौर से गुजर रहा था? उस वक्त प्रदेश में खेती के लिए न तो बिजली थी और न ही सिंचाई सुविधा। उत्पादन और लागत में बड़ा अंतर था। खेतों के लिए खाद और बीज भी किसान को उपलब्ध नहीं था। किसानों को लगभग 16 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण मिल पाता था। किसान ऋण लेने के बाद उसके ब्याज के बोझ से दब जाता था।

शिवराज सरकार ने सबसे पहले इस व्यवस्था को बदला, आज प्रदेश के किसान को शून्य ब्याज दर पर कृषि ऋण मिलता है। किसान क्रेडिट कार्ड ने किसानों को कर्ज उपलब्ध कराने में एक क्रांतिकारी बदलाव ला दिया है।

शिवराज सरकार के प्रयासों से प्रदेश सिंचाई का रकबा भी विगत वर्षों में बढ़ा है। प्रदेश में वर्ष 2003 में जहां सिर्फ सात लाख हेक्टेयर के आसपास सिंचित भूमि थी। शिवराज सरकार के प्रयासों से अब यह 45 लाख हेक्टेयर से अधिक है। इसे 2025 तक 65 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाने का लक्ष्य है। नहरों के फैलते जाल से आने वाले वर्षों में मध्य प्रदेश में 65 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता देखने को मिलेगी। ह्यकिसान-कल्याण महाकुंभह्व में लोकार्पित ह्यमोहनपुरा-कुंडालिया प्रेशराइज्ड पाइप सिंचाई प्रणालीह्व को सरकार के इसी संकल्प के अंतर्गत देखना चाहिए। लगभग 8500 करोड़ की लागत की यह देश की पहली वृहद प्रेशराइज्ड पाइस सिंचाई परियोजना है। इसके अतिरिक्त भी प्रदेश में नर्मदा कछार की 24 हजार 500 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 5 लाख 50 हजार हेक्टेयर से अधिक की सिंचाई क्षमता वाली 12 परियोजनाओं के निर्माण की कार्यवाही प्रारम्भ हो गई हैं। प्रदेश सरकार के आंकड़ों के अनुसार, जल संसाधन विभाग द्वारा निर्माणाधीन 475 सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से 28 लाख हेक्टेयर से अधिक की सिंचाई क्षमता विकसित की जा रही है। इन सब प्रयासों के अतिरिक्त भी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार ने किसानों के हित में निरंतर सराहनीय प्रयास किए हैं। इसके बावजूद कहना होगा कि अभी भी किसानों की स्थिति सुधारने के लिए बहुत काम किए जाने बाकी हैं। उत्साहजनक बात यह है कि इस दिशा में सरकार प्रयासरत भी है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कहते हैं कि ह्वअन्नदाताओं की कठिनाइयों को दूर करके उनके जीवन में समृद्धि और खुशहाली लाना ही मेरे जीवन का ध्येय हैह्व। मुख्यमंत्री का यह विचार किसानों के प्रति उनकी संवेदनाओं को भली प्रकार प्रकट करता है। यह ध्येय ही है जिसने मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही किसानों की खुशहाली के लिए नीति बनाने के लिए शिवराज सिंह चौहान को प्रेरित किया। वह पहले मुख्यमंत्री हैं,

## खास बात

# आतंकियों के यारों पर चले तलवार

**मुकुंद**

सालों साल तक आतंकवाद से बेजार रही कश्मीर घाटी में हालात अब पहले से बेहतर हुए हैं। यह सरकार और अमनपसंद लोगों के लिए सुखद तस्वीर है। केंद्र सरकार के अनुच्छेद 370 समाप्त करने के बाद स्थिति में सुधार आया है। बहुत हद तक आतंकवाद का फन कुचलने में भी मदद मिली है। इससे आतंकवाद का आका पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। अब उसने और पाकिस्तान की सरजमीं पर ही सक्रिय आतंकी संगठनों ने अपना फोकस ओवर ग्राउंड वर्कर पर किया है। इनको दहशतगर्दों की मदद के साथ सरहदपार से भेजे जाने वाली ड्रग्स की खेप को खपाने का जिम्मा सौंपा गया है। ऐसा नहीं है कि पड़ोसी मुल्क की इस रणनीति की जानकारी भारत सरकार को नहीं है। भारतीय सुरक्षाबल लगातार ओवर ग्राउंड वर्कर्स को दबोचकर आतंकवाद की रीढ़ की हड्डी तोड़ रहे हैं। मोदी सरकार नौ साल से लगातार आतंकवाद पर प्रहार कर रही है। ऐसा कोई दिन शायद ही गुजरता हो, जब ओवर ग्राउंड वर्कर को दबोचकर सलाखों के पीछे न भेजा जाता हो। दरअसल यह ओवर ग्राउंड वर्कर लश्कर-ए-तैयबा , जैश-ए-मोहम्मद जैसे खूंखार संगठनों के सच्चे यार होते हैं। चंद पैसों के लालच में अपना जमीर बेचकर मददगार बने यह लोग आतंकवादियों से भी ज्यादा खतरनाक होते हैं। इनको कोई आसानी से पहचान नहीं सकता। इनके संक्षेप में ओजीडब्ल्यू संबोधित किया जाता है। यह लोग आतंकवादी वारदात को अंजाम देने के लिए आतंकवादियों के लिए जमीन तैयार करते हैं। यह आतंकियों तक सुरक्षाबलों की सूचनाएं पहुंचाने के साथ ही हथियार, पैसा और सुरक्षित पनाहगाह का बंदोबस्त करते हैं। इसलिए यह बड़ी चुनौती से कम नहीं हैं।

कश्मीर घाटी में कुछ समय पहले चिनार कोर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले लेफ्टिनेंट जनरल डीपी पांडेय मानते हैं कि आतंकवाद को जिंदा रखने में ओवर ग्राउंड वर्कर नेटवर्क की भूमिका अहम है। यह आम आदमी की तरह ही रहते हैं, लेकिन इनका मकसद खतरनाक होता है।

# ब्रम्हार्षि विश्वामित्र

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**विश्वरथ** अहंकार से वशीभूत हो जायेगा। अहंकार से छुटकारा उसे समाधि का अनुभव नहीं दिला सकता है। काश उसे ये पता होती कि ब्रम्हज्ञान के लिये किसी ब्रम्हज्ञानी को मन-बुद्धि समर्पित करनी होती है। अपने अहंकार को ब्रम्हज्ञानी के अहंकार से मिलाना पड़ता है। ब्रम्हज्ञानी को धारण कर उसका होकर जगत से व्यवहार करता है। ब्रम्हज्ञानी को पूर्ण रूप से धारण कर लेने पर जो प्रेम हृदय में प्रकट होता है, उससे अज्ञान का नाश होता है। इस प्रकार अज्ञान का नाश होने से पुनः न तो वासना के प्रभाव में आकर वह दुनिया में फंसता है और न ही अहंकार उसे सताता है। जो मन, बुद्धि जो जीव से बंधन में फंसाने वाला काम करवा रहा था वही मन बुद्धि अब उसका सहयोगी हो जाता है।असली ब्रम्हज्ञान ब्रम्हज्ञानी को मन-बुद्धि समर्पित कर उसे प्रेम करके पाया जाता है।

यह बार्तालाप विश्वरथ सुन रहे थे। वे ग्लानि से भर उठे। ओह मैं इतने महान पुरुष की हत्या करने आया था। तलवार हाथ से गिर गया। वे कुटिया के अंदर जाकर महर्षि विशिष्ठ के चरणों पर साष्टांग गिर कर बोले जन्म-जन्म का महापतित विश्वरथ आज गुरु चरणों को समर्पित है। महर्षि वशिष्ठ बोले- उठो ब्रम्हर्षि विश्वामित्र तुम संपूर्ण विश्व के मित्र हो। आज से तुम जगत में विश्वामित्र के नाम से जाने जाओंगे।

महर्षि विश्वामित्र बोले आज से मेरा शेष जीवन गुरु चरणों को समर्पित है। अब आज्ञाधीन सेवा करना ही मेरा कर्तव्य है। कहिए क्या सेवा करूं।

(ब्रम्ह विद्यालय सह आश्रम)

**रांची** विश्वविद्यालय की सेंट्रल लाइब्रेरी का छज्जा गिरने से रामगढ़ निवासी छात्र मंतोष बेदिया की दर्दनाक मृत्यु हो गई है।

पीड़ित परिवार के प्रति मेरी सहानुभूति है ।माननीय मुख्यमंत्री जी से विनम्र निवेदन है कि मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता सुनिश्चित करें तथा एक जांच कमेटी बनाकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करें। –**बाबूलाल मंराडी, भाजपा**

## रोचक ट्वीट

**टाटा मोटर्स,** टिस्को एवं टाटा कमिंस के अधिकारियों के साथ जमशेदपुर में न्यू ग्रीन टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग प्रोजेक्ट के विस्तार (हाइड्रोजन टेक्नोलॉजी इंजन आधारित वाहन निर्माण) पर निवेश की संभावनाओं पर चर्चा हुई

– **हेमंत सोरेन, सीएम**





दौसा की यह अनूठी पहल प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को नई ऊर्जा देने वाली है। इससे माताओं के साथ-साथ शिशुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा भी सुनिश्चित हो रही है।

– **नरेन्द्र मोदी**

## कार्टून वर्ल्ड




साभारः कॉर्टून मूवमेंट

# क्यों खालिस्तानी सक्रिय हैं कनाडा में

**आर.के. सिन्हा**

## सामयिक

कनाडा में खालिस्तानी ताकतें भारत और हिन्दुओं के खिलाफ जहर उगल रही हैं। दुख इस बात का है कि मित्र देश होने के बावजूद कनाडा सरकार कुछ नहीं कर रही है। अब ताजा मामले में खालिस्तानियों ने ऑपरेशन ब्लू स्टार की 39वीं बरसी पर निकाली और परेड में पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत इंदिरा गांधी को आपत्तिजनक रूप में दिखाया। बीती 6 जून, को कनाडा के ब्रैम्पटन शहर में खालिस्तानियों ने पांच किलोमीटर लंबी परेड निकाली। इसमें एक झांकी में इंदिरा गांधी की हत्या का सीन दिखाया गया। झांकी में इंदिरा गांधी को खून से सनी साड़ी पहने दिखाया गया है। उनके हाथ ऊपर हैं। दूसरी तरफ दो शख्स उनकी तरफ बंदूक ताने खड़े हैं। इसके पीछे लिखा है-बदला।

कनाडा अपने को एक सभ्य देश होने का दावा करता है। पर वहां अलगाववादियों, चरमपंथियों और हिंसा की वकालत करने वाले खुल कर खेल कर रहे हैं। आप इंदिरा गांधी की कुछ नीतियों से असहमत हो सकते हैं, पर यह कोई भी भारतीय सहन नहीं करेगा कि उन्हें आपत्तिजनक तरीके से झांकी में पेश किया जाए। इस सारे घटनाक्रम से भारत स्तब्ध है। इस कट्टरपंथ की सार्वभौमिक तौर पर निंदा होनी चाहिए। पता नहीं क्यूं, प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ विदेशों में जाकर जहर उगलने वाले राहुल अपनी दादी के अपमान पर क्यों नहीं बोल रहे। कनाडा लंबे समय से खालिस्तानियों की गतिविधियों का केंद्र बन चुका है। वहां पर मंदिरों में भी तोड़फोड़ की जाती है। कनाडा का ब्रैम्पटन शहर तो भारत विरोधी गतिविधियों का गढ़ बन चुका है। कनाडा में बार-बार इस तरह की घटनाएं हो रही हैं।

जुलाई 2022 में कनाडा के रिचमंड हिल इलाके में एक विष्णु मंदिर में महात्मा गांधी की मूर्ति को खंडित कर दिया गया था। सितंबर 2022 में कनाडा में स्वामीनारायण मंदिर को कथित खालिस्तानी तत्वों ने भारत विरोधी भित्ति चित्रों के साथ विकृत कर दिया था। पर वहां की पुलिस की काहिली और निकम्मेपन के कारण दोषी पकड़ में नहीं आते। कौन भूल सकता है कनिष्क विमान हादसे को। मांट्रियाल से नई दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के विमान कनिष्क को 23 जून 1985 को आयरिश हवाई क्षेत्र में उड़ते समय, 9,400 मीटर की ऊंचाई पर, बम से उड़ा दिया गया था और वह अटलांटिक महासागर में गिर गया था। इस आतंकी हमले में 329 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकांश भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक थे।

क्या कनाडा की खुफिया एजेंसिया इतनी घटिया हैं कि उन्हें पता ही नहीं है कि वहां पर खालिस्तानी सक्रिय हैं? उन्हें भारत-विरोधी तत्वों पर कठोर एक्शन लेना चाहिए। जस्टिन ट्रूडो 2018 में भारत यात्रा पर आए थे। वे अमृतसर से लेकर आगरा और मुंबई से लेकर अहमदाबाद का दौरा करने के बाद जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिले तो उन्हें कायदे से समझा दिया था कि भारतधर्म के नाम पर कट्टरता तथा अपनी एकता, अखंडता और संप्रभुता के साथ समझौता नहीं करेगा। कनाडा की लिबरल पार्टी की सरकार के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो कहने को तो एक उदार देश से हैं। उन्हें भी यह समझ लेना होगा कि भारत भी एक उदार और बहुलतावादी देश है। नई दिल्ली में कनाडा हाई कमीशन ने अपने प्रधानमंत्री के सम्मान में आयोजित एक कार्यक्रम में कुख्यात खालिस्तानी आतंकी जसपाल अटवाल को आमंत्रण भेजा है। अटवाल पर कनाडा में वर्ष 1986 में एक निजी दौरे पर गए पंजाब के मंत्री मलकीत सिंह सिद्धू पर जानलेवा हमला करने का आरोप साबित हो चुका है। कनाडा सरकार की बेवकूफियों के कारण वहां पर खालिस्तानी सक्रिय हैं।

## लेटर टू एडिटर

### खतरनाक खिलौने

**खिलौनों** का एक खतरनाक पहलू भी है। भारतीय गुणवत्ता परिषद की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में आयात होने वाले 66.90 प्रतिशत खिलौने बच्चों के लिए खतरनाक हैं। एक अध्ययन में क्यूसीआई ने पाया कि अनेक खिलौनों में मौजूद मैकेनिकल और केमिकल जाचों में गुणवत्ता की कसौटी पर खरे नहीं उतरे। चीन से आये खिलौने पर कड़ी नजर हो।

– **सुमित, गढ़वा**

### एमएसपी जरूरी

**साल** 1964 में पहली बार तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के नेतृत्व में खाद्य-अनाज मूल्य समिति का गठन हुआ। 1964 में ही दिसंबर माह में इस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी। इसके बाद 1966-67 में पहली बार गेहूं और धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया गया। किसानों के हित में न्यूनतम मूल्य जारी रहना चाहिए यह जरूरी है।

– **सुनील झा, हजारीबाग**

# आतंकियों की गिरफ्तारी से सुरक्षा पर उठा सवाल

**नागेन्द्र सिंह**

## सामयिक

देश के अलग-अलग हिस्सों से आतंकियों की गिरफ्तारी ने एक बार फिर सुरक्षा संबंधी चिंताओं को बढ़ा दिया है। हाल में दिल्ली पुलिस ने मुंबई, रायबरेली, प्रयागराज, लखनऊ और दिल्ली से छह आतंकियों को दबोच कर देश को बड़े संकट से बचा लिया। पुलिस का दावा है कि ये आतंकी त्योहारों से पहले दिल्ली, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में कई जगह विस्फोट करने की तैयारी में थे। इसके अलावा कई राजनेताओं की हत्या की साजिश का भी पता चला। इससे यह तो साफ हो गया है कि भारत में एक बार फिर बड़े पैमाने पर अशांति फैलाने की साजिश रची जा चुकी है। आतंकी बस मौके की तलाश में थे। अगर पुलिस समय रहते इन्हें नहीं पकड़तीं तो किसी भी दिन मुंबई बम कांड जैसी तबाही देखने को मिल सकती थी।

हालांकि गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, त्योहारों व अन्य विशेष अवसरों पर देश को दहलाने की कोशिशें पहले भी होती ही रही हैं। लेकिन पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता आतंकियों के मंसूबों को नाकाम करती रही हैं। ज्यादा चिंता की बात यह है कि हाल में पकड़े गए आतंकियों के तार पड़ोसी देश पाकिस्तान से जुड़े होने की बात सामने आई है। पुलिस का दावा है कि ये सभी आतंकी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ के इशारे पर अपने मिशन को अंजाम देने में लगे थे।

गौरतलब है कि भारत में आतंकवाद फैलाने में पाकिस्तान की भूमिका किसी से छिपी नहीं है। आतंकियों ने पुलिस के सामने जो कुछ कबूला है, उसके बाद कोई संदेह नहीं रह जाता है कि पाकिस्तान ने एक बार फिर मुंबई बम कांड जैसी वारदात को अंजाम देने की साजिश रच डाली है। पूछताछ में यह खुलासा चौंकाने वाला है कि आइएसआइ काफी समय से भारत में बड़े हमलों को अंजाम देने की तैयारी में है। इसके लिए वह अंडरवर्ल्ड का इस्तेमाल कर रही है। आतंकी हमलों के लिए आइएसआइ ने आतंकियों को प्रशिक्षण भी दिया है। आतंकियों में से दो ने तो प्रशिक्षण लेने के लिए पाकिस्तान जाने की बात भी बताई। पूछताछ में ही यह खुलासा भी हुआ कि इन हमलों के लिए पैसा और हथियार मुहैया कराने का जिम्मा दाउद इब्राहिम के भाई अनीस के एक करीबी व्यक्ति को सौंपा गया था। ऐसा नहीं है कि आइएसआइ पहली बार ऐसी साजिशें रच रही है। इतिहास गवाह है कि पिछले तीन दशक से भी ज्यादा समय से सीमापार आतंकवाद से लेकर 1992 के मुंबई बम कांड, मुंबई पर आतंकी हमले, भारत की संसद से लेकर महत्त्वपूर्ण सैन्य ठिकानों पर आतंकी हमलों तक की साजिश को अंजाम आइएसआइ और पाकिस्तानी सेना ने ही दिया ।पिछले कुछ समय से भारत यह आशंका जताता रहा है कि अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान की भारत विरोधी गतिविधियों में तेजी आएगी। इन आतंकियों की गिरफ्तारी ने भारत की इस आशंका को और पुष्ट कर दिया है। वैसे सुरक्षा एजेंसियां अपने स्तर पर काफी सतर्क हैं, लेकिन आतंकियों का समानांतर नेटवर्क चलते रहना आतंरिक सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती तो पैदा कर ही रहा है। इस आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि इन आतंकियों ने और नौजवानों को भी अपने जाल में फंसा रखा हो और उनका इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने में कर लिया जाता।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### चुटूपालू : सड़क हादसे में एक की मौत



रामगढ़। रांची-पटना मार्ग अंतर्गत चुटूपालू घाटी में बुधवार को एक अनियंत्रित ट्रक अचानक पलट गया। इस दौरान ट्रक की चपेट में आए स्कूटी सवार की मौके पर मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है की स्टील शीट लेकर रांची से एक ट्रक रामगढ़ की तरफ जा रहा था। ट्रक जैसे ही घाटी पहुंचा अनियंत्रित हो गया और स्कूटी संख्या जेएच01 सीक्यू 3667 को चपेट में ले लिया और पलट गया। जबकि स्कूटी सवार की ट्रक पर लदे स्टील शीट से टक्कर हो गई। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान भुरकुंडा निवासी विजय पांडे के रूप में हुई है। जबकि ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर, दुर्घटना में घायल ट्रक चालक को पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस द्वारा दुर्घटना में मृत विजय पांडे के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया गया है।

### पीवीयूएन के कर्मियों ने रक्तदान का लिया संकल्प



भुरकुंडा (रामगढ़)। पीवीयूएन पीटीपीएस में बुधवार को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया। इस दौरान पीवीयूएन के कर्मचारियों और मजदूरों की उपस्थिति में प्रशासनिक भवन के कॉन्फ्रेंस हल में प्रतिज्ञा को अभिप्रेत किया गया। विश्व रक्तदाता दिवस 2023 का थीम रक्त दें, प्लाज्मा दें, जीवन बांटें। कहा गया कि यह थीम नियमित रूप से रक्त या रक्त प्लाज्मा देने की महत्वता पर बल देती है। ताकि सुरक्षित, सतत रक्त और रक्त संबंधी उत्पादों का आपूर्ति पूरे विश्व में हमेशा उपलब्ध हो सके। साथ ही आवश्यकता वाले रोगियों को समय पर जीवन बचाने के लिए रक्त की उपलब्धता के साथ उपचार हो सके। समारोह में रक्तदान महादान का नारा बुलंद करते हुए लोगों को रक्त दान करने के लिए प्रेरित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने समय-समय पर रक्तदान करने का सामूहिक संकल्प भी लिया।

### बीआरएल के मजदूरों का निलंबन वापस



रामगढ़। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में भ्रमण के दौरान बुधवार को सांसद जयंत सिन्हा को मरार स्थित बीआरएल फैक्ट्री के बाहर मजदूरों का निलंबन करने के विरोध में फैक्ट्री का गेट बंद कर धरना देने की सूचना प्राप्त हुई। जिसपर उन्होंने मजदूरों की समस्या का निदान हेतु रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता,सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा,वरिष्ट उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी एवं मनोज गिरी के साथ धरनास्थल पर पहुंच कर मजदूरों से उनकी समस्या जाना। इस संबंध में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने बताया की सांसद जयंत सिन्हा ने गेट पर उपस्थित महाप्रबंधक और बीआरएल के कार्यकारी निदेशक से फोन पर वार्ता कर इस गंभीर विषय पर गरीब मजदूरों की चिंता करते हुए उचित निर्णय लेने का आग्रह किया। जिसपर बीआरएल के उच्चाधिकारियों द्वारा इस गंभीर मसले पर इसी माह 17 जून को बैठक कर कोई ठोस निर्णय लेने का सांसद को आश्वासन दिया । साथ हीं सभी निलंबित मजदूरों को आज से हीं काम पर वापस लेने का आदेश पारित करते हुए मजदूरों का निलंबन वापस लिया ।

### व्यवसायी के पुत्र का सड़क दुघर्टना में मौत



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा के प्रसिद्ध गल्ला व्यवसायी युगल किशोर पांडेय का पुत्र और झारखंड हाई कोर्ट सिक्युरिटी के एसडीपीओ विकास पांडेय के चचेरे भाई विजय कुमार पांडेय 42 वर्ष का बुधवार की सुबह करीब साढे छह बजे सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रांची से रामगढ़ न्यायालय एक केस के संदर्भ में आने के क्रम में विजय कुमार पांडेय की चुटूपालु घाटी में टेज्लर की चपेट मे आने से दर्दनाक मौत हो गई। विजय की मौत की खबर कोयलांचल भुरकुंडा में आने के बाद शोक की लहर उमड़ पड़ी। सूचना के बाद भुरकुंडा के व्यवसायी और आसपास क्षेत्रो के सैकड़ो लोगो का तांता शोक संवेदना के लिये उमड़ पड़ी। जब चचेरे भाई एसडीपीओ विकास पांडेय विजय का शव को लेकर भुरकुंडा अपने घर पहुंचे तो परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे। लोगो का रो-रोकर बुरा हाल था। सबसे ज्यादा तो उस समय लोगो की आंखे नम हो गई जब दिवंगत के पिता युगल किशोर पांडेय अपने बडे बेटे के शव के सामने नतमस्तक होकर विलाप करने लगे। कांग्रेस के विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर पांडेय का भतीजा दिवंगत विजय पांडेय मिलनसार और मृदुलभाषी व्यक्तित्व के मालिक थे। वे रांची में टाटा कैपिटल में कार्यरत थें। दिवंगत अपने पीछे माता-पिता, पत्नी और दो बच्ची सहित भरा पुरा परिवार छोडकर गए हैं। बुधवार को ही उनका अंतिम संस्कार रीवर साइड-गिद्दी दामोदर नदी तट पर किया गया।

### भुरकुंडा : खोपड़िया हनुमान मंदिर के कार्यकारिणी का होगा गठन

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा बाजार स्थित खोपड़िया बाबा प्राचीन श्री हनुमान मंदिर सह धर्मशाला कमेटी की बैठक मंगलवार की शाम मंदिर परिसर में हुई। बैठक में प्राचीन श्री हनुमान मंदिर सह धर्मशाला के विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई। कमेटी के संरक्षक राजकुमार सिंह, विनय सिंह चौहान, कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप मांझी, धर्मनाथ राम, विनय मिश्रा आदि ने भी विचार प्रकट किए। बैठक में कमेटी के विस्तार और कार्यकारिणी गठन पर चर्चा हुई। चर्चा के बाद निर्णय हुआ कि बैठक में जो लोग नहीं आए है उन्हे पुन: लिखित सूचना देते हुए अगली बैठक में आने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही अगली बैठक में कार्यकारिणी गठन करने का निर्णय लिया गया। मौके पर रोबिन मुखर्जी, राजू पांडेय, अखिलेश्वर मिश्रा, विश्वरंजन सिन्हा, सुधीर दूबे, अमित शर्मा, अन्नु राम, संतोष मिश्रा, आदित्य राम, बाबूलाल नायक, रितेश मिश्रा, रूपेश दूबे, विक्की रजक, अभिषेक, शंकुतला देवी, ललीता देवी, गीता देवी, कुल्लू पांडेय आदि मौजूद थे।

### रामगढ़ में चल रहे विकास कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा, दिया निर्देश

# मुख्यमंत्री पशुधन समेत अन्य योजनाओं का लाभ समय पर दें

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** जिले में चल रहे विकास कार्यों को लेकर बुधवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक हुई। जिला पशुपालन कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना सहित अन्य योजनाओं के तहत चयनित लाभुकों को ससमय योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया । वहीं, जिले के सभी दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के मद्देनजर उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार को रोस्टर तैयार करते हुए शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया साथ ही उपायुक्त ने सिविल सर्जन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने एवं दिव्यांगों के लिए लगाए जाने वाले शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करते हुए उन्हें दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

**अवैध खनन पर लगाएं रोक :** अवैध खनन पर रोक लगाने के मद्देनजर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से औचक जांच अभियान चलाने एवं दोषियों पर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने कहा कि एनजीटी द्वारा जारी निर्देश के अनुसार 10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू के उठाव पर पूरी तरह से रोक है सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी हालत में अवैध रूप से बालू का उठाव या परिवहन न किया जाए।

**अवैध शराब के खिलाफ चलाएं अभियान :** उपायुक्त ने सहायक आयुक्त उत्पाद को जिले में अवैध शराब के विरुद्ध औचक जांच अभियान चलाने एवं इस संबंध में नियमानुसार कार्रवाई करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मनरेगा के तहत जिले में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने प्रखंड वार प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों से लक्ष्य के विरुद्ध सृजित मानव दिवसों की जानकारी ली । जिसके उपरांत उपायुक्त ने ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस सृजित करते हुए योग्य व जरूरतमंद लोगों को मनरेगा से जोड़ने व उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने बिरसा हरित ग्राम योजना, मिशन अमृत सरोवर, पोटो हो खेल विकास योजना की समीक्षा करते हुए कार्य प्रगति का जायजा लिया एवं लक्ष्य पूर्ण करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न आवास योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने 2023 -2024 के लिए प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध अब तक हुए कार्यों की प्रखंड वार समीक्षा की। इस दौरान जिन प्रखंडों में उपायुक्त ने कार्य संतोषजनक नहीं पाया उनके संबंधित अधिकारियों को कार्य को गंभीरता से लेने एवं आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विधि व्यवस्था, राजस्व न्यायालय में लंबित वादों, नीलाम पत्र वादों आदि की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, सिविल सर्जन, भू अर्जन पदाधिकारी, जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### विधायक अकेला ने अधिकारियों व कर्मियों के साथ की बैठक, दिये कई निर्देश

# समय पर पूरा करें विकास कार्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** प्रखंड परिसर स्थित नगर भवन में विधायक उमाशंकर अकेला ने प्रखंड, अंचल, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, जेएसएलपीएस, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग सहित कई विभागों से जुड़े पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ समीक्षात्मक बैठक किया। विधायक उमाशंकर अकेला ने प्रखंड एवं अंचल स्तर पर सभी विभागों में हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए पदाधिकारियों से जुड़े कार्यों की जानकारी ली।

बैठक में शामिल विभाग के प्रतिनिधि से अपने-अपने विभागों की रिपोर्ट बारी-बारी से मांगी। तेतरिया भंडारों में उपस्वास्थ्य केंद्र निर्माण को लेकर भवन निर्माण सहित कई मांग भी की। विधायक ने कहा कि विकास कार्यों में गति लाने तथा ससमय पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी और ग्रामीणों के बीच की दूरी कम किया जाए। विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र के सभी



पंचायतों में नवचयनित अध्यक्ष व सचिव को सभी योजनाओं की जानकारी अवश्य दें ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को मिल सके। विधायक ने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी से आग्रह करते हुए कहा कि कोई भी ग्रामीण प्रखंड या अंचल कार्यालय से निराश होकर नहीं लौटे। इस बात को सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी विभागों से वर्तमान में संचालित योजनाओं एवं कार्यों की सूची उपलब्ध कराने को कहा।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सभी आवश्यक जानकारी डॉक्टर की उपलब्धता, सभी स्वास्थ्य केंद्र, उपस्वास्थ्य केंद्र, एएनएम की उपस्थिति की जानकारी अनुमंडलीय अस्पताल डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी से लिया। इस दौरान कार्य में लापरवाही बरतने को लेकर गौरिया कर्मा एएनएम इंदु कुमारी को शो कौज किया। इसके अलावा वन विभाग, बिजली विभाग को समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने पर भी शो कॉज किया गया। करगइयो में 90 घरों में तीन डीलर को लेकर आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश कुमार पर भड़के तथा कोलहुआकला में 1 डीलर को राशन वितरण करने की बात कही। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को कहा कि गरीबों का राशन खाने वालों को चिह्नित कर उन पर कार्रवाई करें और गरीबों का राशनकार्ड जल्द बनाएं। वही बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार एवं अंचलाधिकारी अरविन्द देवाशीष टोप्पो ने प्रखंड एवं अंचल में चल रहे कार्यों में किसी प्रकार का शिकायत नही मिलने का आश्वासन दिया। मौके पर पदमा प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष संजय यादव, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, कृषि पदाधिकारी आजाद सिंह, पशुपालन पदाधिकारी मुकेश कुमार, शिक्षा विभाग बीपीएम अरुण शर्मा, रामकुमार दास आदि उपस्थित रहे।

### ऊर्जा एवं जल संरक्षण पर कार्यशाला आयोजित

**हजारीबाग।** हजारीबाग के मासीपिढ़ी स्थित केंद्रीय वर्षाश्रित उपराऊं भूमि चावल अनुसंधान केंद्र में उर्जा एवं जल संरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया ककार्यशाला में केंद्र के अध्यक्ष डॉ एनपी मंडल ने जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए उर्जा एवं जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रधान वैज्ञानिक डॉ शिव मंगल प्रसाद ने उर्जा के नवीकरण श्रोतों की दी जानकारी। झारखंड नवीकरणीय उर्जा विकास एजेंसी (जरेडा) डोरंडा, रांची के वरिष्ट कौंसिलर प्रभाकर झा ने उर्जा एवं जल संरक्षण तकनीकों के बारे में विस्तृत रूप से कृषकों को बताया। केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ सोमेश्वर भगत एवं डॉ सौम्य साहा ने कृषकों को कृषि में नवीकरणीय उर्जा एवं जल संरक्षण के तकनीकों के बारे में बताते हुए इनको अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में केंद्र के अंगीकृत गावों चरही एवं आराकेरम तथा आसपास के गावों के कृषकों के साथ वैज्ञानिक, अधिकारी समेत 67 लोगों ने भाग लिया ।

### रंधावा का म्यूजिकल नाइट 17 को

भुरकुंडा (रामगढ़)। झारखंड की धरती पर पहली बार संगीत प्रेमियों के लिए आगामी 17 जून को रांची के कांके रिजॉर्ट में ब्लू स्टोन एंटरटेनमेंट जो देश-विदेश के जाने माने गायक गुरु रंधावा का म्यूजिकल नाइट का आयोजन विश्वस्तरीय स्तर पर आयोजित होगी। इवेंट को सफलतापूर्वक करने की त्यारी जोर शोर से चल रही है। जिसमें खास करके सिक्योरिटी, पार्किंग, प्रवेश द्वार, टिकट अनुसार दर्शक दीर्घा के साथ विश्व स्तरीय मंच, लाइट-साउंड की पूरी व्यवस्था की जा रही है। बताते चले की टिकट्स की सिक्योरिटी के लिए डिजिटल बार कोड मशीन्स, एसआईएस की विश्वस्तरीय सिक्योरिटी आदि के साथ सुहाने माहोल में 17 की संध्या 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक गुरु रंधावा का कार्यक्रम चलेगा। दर्शक दीर्घा में खाने-पीने की उचित व्यवस्था होगी।

## गाय और भैंसों से परेशान है दुकानदार व ग्राहक

**सोनू केशरी**

**हजारीबाग।** शहर के नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सब्जी मार्केट में अहले सुबह से लेकर देर शाम तक गाय और भैंसों को देखा जा सकता है। पास के मोहल्ले वासी चारा खाने को लेकर सब्जी बाजार में अपने द्वारा रखी गई गाय-भैंसों को बाजार में आहार खाने के लिए छोड़ देते हैं और फिर जब दूध दुहने का समय होता है तो उसे पकड़ कर ले जाते हैं।यह प्रक्रिया सालों से सब्जी मार्केट में देखी जा रही है। कई महिलाएं पुरुष और बच्चे गाय-भैंसों के सिंह से बचने को लेकर भागने के क्रम में आए दिन चोटिल होते हैं । साथ ही साथ जब जानवर दुकानदारों का सब्जी खाने के लिए आते हैं तो डंडा दिखाए जाने पर जानवर भागते हैं जिसमें कई बड़ी दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं । इस मामले को लेकर दुकानदारों के द्वारा नगर निगम को सूचना भी दी गई थी और फिर वही पुराने ठेकेदार आफताब आलम के द्वारा नगर निगम को सूचना दी गई थी मगर कोई खास प्रभाव इस मामले में नगर निगम को नहीं पड़ा। यहां तकरीबन हर दिन गाय और भैंस मिलाकर 50 से ऊपर हर दिन देखे जाते हैं। दुकानदार जब मवेशी के मालिकों से जानवरो को बाजार में छोड़े जाने का विरोध करते है तो मवेशी मालिक दुकानदारों से लड़ने के लिए उतारू हो जाते हैं। जिसके कारण दुकानदार भी बोलना उचित नहीं समझता। वहीं कुछ दुकानदारों ने नगर निगम के द्वारा गाय-भैंसों के संचालक पर छोड़े जाने को लेकर मामले में नगर निगम से कार्रवाई की मांग की है।

# नीट में आदित्य अस्थाना ने लहराया परचम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (नीट) में आदित्य अस्थाना ने ऑल इंडिया रैंक 993 हासिल कर अपने मां-बाप एवं अपने समाज का नाम रोशन किया है। मेडिकल के क्षेत्र में सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा माने जाने वाली नीट में सफलता पाकर आदित्य काफी खुश हैं। उन्होंने कहा कि मुझे आगे भी मेहनत और ईमानदारी के साथ पढ़ाई पूरी कर डॉक्टर बनना है।

उन्होंने कहा कि अपने माता-पिता के सहयोग से ही 720 अंको की इस परीक्षा में उन्होंने 686 अंक हासिल कर एआइआर 993 प्राप्त किया है। आदित्य ने कक्षा 9वीं तक की पढ़ाई नमन विद्या हजारीबाग तथा उसके बाद दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची से की है। इन्होंने यहां से 2020 में दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण किया है वहीं 2022 में 12वीं पास किया। 12वीं पास करने के बाद से ही आदित्य नीट परीक्षा की तैयारी में



लग गए थे जहां उन्हें अब सफलता मिली है। आपको बता दें कि आदित्य अस्थाना एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के मानव संसाधन विभाग के अपर महाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना के बेटे हैं। इस सफलता से आदित्य के माता पिता एवं उनके परिजन काफी खुश हैं।

### शिक्षक के बेटे को भी मिली सफलता

इधर शिक्षक पिता के पुत्र राशिद ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा(नीट) में सफलता पाई है। कोरोना काल के दौरान राशिद के पिता मो यूसुफ अंसारी का निधन कोरोना की चपेट में आने के कारण हो गई थी। पेशे से शिक्षक उसके पिता का सपना बेटे को डॉक्टर बनते



देखना था। राशिद ने धैर्य खोए बिना लक्ष्य को साधकर मेहनत के बल पर मेडिकल की प्रवेश परीक्षा में सफलता पाकर अपने पिता के सपने को साकार कर दिया। खबर मंत्र से बातचीत करते हुए भावी डॉक्टर राशिद हुसैन ने बताया कि डॉक्टर बन गरीबों की सेवा करना उसका लक्ष्य है। इसी को ध्यान में रख उसने कठिन मेहनत की। जिसका परिणाम अब सामने आया है। बता दें कि राशिद ने 10वीं की पढ़ाई एंजेल हाई स्कूल हजारीबाग व 12वीं की पढ़ाई डीपीएस बोकारो से की। इसके बाद कोटा (राजस्थान) जाकर मेडिकल की तैयारी शुरू की। हालांकि इस दौरान उसके पिता का निधन भी हो गया था। विपरीत परिस्थितियों के बाद भी उसने तैयारी जारी रखा। राशिद को नीट की परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 6,474 व ओबीसी श्रेणी में रैंक 2,289 हासिल हुआ है। राशिद की सफलता पर उसकी माता गुलशन आरा काफी खुश हैं। झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार ने बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही कहा कि राशिद की सफलता ही उसके पिता को दी गई सच्ची श्रद्धांजलि है। वहीं बधाई देने वालों में मो अतिकुज्मा, कुमार सत्यपाल, सुनील सिंह, नवीन कुमार, प्रभाकर कुमार, विष्णु कुमार, राजीव झा, दिलीप कुमार सिन्हा, मो अरमान अहमद आदि के नाम शामिल हैं।

## एक नजर में

### भाजपा के सातों मोर्चा का सम्मेलन संपन्न



बरही। बहुदेशीय भवन में भाजपा विधानसभा के सातों मोर्चा का सम्मेलन का आयोजन किया गया।सम्मेलन में विधानसभा के सैकड़ों कार्यकर्ताओंने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश सहाय व संचालन रामस्वरूप पासवान ने किया। बैठक में ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव एवं पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव उपस्थित रहे। अमरदीप यादव ने कहा कि केंद्र सरकार का 9 वर्षो का कार्यकाल सफलता पूर्वक समाप्त हुआ। इस अवधि में भारत के तेजस्वी एवं यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में विकास के कई कड़ी जुटे है, कई ऐतिहासिक निर्णय लिया गया, देश का मान सम्मान पूरे विश्व में बढ़ा है हमे पुन: इनके हाथों को मजबूत करना है। इस बाबत पूर्व मंत्री पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा की जितना विकास कार्य रघुवर सरकार में हुई थी वर्तमान सरकार का कोई कार्य जमीन पर दिखाई नही देता। हमे पुन: केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राज्य में रघुवर दास का सरकार बनाना है। इस कार्य के मुहिम में हमे आज से ही लग जाना है और मोदी जी के 9 वर्षो के विकास के कार्यों को जन जन तक पहुंचना है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह, कार्यक्रम प्रभारी अनूप कुमार वर्मा, जिला महामंत्री सुनील साहू, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, जिप सदस्या प्रीति गुप्ता, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अमित साहू, पूर्वी मंडल अध्यक्ष बंधन यादव, सांसद प्रतिनिधि डोमन पांडे, ओबीसी पश्चिमी मंडल अध्यक्ष सुनील साहू, ओबीसी पूर्वी मंडल अध्यक्ष मुन्ना यादव बिरेंद्र यादव, राजेश यादव, एससी मोर्चा नागेश्वर रजक, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज साव, मुन्ना यादव, पश्चिमी पूर्वी रामस्वरूप पासवान, महिला मोर्चा में संगीता देवी, पश्चिमी पूर्वी में कांति देवी, जनजातीय मोर्चा रामचंद्र टूडू पूर्वी, भाजपा युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष चौपारण पूर्वी आशीष गुप्ता, पश्चिमी रंजन सिंह, भाजपा एससी मोर्चा चौपारण मण्डल कृष्णा पासवान, भाजपा ओबीसी मोर्चा चौपारण राजकुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों को दी गयी योग की जानकारी

इचाक। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को शुभ अवसर पर डाढीघाघर पंचायत में योग के बारे में लोगों को बताया गया। जिसमें डाढीघाघर के पंचायत समिति श्रीमती लीलावती देवी तथा कई ग्रामीणों ने इसके बारे में जानकारी लिए। इसके साथ ही साथ योग प्रशिक्षक दशरथ कुमार गुप्ता ने ग्रामीणों को योग के बारे में जानकारी दी। कही गई तथा पांच दिवसीय योग शिविर दाढ़ी घागर के पंचायत भवन में किया जा रहा है। जिसमें भाग लेने वाले व्यक्ति पंचायत समिति सदस्य तथा आंगनबाड़ी सेविका सुमित्रा देवी उप स्वास्थ्य केंद्र डॉ राजेश कुमार मिश्रा तथा संपूर्ण ग्रामीण का समर्थन रहा।

### दारू में जारी है अवैध बालू का अवैध खनन

दारू। दारू अंचल क्षेत्र में अवैध बालू का खनन अभी भी चोरी छिपे किया जा रहा है जबकि केंद्र सरकार के द्वारा 10 जून से 15 अकटुबर तक बालू का खनन और उठाव पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है।दारू थाना पुलिस ने कबलासी पंचायत के देवरिया से बालू लदे एक ट्रैक्टर को मंगलवार को जप्त कर लिया। पुलिस द्वारा जप्त लाल रंग का ट्रैक्टर देवरिया निवासी संजय सिंह पिता केदारनाथ सिंह का है। अंचलाधिकारी नीतू कुमारी ने जप्त बालू लदे ट्रेक्टर के मालिक के खिलाफ दारू थाना में मामला दर्ज करने का निर्देश दिया। अंचलाधिकारी के आवेदन के पर दारू थाना में कांड संख्या 43/23 में मामला दर्ज कर लिया है।

### युवक का डूबने से मौत, पत्नी को हत्या की आशंका

हजारीबाग। शहर के कटकमदाग थाना क्षेत्र अंतर्गत खपरियावाआ निवासी सिकंदर रवानी की डूबने से मौत हो गयी। वही पत्नी का कहना है कि मेरे पति तैराक थें डूबने से मौत नही हुई है मुझे सक है की किन्ही के द्वारा मेरे पति को धकेला गया है । क्योंकि तकरीबन दिन के 11:00 बजे कोई कैसे डूब सकता है जबकि पास में कई लोगों का आवागमन जारी था। पत्नी के द्वारा जांच कर कार्रवाई की मांग की जा रही है। मृतक अपने पीछे दो छोटी छोटी लड़कियों को छोड़ गए हैं।

### एयरटेल पेमेंट बैंक ने दुर्घटना बीमा की राशि सौंपा



हजारीबाग। एयरटेल पेमेंट बैंक के द्वारा अपने ग्राहक का 500 रुपए से(भरोसा) खाता खोला था जिसका नाम पप्पू राम था। अचानक सड़क दुर्घटना में उनका मृत्यु हो गया था। मृत्यु के पश्चात सात से आठ दिनो के बाद उसके परिजनों को पता चला की एअरटेल पेमेंट बैंक अपने सभी ग्राहक को 5 लाख तक की दुर्घटना बीमा मुफ्त में देती है। उनके परिजनों के द्वारा उपेंद्र के पास बीमा क्लेम प्रक्रिया के लिए बोला गया रिटेलर ने इसकी जानकारी (टी एस एम) चंदन पाण्डे को दिए । बीमा क्लेम की प्रक्रिया पूरा होने के बाद पैसा उसकी मां(सविता देवी) को को 500000 ( पांच लाख ) रुपया का चेक एअरटेल पेमेंट बैंक के द्वारा दिया गया जिसमें एयरटेल पेमेंट बैंक के सभी कर्मचारी मौजूद थे जिसमें मुख्य रुप से एयरटेल (रूरल बैंकिंग हेड) दीपक सर एयरटेल पेमेंट बैंक के ( टेरिटरी सेल्स मैनेजर) चंदन पाण्डे । एयरटेल पेमेंट्स बैंक के हजारीबाग डिस्ट्रीब्यूटर उदय मेहता , डुमराऑन मुखिया चौहन महतो पूर्व जिला परिषद मुकेश राम के अलावा एअरटेल मित्रा सतीष कुमार, सन्नी कुमार, उपकार एवम कौशल, आशीष मेहता इत्यादि इनके अलावे स्थानीय लोग मौजूद थे।

### नीट में रामगढ़ के ऋषि को मिली कामयाबी



रामगढ़। कोयरी टोला निवासी ऋषि राज ने नीट की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर जिले और परिजनों का नाम रौशन किया है। ऋषि राज ने दीक्षा एकेडमी के शिक्षकों की देखरेख में अपनी तैयारी की थी। ऋषि की सफलता पर दीक्षा एकेडमी के शिक्षकों द्वारा बुधवार को ऋषि को सम्मानित किया गया। झारखंड वैश्य समाज के केंद्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता उर्फ नंदू बाबू ने कहा की ऋषि राज ने नीट की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर जिले के लोगों को गौरवान्ति होने का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि उनकी सफलता से उन युवाओं को प्रेरणा मिलेगी जो समझते हैं की मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए बड़े शहरों में जाने से बेहतर तैयारी होती है ऋषि राज ने बताया कि परीक्षा में उनकी ऑल इंडिया रैंकिग 9103 है। जबकि ओबीसी कैटेगरी में उनकी रैंकिग 3446 है। ऋषि ने कहा की उन्होंने मेडिकल के क्षेत्र को इसलिए चुना है क्योंकि समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को वे मदद करना चाहते हैं। कहा की मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने के बाद वे समाज के कमजोर वर्ग के लोगों की मदद करेंगे। वहीं, मेडिकल की तैयारी में जुटे युवाओं के लिए उन्होंने कहा की यदि आप मेडिकल अथवा इंजीनियरिंग की तैयारी कर रहे हैं तो यह मत सोंचे की रामगढ़ में रहकर इसकी तैयारी नही हो सकती। कहा की स्थान से तैयारी में कोई फर्क नही पड़ता। इसके लिए दृढ ईच्छाशक्ति होनी चाहिए की हमें सफलता प्राप्त करनी है। मौके पर दीक्षा एकेडमी निदेशक लक्ष्मण कुमार, ललन कुमार, शशिभूषण कुमार, अनुपम मुखर्जी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज़

### भला गड़ेरिया ने बांटे 201 पौधे



**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय में भला गड़ेरिया संस्था की गुड शेफर्ड इकाई ने बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर चैनपुर के अगल-बगल 10 गांव झाड़गांव, सिल्फड़ी, छतरपुर, सदान बुकमा, डिप्पा बुकमा, जयपुर,तिलवारी, दातरा, तिगवाल,रातू की महिलाओं में 201 पौधे बांटे। मुख्य अतिथि वन विभाग के चंद्रेश्वर उरांव, शिवकुमार उरांव, राजकुमार साहू ने लोगों को पेड़ न काटने तथा नये पेड़ लगाने एवं उनके संरक्षण की बात कही। कृषि विभाग के राजेंद्र तिर्की, रवि रंजन व एंद्रेड राम ने पर्यावरण में होते बदलाव तथा उनसे होने वाली हानि बतायी। मौके पर संस्था के सिस्टर नित्या, प्रियंका, विनीता हैरीवर्ड लकड़ी, ज्योति किरण एक्का, आलोक खलखो उपस्थित थे।

### मकसूद मियां के घर में साटा इश्तेहार



**चैनपुर।** चैनपुर पुलिस ने कांड संख्या 15/16 के प्राथमिकी अभियुक्त मकसूद मियां पिता शाहिद मियां ग्राम जमगाई, थाना चैनपुर, गुमला के घर में ग्रामीणों की उपस्थिति में ढोल नगाड़ा बजाकर उसके घर में इश्तेहार चिपकाया और उनके परिजनों से उसे पुलिस या कोर्ट के समक्ष एक महीना के अंदर सरेंडर करने को कहा। ग्रामीणों से कहा कि आप सभी उसे जागरूक करते हुए सरेंडर करने को कहें। थाना प्रभारी ने बताया कि अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गुमला कोर्ट से निर्गत इश्तेहार को मकसूद मियां के घर चिपकाया गया है। अगर तय समय पर सरेंडर नहीं किया तो कुर्की जप्तई की जायेगी।

### पशु चारा और जलावन जल कर राख

**भंडरा।** मसमानो पंचायत के बेदाल टंगरा टोली के खलिहान टंगरा में आग लग जाने से किसानों का रखा हुआ पशु चारा, कुट्टी, पुआल और जलावन जल गया। आग बुझाने में असमर्थ ग्रामीणों ने इसकी सूचना भंडरा थाना को दी। तब अग्निशमन वाहन ने आग बुझायी। आग लगने से किसानों के समक्ष पशु चारा एवं जलावन की समस्या हो गयी। इसअगलगी में दुर्गा लोहरा, बली लोहरा समेत 6 किसानों का पशु चारा एवं जलावन नष्ट हो गया। अगलगी का कारण स्पष्ट नहीं हो सका।

### मनरेगा अभिशरण के विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**कैरो।** प्रखंड के सढ़ाबे पंचायत भवन में बुधवार को लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान ने कैरो प्रखंड में चल रहे गरीब एवं सीमांत किसानों का आजीविका संवर्धन परियोजना के तहत सढ़ावे पंचायत के पंचायत सचिवालय एवं प्रखंड के विभिन्न स्थलों पर सभी 26 गांव के 280 ग्रामीणों मजदूरों को मनरेगा अभिसरण के विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया। जिसमें प्रशिक्षक ने सभी ग्रामीण मजदूरों को मनरेगा कानून के सभी विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में झारखंड के प्राकृतिक संसाधनों जैसे-जल, जंगल, जमीन इत्यादि के उपलब्धता पर चर्चा परिचर्चा कर जानकारी दी। प्रशिक्षक एलजीएसएस से विक्रम कुमार, सुधीर कुमार, संदीप रविदास, सचिन मरांडी, द्रोपती कुजूर, धनेश उरांव, हाफिज अंसारी सहयोग में प्रखंड के सभी वीएसएफ शामिल रहे।

### मन का मिलन पखवाड़ा का समापन



**लोहरदगा।** झालसा रांची तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा राजेंद्र बहादुर पाल के निर्देशन में 29 मई से लेकर 14 जून 2023 तक मध्यस्थता पर चलाये गये 'मन का मिलन' पखवाड़ा का बुधवार को विधिवत समापन हुआ। डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि मध्यस्थता के माध्यम से विवाद सुलझाने को लेकर यह जागरूकता अभियान दिनांक 29 मई से लेकर 14 जून तक 'मन का मिलन पखवाड़ा' शीर्षक से चलाया गया था जिसके संबंध में प्रचार-प्रसार पहले किया गया था। जिसका असर सिविल कोर्ट परिसर में देखने को मिला 500 से अधिक लोगों ने मन का मिलन पखवाड़ा के संबंध में एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यों के संबंध में जानकारी ली। 15 दिनों में कुल 13 पेंडिंग वादों का निस्तारण किया गया। जिसमें से मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चंदन के न्यायालय से 8 केस अनुमंडल दंडाधिकारी सह सिविल जज के यहां से चार केस एवं पूजा कुमारी लाल, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी के यहां से एक केस का निष्पादन किया गया। बेंच में सअनि राजकुमार भूमिज, एलएडीसीएस के अधिवक्ता, मध्यस्थ वकील, टेलेला के अधिवक्ता, प्रो बोनो अधिवक्ता के साथ-साथ पीएलबी ने भी सहयोग दिया।

### सदर अस्पताल में 54 यूनिट रक्त संग्रह



**गुमला।** जिले में विश्व रक्त दान दिवस के तहत सदर अस्पताल में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के कई वरीय पदाधिकारियों सहित विभिन्न कार्यालयों के कर्मियों एवं आम लोगों ने रक्त का दान किया। जिसमें महिलाओं ने भी रक्त दान कर इस महान दान में अपना योगदान दिया।। उक्त शिविर में कुल 54 यूनिट रक्त का संग्रहण हुआ। इस दौरान सीआरपीएफ के जवानों ने भी रक्त दान कर इस शिविर में बढ़ चढ़ कर भाग लिया।इस कैंप का उद्देश्य था लोगों को रक्त दान के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें रक्त दान के फायदे से अवगत कराना। साथ ही, इस शिविर से संगठित रूप से ब्लड कलेक्शन किया गया जो समुदाय के सभी सदस्यों के लिए सुलभ होगा। शिविर में रक्तदान करने से पहले, सभी दाताओं का मेडिकल परीक्षण किया गया। जिससे सुनिश्चित होता है कि रक्तदान करने से पहले सभी दाताओं की स्वास्थ्य अच्छी है। उपायुक्त सुशांत गौरव के निर्देश के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी सदर रवि जैन के नेतृत्व में अप्रैल माह से अब तक लगातार तिथि निर्धारित करते हुए जिले भर में रक्त दान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पिछले 3 माह में विभिन्न प्रखंडों में 24 बार रक्त दान शिविर का आयोजन किया जा चुका है।

# गुमला जिले के 3000 से अधिक किसान कर रहे जैविक खेती

- जैविक खेती के प्रति गुमला के किसानों के बढ़ते कदम
- जैविक खेती से किसानों की आमदनी हो रही है सशक्त
- जैविक खेती संबंधित किसानों को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जैविक खेती के प्रति जिले को अग्रसारित करने के दिशा में उपायुक्त सुशांत गौरव की पहल से प्राण संस्था की सहायता से जिले के 5000 से अधिक किसानों जैविक खेती करने हेतु प्रशिक्षण सह सहायता प्रदान की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2022 23 के रिपोर्ट के अनुसार प्राण संस्था द्वारा एक प्रयोग करते हुए जिले के 5 प्रखंडों को चुना एवं जैविक खेती करने हेतु जिला के किसानों को प्रेरित किया।

किसानों को बताया गया कि किस प्रकार से रसायन युक्त खेती से लोगों को जानलेवा बीमारी का सामना करना पड़ रहा है। उदाहरण के तौर पर पंजाब एवं दक्षिणी भारत के लोगों द्वारा अत्याधिक रसायन युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन से वहां के लोगों को हो रही गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के संबंध में बताया गया। रसायन युक्त खाद्य पदार्थों (फल, सब्जी आदि) से बढ़ते बीमारी को देखते हुए अब लोगों में ऑर्गेनिक फूड की क्रेज देखने को मिल रही है।

जानकार केवल जैविक खेती से उत्पादित खाद्य पदार्थों का ही सेवन करना पसंद कर रहे हैं। भले ही उसके लिए कुछ अधिक राशि ही क्यों न खर्च करनी पड़े। इन्हीं स्थिति को देखते हुए जिले को जैविक खेती से जोड़ने हेतु उपायुक्त द्वारा लगातार प्रयास किया जाता है। जिले में प्रयोग के रूप में प्रारंभ हुए जैविक खेती ने जिले भर के किसानों को प्रेरित किया है।

3 प्रकार के समूहों का गठन करते हुए उनके बीच कार्य बांटा गया। एक समूहों को किट नाशक एवं खाद्य बनाने के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। वहीं एक समूहों को केवल खेती की प्रक्रिया से अवगत करवाया गया। अंत में एक समूह ने केवल विपणन की प्रक्रिया को सम्हालने हेतु तैयार किया गया। प्राण संस्था द्वारा बसिया, भरनो, घाघरा, सिसई एवं गुमला के लगभग 65 गांव के किसानों के समूह का गठन करते हुए पिछले 1 वर्षों में 880 एकड़ भूमि पर जैविक खेती का सफल प्रयोग किया गया। जिसमें जैविक साग सब्जी का उत्पादन किया गया। संस्था द्वारा जैविक खेती हेतु कृषि किट का भी वितरण किया जा रहा है। ऑर्गेनिक खेती से न केवल माटी की गुणवत्ता में सुधार होता है, बल्कि यह स्वस्थ खाद्य पदार्थों की पैदावार भी बढ़ाता है। इसके अलावा, ऑर्गेनिक खेती से नकारात्मक प्रभावों को भी कम किया जा सकता है। जिला प्रशासन एवं प्राण संस्था द्वारा संयुक्त रूप से किसानों को ऑर्गेनिक खेती से जुड़ी सभी तकनीकों का प्रशिक्षण देते हुए, उन्हें सफल किसान बनाने में सहायता दी जा रही है।





महिलाओं के द्वारा की गयी जैविक खेती और जैविक खेती के लिए खाद बनाने की प्रक्रिया बताते संस्था के सदस्य।

**महिला किसान कर रही है जैविक खेती को लीड :** जिला प्रशासन के सहयोग से प्राण संस्था द्वारा जिले के लगभग 3000 से अधिक किसानों को जैविक खेती से जोड़ा गया। जबकि 5000 से अधिक किसानों को उक्त से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान की गयी है। जिसमें से अधिकतर महिला किसानों शामिल है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने उद्देश्य से विभिन्न प्रखंडों से लगभग 30 महिला विलेज रिसोर्स पर्सन को चिन्हित किया गया। जिनके द्वारा किसानों के समूह का गठन करते हुए समय समय पर उन्हें सहायता प्रदान की गयी। इन सभी महिलाओं को जैविक खेती से जुड़े सभी बिंदुओं के लिए माहिर किया गया। संस्था द्वारा उन्हें गोबर, सब्जी के छिलके आदि की सहायता से खाद्य बनाना एवं नीम के पत्तों से किट नाशक बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही खेती करने हेतु तकनीकी सहायता भी प्रदान की जा रही है।

## आम चुनाव 2024 को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

# वोटर लिस्ट, मतदान केंद्र व चुनाव की तैयारियों पर चर्चा

**उपायुक्त का निर्देश**

- वैसे वोटर जिनका नाम मतदान सूची में है परंतु कई अरसों से वे जिले से बाहर हैं, वैसे वोटरें का नाम वोटर लिस्ट से हटायें

**खबर मन्त्र संवाददाता**



समीक्षा बैठक में पदाधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त।

**ये रहे उपस्थित**

इस दौरान बैठक में जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी गुलाम समदानी सहित निर्वाचन विभाग के शेखर गुप्ता, शशिकांत भारती, अजीत कुमार चौधरी, सौरव गुप्ता, मंगल तिर्की संतोषी कुमारी, प्रमोद कुमार व अन्य उपस्थित रहे।

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में बुधवार को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर समीक्षात्मक बैठक हुई। जिसमें जिले के सभी 994 मतदान केंद्रों में उपलब्ध एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी अर्थात उक्त मतदान केंद्रों में उपलब्ध प्राथमिक सुविधाओं की समीक्षा की गयी। इस दौरान उपायुक्त ने निर्देशित किया कि जिले के शत प्रतिशत मतदान केंद्र सरकारी भवनों में ही बनें। कहा कि जिले में 300 नये आंगनबाड़ी केंद्र बने हैं। कुछ आंगनबाड़ी केंद्रों को भी मतदान केंद्र के रूप में उपयोग करें। उन्होंने सभी विभाग के कर्मियों को अभी से ही चुनाव के लिए प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया।

आगामी चुनाव में कम से कम 80 प्रतिशत वोटिंग हो उसके लिए युद्ध स्तर पर स्वीप कोषांग को तैयारी करने को कहा। उन्होंने बूथ वाइज प्लान तैयार करने की बात कही। सभी मतदान केंद्रों में शौचालय, पेयजल एवं बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

# हमारी पार्टी और कार्यकर्ताओं के लिए राष्ट्र सर्वोपरि: सुदर्शन भगत

- भाजपा की संयुक्त जिला कार्य समिति विधानसभा स्तरीय बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी की संयुक्त जिला कार्यसमिति लोहरदगा विधानसभा स्तरीय बैठक जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय बक्सीडिपा में की गई। बैठक में मुख्य अतिथि लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत रहे। कार्यक्रम की शुरुआत महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदेमातरम गीत के साथ शुरुआत हुई। बैठक को मुख्य अतिथि सांसद सुदर्शन भगत, भाजपा जिला प्रभारी मनोज मिश्रा, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, पूर्व माटी कला बोर्ड अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, महाजनसंपर्क अभियान जिला संयोजक राजकिशोर महतो, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद, पूर्व जिलाध्यक्ष, ब्रजबिहारी प्रसाद, राकेश प्रसाद, भाजयुमो प्रदेश मंत्री अजातशत्रु का संबोधन सहित सातों मोर्चा के अध्यक्ष संजय चौधरी, कलावती देवी, भीखाराम उरांव, मनीष शिखर, जितेंद्र महतो, नासिर हुसैन ने बैठक में सुझाव दिये।





सांसद सुदर्शन भगत का स्वागत करते रितेश कुमार।

**क्या बोले सांसद :** सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि 30 मई से 30 जून तक सरकार के 9 वर्ष के पूरे होने पर प्रायोजित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम तय किये गये हैं, जिसे चरणबद्ध तरीके से आयोजित किये जा रहे हैं। हमारा लक्ष्य 2024 हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को जनता ने लगातार दो प्रधानमंत्री बनाया और तीसरी बार भी बनायेगी।

# शत प्रतिशत किसान लाभुकों को केसीसी व ऋण माफी योजना से जोड़ने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

- खरीफ फसल से संबंधित तैयारी को लेकर उपायुक्त ने विभिन्न विभागों के साथ की समीक्षा बैठक
- खेतों की उर्वरता बनाये रखने हेतु कम रसायनिक कीटनाशक व खाद पदार्थों का उपयोग करने की किसानों से अपील

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में जिला कृषि विभाग, उद्यान विभाग, सहकारिता विभाग एवं भूमि संरक्षण विभाग की संयुक्त रूप से समीक्ष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी खरीफ के मौसम को देखते हुए कृषि के क्षेत्र में किसानों को दिए जाने वाले सुविधाओं से संबंधित योजनाओं पर चर्चा करते हुए उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपायुक्त ने केसीसी एवं ऋण माफी योजना पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि उक्त योजना से शत प्रतिशत किसानों को जोड़ते हुए उनके बेहतर फसल उत्पादन हेतु आर्थिक सहयोग करें। जिन किसानों ने पिछले वर्ष केसीसी से जुड़ कर इसका लाभ लिया था उन्हें पुनः उक्त योजना से जोड़ कर लाभान्वित करते हुए आर्थिक सहयोग हेतु ऋण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया साथ ही ऋण माफी योजना के लाभुकों का भी केसीसी करवाते हुए उनके आवश्यक अनुसार ऋण उपलब्ध कराने की बात कही। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अब तक जिले के कुल 80,621 किसानों को केसीसी से जोड़ते हुए उन्हें उक्त योजना से लाभान्वित किया गया है। उन्होंने 30 जून तक शत प्रतिशत किसानों को ऋण माफी योजना एवं केसीसी से जोड़ते हुए योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने खेती में किसानों द्वारा अधिक नाइट्रोजन युक्त रासायनिक पदार्थों के उपयोग करने पर गंभीरता व्यक्त की। उन्होंने जानकारी दी कि यदि कोई किसान अपने उत्पाद को बढ़ाने हेतु अत्यधिक मात्रा में किसी भी रसायनिक किट नाशकों एवं खाद का उपयोग करता है तो उसके खेत की आयु कम होने की संभावना अधिक देखने को मिलेगी। क्योंकि अत्यधिक मात्रा में रासायनिक पदार्थों के उपयोग से खेत की उर्वरक क्षमता में हानि होगी और लंबे समय तक किसान उसपर खेती नहीं कर सकेंगे।

### अच्छे कार्य के लिए बिरसा कृषि विश्वविद्यालय ने कृषि विज्ञान केंद्र गुमला को किया सम्मानित

**गुमला।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय कांके रांची के 37 वे प्रसार शिक्षा काउंसिल की बैठक में कृषि विज्ञान केंद्र गुमला विकास भारती बिशुनपुर को रिवाल्विंग फंड के बेहतर प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया गया। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय प्रत्येक वर्ष राज्य स्तर पर कृषि के क्षेत्र में कार्य करने एवं कार्यों की समीक्षा हेतु कृषि प्रसार शिक्षा काउंसिल की मीटिंग करती रही है। इसके द्वारा प्रत्येक कृषि विज्ञान केंद्र के कार्यों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यों की योजना की समीक्षा की जाती है। साथ ही साथ विवि में चल रही गतिविधियों की भी समीक्षा की जाती है। झारखंड राज्य में आज 23 कृषि विज्ञान केंद्र कार्यरत है।

### सहारा इंडिया सहित अन्य चिटफंड कंपनी से पैसे दिलाने को 16 जून को मांग-पत्र सौंपने का निर्णय

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल (जेएनडी) ने गुमला जिला के सहारा इंडिया सहित विभिन्न चिटफंड कंपनी द्वारा ठगे गये प्रभावितों को उनकी जमा राशि शुद्ध सहित दिलाने के लिए 16 जून 2023 को उपायुक्त गुमला व राज्य सरकार झारखंड को मांग-पत्र सौंपेगी। विदित हो कि गुमला जिला के हजारों परिवार अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई सहारा इंडिया, बेड़ो बैंक, एपी लाइन जैसे कई चिटफंड कंपनियों में करोड़ों जमा किये हैं। जिनका मेच्योरिटी तिथि बीत जाने के बाद भी भुगतान लंबित है। इस तरह से पैसे जमा करने वाले लोग ठगा महसूस कर रहे हैं। जिसे देखते हुए झारखंड नवनिर्माण दल पैसे भुगतान नहीं होने की स्थिति में आंदोलन के भी मूड में है, जिसके तहत 16 जून को मांग-पत्र सौंपते हुए भुगतान दिलाने के लिए प्रभावित परिवार को लेकर आंदोलन की भी रूपरेखा तय की जायेगी। यह जानकारी शंकर उरांव ने दी है।

### केंद्रीय विद्यालय में एकदिवसीय कार्यशाला



**लोहरदगा।** जी-20 चौथी शिक्षा कार्य समूह की बैठक के लिए जनभागीदारी गतिविधियों के कार्यक्रम के अंतर्गत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन केंद्रीय विद्यालय बरही लोहरदगा में किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनंदा चंद्रमौलेश्वर दास ने दीप प्रज्वलन कर किया। प्राचार्या ममता तिर्की ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला की रूपरेखा रखी। सामाजिक विज्ञान शिक्षक हरेंद्र कुमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति का विस्तृत सार रखते हुए इसकी पृष्ठभूमि, उद्देश्य, संरचना एवम् परिवर्तन पर प्रकाश डाला। फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी के बारे में प्रस्तुति रितु कुमारी ने दिया। इसके उप-विषयों फाउंडेशनल लिटरेसी को सुनीता इंदवार ने एवम् फाउंडेशनल न्यूमेरेसी को नरेश रजक ने व्यावहारिक एवं आनुभविक उपागमों के द्वारा बताया।

## ह्यूमैनिटी इंडिया ने किया मिट्टी के घड़ा का वितरण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** ह्यूमैनिटी इंडिया संस्था के द्वारा हिंडालको के सहयोग से जिले के 100 परिवारों के बीच मिट्टी के घड़ा का वितरण किया गया। संस्था के सचिव शाहिद रजा ने बताया कि जिले में पड़ रही प्रचंड गर्मी को देखते हुए संस्था के द्वारा जिले के अत्यंत गरीब परिवारों के बीच मिट्टी के घड़ा के वितरण को लेकर हिंडालको से संपर्क किया गया था। जिस पर हिंडालको के द्वारा जनकल्याण को लेकर संस्था के माध्यम से अत्यंत गरीब परिवारों के बीच मिट्टी के घड़े के वितरण में सहयोग किया गया।

### एसिड पीने से हुई ग्रामीण की मौत

**गुमला।** डुमरी थाना क्षेत्र के कटकाया टोली निवासी तिलुआ कुजूर (45) की एसिड पीने से मौत हो गयी। परिजनों ने बताया कि मृतक तिलवा कुजूर ने घर में रखे एसिड के बोतल को पानी समझकर पी लिया। एसिड पीने के कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगा तो परिजनों ने आनन-फानन में उसे चैनपुर स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार कर तुरंत सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया। वहीं सदर अस्पताल लाने के क्रम में मड़यकोना के समीप ही उसकी मौत हो गयी।

## अंजुमन चुनाव : उम्मीदवारों के बीच चुनाव चिह्न आवंटित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** अंजुमन इस्लामियां गुमला के पदाधिकारियों के आम चुनाव में मगंलवार की देर शाम चुनाव कमेटी ने उम्मीदवारों केपी चुनाव चिन्ह आवंटित किया। नाजिम ए आला के दो प्रत्याशी, सदर के तीन प्रत्याशी और सेक्रेट्री के दो प्रत्याशी कुल सात प्रत्याशीयों के बीच चुनाव चिन्ह का आवंटन किया गया। नाजिम-ए-आला पद के पठान पंचायत के उम्मीदवार हाजी हुसैन खान को टोकरी छाप क्रम संख्य 1 और इराकी पंचायत के हाजी खलील अशर्फी को बल्ला छाप क्रम संख्य 2 दिया गया। वहीं सदर पद के तीन उम्मीदवारों में से इदरिसिया पंचायत से मो इरसाद खान उर्फ बबलू को आलमिराह (गोदरेज) क्रम संख्य 1, पठान पंचायत से मो मिन्हाज खान को नारियल का पेड़ क्रम संख्या 2, हमदर्द पंचायत से मोहम्मद मोशाहीद आजमी उर्फ पम्मू को ताला चाभी छाप क्रम संख्या 3 आवंटित किया गया। सचिव के लिए इदरीसिया पंचायत से अधिवक्ता खुर्शीद आलम को झोपड़ी छाप मिला।

# रमेश कुमार चीनी बने भारतीय वैश्य चेतना महासभा के गुमला जिलाध्यक्ष

- भारतीय वैश्य चेतना महासभा झारखंड प्रदेश इकाई के अध्यक्ष किया प्रेस कॉन्फ्रेंस
- दिलीप निलेश को बनाया गया दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल का प्रभारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



रमेश कुमार।



दिलीप नीलेश।



विनोद साह।



गोपाल कुमार।

**गुमला।** भारतीय वैश्य चेतना महासभा झारखंड प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सुनील साहू ने बुधवार को नीलेश कॉम्प्लेक्स भवन के सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गुमला जिला समाज का विस्तार किया। उन्होंने रमेश कुमार चीनी को गुमला जिला का अध्यक्ष मनोनीत किया। इसके अलावे चार प्रदेश पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। जिसमें दिलीप कुमार नीलेश को प्रदेश उपाध्यक्ष सह दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल का प्रभारी बनाया। वही गोपाल कुमार को प्रदेश संगठन मंत्री सह सिमडेगा जिला का प्रभारी, बिनोद कुमार साह को प्रदेश मंत्री सह लोहरदगा जिला का प्रभारी एवं अशोक कुमारमुन्ना को प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य मनोनीत किया। इसके अलावे नव मनोनीत जिला अध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने अपने जिला टीम से सतीश प्रसाद को जिला महामंत्री और अरुण कुमार को जिला सचिव एवं दीपक गुप्ता को जिला मीडिया प्रभारी बनाया।मौके पर प्रदेश अध्यक्ष श्री सुनील साहू ने नव-मनोनीत जिला अध्यक्ष को यथाशीघ्र अपने टीम का गठन कर समाज के एक एक घरों में वैश्य समाज की राजनीतिक लक्ष्यों को पूरा करने का संकल्प दोहराने का निर्देश दिया। साथ ही नव-मनोनीत पदाधिकारियों को राज्य-स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने को कहा।

नव मनोनीत जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने अपने पहले सम्बोधन में कहा कि वैश्य समाज को सभी सरकारों ने सिर्फ वोट लेने का काम किया। किंतु उससे ज्यादा उसका राजनीतिक शोषण करने करने में कोई कसर नहीं छोड़ा अब यह शोषण नहीं चलेगा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्री सुनील साहू, जिला अध्यक्ष रमेश कुमार चीनी के अलावे प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप कुमार नीलेश, प्रदेश संगठन मंत्री गोपाल कुमार, प्रदेश मंत्री बिनोद कुमार साह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक कुमार आदि थे।

# आंदोलनकारियों की मांगों पर हठधर्मिता छोड़ वार्ता करें सीएम हेमंत : कयूम खान

- आंदोलनकारी के पुत्र होने का हक अदा करें सीएम : अश्विनी
- हेमंत सरकार झारखंड आंदोलन की ही उपज : प्रो विनोद भगत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा जिला समिति की बैठक बुधवार को कार्यकारी जिला अध्यक्ष अमर किन्डो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में केन्द्रीय समिति के महासचिव कयूम खान, वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर, जिला संयोजक प्रो विनोद भगत आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर केन्द्रीय महासचिव ने कहा कि आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा वर्षों से जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी आंदोलनकारियों को समान रूप से मान-सम्मान, नियोजन पेंशन, आंदोलनकारी कल्याण कोष का गठन एवं आंदोलनकारी कॉरिडोर का निर्माण सहित 11 सूत्री मांगें सरकार से करती रही, लेकिन सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंगी है।



**खास बातें :** उन्होंने आंदोलनकारियों के मामले में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आग्रह किया कि अविलंब आंदोलनकारियों से वार्ता कर पहचान, सम्मान एवं व्यवस्था का लाभ दें। उन्होंने कहा कि आन्दोलनकारियों की समस्याओं और मांगों पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हठधर्मिता छोड़ें और जल्द से जल्द निदान करें।वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर ने कहा कि कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा चिन्हितीकरण के नाम पर लोगों को बरगला कर आर्थिक दोहन करने का प्रयास कर रहे हैं। उनसे सावधान रहें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आंदोलनकारी के पुत्र होने का हक अदा करें। बिना किसी दबाव के जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी झारखंड आंदोलनकारियों को समान रूप से मान-सम्मान, पहचान, नियोजन, पेंशन आदि के मामले को अविलंब निष्पादित करें। जिला संयोजक प्रो. विनोद भगत ने संबोधित करते हुए कहा कि अलग राज्य के लिए लड़ाई झारखंड में हुई।

पुलिस हिरासत में रैकेट में शामिल 25 से अधिक लोग

# गढ़वा के जागरूक नागरिकों ने धमार्नान्तरण के बड़े प्लान को किया विफल

## नगर परिषद के आश्रय गृह में मेहमान की तरह रह रहे से गिरोह के 25 से ज्यादा सदस्य

### आंध्र प्रदेश से आया था धमार्नान्तरण की टीम





थाना में आंध्र प्रदेश का धमार्नान्तरण रैकेट, रॉकेट में शामिल महिलाएं व बच्चे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा के भोले भाले आदिवासियों और गरीबों को बहला फुसलाकर धमार्नान्तरण कराकर ईसाई बनाने का अभियान अब धमार्नान्तरण रैकेट के माध्यम से किये जाने का बड़ा खुलासा हुआ है। जिला मुख्यालय के टंडवा मुहल्ला के नागरिकों की जागरूकता के कारण धमार्नान्तरण रैकेट का भंडाफोड़ हुआ और उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया गया। एसपी के निर्देश पर पुलिस इसकी बारीकी से जांच में जुट गई है। उधर नगर परिषद गढ़वा के कार्यपालक पदाधिकारी भी आश्रय गृह में रैकेट के रुकने सम्बन्धी वैधता की जांच में जुट गए हैं।

जानकारी के अनुसार बिहार के मुंगेर जिले का रहने वाला आशुतोष आनन्द उसकी पत्नी प्रिया भारती और बच्चे वर्षो से टंडवा मुहल्ले में किराए के मकान में रह रहे थे और छुपे-छिपे धर्म परिवर्तन के कार्य मे जूट हुए थे। कई गांवों में उनलोगों ने धर्म परिवर्तन का माहौल बना रखा था। उनके टारगेट पर गरीब आदिवासी और हरिजन थे। जिन्हें ईसाई बनने पर होने वाले फायदे से अवगत कराना और ईसाई बनाना था। मुख्य कर्ता धर्ता आशुतोष आनन्द ने कई स्थानीय लोगों को ईसाई बनने के लिए ब्रेनवास किया था।जिसमें कितासोती गांव का अजय राम भी शामिल था।

**बड़े पैमाने पर धर्म परिवर्तन की थी योजना :** आशुतोष आनन्द ने गढ़वा में बड़े पैमाने पर धर्म परिवर्तन के लिए बाहर से विशेषज्ञ लोगों की टोली को आमंत्रित किया था। योजना के अनुसार उन्हें कई टुकड़ों में बांटकर कई गांवों में घूमना था और लोगों को ईसाई धर्म मे शामिल होने की सारी प्रक्रिया को पूरा करना था। उसके बाद सभी का धर्म परिवर्तन कर उन्हें नए धर्म में आजीवन रहने का कसम खिलाना था। साथ ही ईसाई धर्म में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का टास्क देना था।

**नगर परिषद के आश्रय गृह बना मेहमानखाना :** आशुतोष आनन्द ने गढ़वा में आकर धर्म परिवर्तन कराने के लिए जिस विशेषज्ञ टीम को बुलाया था उसमें आंध्रप्रदेश के अलग-अलग गांव के राममोहन राव, रवि राज, प्रेम कुमार, प्रवीण कुमार, के नागेश, प्रमदय, बंसत कुमार, जी गणेश, बी राज, के राजेश, सामिल्स, बिहार के मुंगेर जिला के मुफसील के नैयागडही गांव निवासी आशुतोष आनंद की पत्नी प्रिया भारती, नबाबगढ़ी के रंजीत आंनद की पत्नी, मुन्नी देवी, दिपक आंनद की पत्नी तनु कुमारी, आलिया कुमारी, सालनी कुमारी, इश्वर आनंद, सृष्टि राज शामिल थी। आशुतोष आनन्द ने इनके रुकने की व्यवस्था नगर परिषद गढ़वा के आश्रय गृह में किया था। इसके लिए उसने नगर परिषद के मिशन प्रबन्धक कौशल किशोर ठाकुर से परमिशन ली थी। आश्रय गृह के केयर टेकर में केवल चार आईडी प्रूफ लेकर 25 से अधिक लोगों को आश्रय गृह में रखा था।

**धर्म परिवर्तन के रैकेट में सीआरपीएफ के जवान भी है शामिल :** धर्म परिवर्तन को अंजाम देने के लिए आशुतोष ने बाहर से जिस विशेषज्ञ टीम को बुलाया था उसमें कथित रूप से जी राजू नामक सीआरपीएफ के एक जवान भी शामिल था। आंध्रप्रदेश के रहने वाला जी राजू उत्तर प्रदेश के रामपुर के सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में कार्यरत है। उसने बताया कि वह छुट्टी पर है और लोगों को सही मार्ग बताने गढ़वा आया है और सही मार्ग ईसाई धर्म का है।

**धर्म परिवर्तन की खबर मिलते ग्रामीणों ने बिगाड़ी खेलः** योजना के अनुसार बाहर से आये विशेषज्ञ आशुतोष आनंद के टंडवा स्थित आवास पर जुटे थे। आसपास के लोगों को सन्देह हुआ और इसकी छानबीन शुरू की। तब तक विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के लोग भी वहां पहुंच गए।

## स्पीड न्यूज

### 70 वर्षीय अज्ञात वृद्ध का शव बरामद

**कुंदा (चतरा)।** मंगलवार देर शाम चतरा कुंदा मुख्य मार्ग के सिदकी मोड़ के समीप से 70 वर्षीय अज्ञात वृद्ध का शव बरामद हुई है। लेकिन शव की पहचान नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची कुंदा थाना की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजकर मामले की छानबीन में जुट गई है। शव देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि वृद्ध व्यक्ति की मौत लू लगने से हुई है। इस संबंध में थाना प्रभारी कौशल कुमार ने बताया कि फिलहाल शव की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### सभी स्कूलों में फिर बढाई गई छुट्टी

**चतरा।** झारखंड में हर जिले में बढ़ते तापमान को देखते हुए शिक्षा विभाग ने फिर सरकारी और निजी स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किया है। राज्य के शिक्षा सचिव रवि कुमार ने आदेश जारी करते हुए कहा कि गर्मी की छुट्टी के बाद 15 जून को खुलने वाली स्कूल अब नहीं खुलेगी। भीषण गर्मी को देखते हुए अब फिर से स्कूलों में केजी से 8वीं तक की कक्षाएं 17 जून यानी शनिवार तक बंद रहेंगी। वहीं 9वीं से 12वीं तक की कक्षाएं 15 जून से पूर्व की भांति संचालित होगी। मालूम हो कि 12 जून से सभी स्कूल खुलने वाले थे। गर्मी बढ़ती देख सरकार ने स्कूल बंद का आदेश जारी किया था। इस दौरान झारखंड की सभी स्कूलों को 12 से 14 जून तक बंद कर दिया गया था। इसके पश्चात 15 जून से पुनः स्कूल खुलना था। जिसके लिये बुधवार को फिर से आदेश जारी कर 8वीं तक की कक्षाओं को 17 जून तक बंद कर दिया गया है। अब सभी 8वीं तक की स्कूल 19 जून से खुलेगी।

### 21 सूत्री माँग को लेकर बैठक सम्पन्न

**टंडवा (चतरा)।** बुधवार को सीसीएलसीकेएस, बीएमएस, आम्रपालि-चंद्रगुप्त क्षेत्र का जीएम कार्यालय सभा कक्ष में बैठक आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने किया। बैठक में संगठन के द्वारा मुख्य रूप कुल 21 सूत्री माँग मांगी गई, जिसपर विशेष चर्चा किया गया।जिसमें पहला शिवपुर साइडिंग के लिये अलग से बोलेरो देने की मांग, दूसरा फरवरी के 13 दिनों के वेतन जिनका बचा हुवा है, उसे इस महीना के सैलरी में भुगतान हो एवं पुराने बेसिक के भुगतान पे किया जा रहा है उसका ऑडिट हो।, तीसरा माइनस परिसर में नियमित रूप से पानी छिड़काव कराया जाय, चौथा जीएम ऑफिस के लिए अलग बस एवं पीओ कार्यालय के लिए बड़ी बस की व्यवस्था समेत अन्य मांगे शामिल है। बैठक सीसीएल के सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### सदर अस्पताल के सभी वार्डो का किया निरीक्षण

**चतरा।** जिला परिषद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष बुधवार को सदर अस्पताल के सभी वार्डों का निरीक्षण किया। जहां मरीजों से मिलकर उनकी हालचाल जाना। तत्पश्चात सदर अस्पताल सिविल सर्जन डॉ एसएन सिंह व उपाधीक्षक मनीष कुमार लाल के साथ बैठक कर 11 बिंदुओं पर चर्चा की। जिसमें पानी, नाली, बिजली वायरिंग, कमांडो आउटसोर्सिंग कंपनी, डॉक्टर ड्यूटी रोस्टर, पार्किंग की समुचित व्यवस्था, अग्निशामंत, अल्ट्रासाउंड मशीन व एक्सरे मशीन को सुचारू रूप से चालू कराना, एउऋ करने हेतु प्रति मरीज शुल्क निर्धारित करना,अल्ट्रासाउंड एम ओ हेतु अपोलो अल्ट्रासाउंड के प्राप्त आवेदन पर विचार विमर्श किया गया।

### अवैध बालू लदे आधा दर्जन ट्रेक्टर जब्त

**चतरा।** सीओ विजय दास ने बुधवार को टंडवा के उडसू नदी से अवैध रूप से बालू का उत्खनन कर जा रहे आधा दर्जन बालू लदे ट्रैक्टरों को जब्त किया है। सभी जब्त ट्रैक्टरों को टंडवा थाना में रखा गया है।सीओ विजय दास ने बताया की वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। गुप्त सूचना के आधार पर बालू माफियाओं के खिलाफ करवाई करते हुए अवैध तरीके से खनन कर ले जा रहे 6 ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। सभी जब्त ट्रैक्टर के मालिक व ड्राइवर पर कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

## व्यवसायी के घर पर गोलीबारी की खबर से सनसनी



कार के शीशे में चली गोली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** व्यवसायी मिठू जायसवाल के धुरकी मोड़ पर स्थित घर पर गोलीबारी की खबर है। घटना मंगलवार की मध्यरात्रि की बतायी जा रही है। खबर के मुताबिक बाइक सवार दो अज्ञात अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार अपराधियों ने घर के बाहर तीन राउंड फायरिंग की। एक गोली घर के बाहर खड़ी कार में लगी है। जो कार के पीछे का शीशा को छेदते हुए कार के भीतर सीट में होल किया है। एक गोली घर के दीवार पर लगी है। जबकि एक राउंड हवाई फायर की गई है। मिठू के घर मे लगे सीसीटीवी कैमरे में गोलीबारी की घटना कैद है। घटना की सूचना मिलने पर रात्रि में पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से तीन खोखा बरामद किया है। हालांकि पुलिस के पहुंचने के पहले ही अपराधी फरार हो गए थे। घटना से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गयी है।

## सरकार के निर्देश का पालन नहीं



स्कूल में उपस्थित बच्चे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** सरकार के मुख्य सचिव के रविकुमार के निर्देश के बाद भी इस भीषण गर्मी में मझिआंव नगर पंचायत के चन्द्री में स्थित गायत्री शक्तिपीठ मंदिर के सामने द कार्नर स्टोन इंग्लिश मीडियम पब्लिक स्कूल प्रतिदिन सुबह सात से 11 बजे तक खुल रहा है। बताया जाता है कि गैर सरकारी स्कूलों में अभिभावक विद्यालय की बंद होने की अवधि का फीस काटकर शिक्षकों को पेमेन्ट करते हैं। फीस के लालच में विद्यालय संचालक न तो भीषण गर्मी की परवाह कर रहे हैं और न सरकारी आदेश का पालन कर रहे हैं। जिसका खामियाजा एक से पांच तक पढ़ने वाले छोटे छोटे बच्चे भुगतने पर विवश हैं। विदित हो कि सरकार के मुख्य सचिव द्वारा सरकारी व गैर सरकारी सभी विद्यालयों को 14 जून तक बंद करने के निर्देश दिये गए थे। साथ ही पुनः भीषण गर्मी को देखते हुए मुख्य सचिव के द्वारा बुधवार को पत्र जारी करते हुए केजी से कक्षा 8 तक 17 जून तक के लिए सरकारी एवं गैर सरकारी सभी स्कूल को बंद कर दिया है। इसके आलोक में मझिआंव प्रखंड सहित नगर पंचायत के सभी विद्यालय बंद कर दिये गए थे।

### अवैध शराब परिवहन कर रहे दो युवक गिरफ्तार

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बैधडीह से गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को 9 बजे अपराह्न बोधा चौधरी पिता स्व. खिरू चौधरी के घर के समीप से बैगों में रखे विदेशी शराब एवं बियर का परिवहन कर रहे दो मोटरसाइकिल सवार अभियुक्त 20 वर्षीय सुगम्बर कुमार पिता कृष्ण प्रसाद यादव व 25 वर्षीय सुधीर कुमार पिता महेंद्र प्रसाद यादव दोनों परमानंद बिगाह थाना नूरसराय जिला नालंदा बिहार को सअनि. सुजीत कुमार सिंह के द्वारा गिरफ्तार किया गया। जब्ती सूची एवं गिरफ्तार अभियुक्तों को अग्रिम कार्रवाई के लिए वरीय पदाधिकारी को सूचित किया गया है।

जनविरोधी नीतियों व सांप्रदायिक कॉरपोरेट फांसीवादी खतरे के खिलाफ

## वामदलों का कन्वेंशन संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों व सांप्रदायिक कॉरपोरेट फांसीवादी खतरे के खिलाफ भाकपा, माकपा व माले संयुक्त वाम कन्वेंशन बुधवार को साहु भवन झुमरीतिलैया में संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता भाकपा नेता और जिप सदस्य महादेव राम, माकपा जिला सचिव असीम सरकार व माले के जिला सचिव राजेन्द्र मेहता ने संयुक्त रूप से किया। वहीं कन्वेंशन का उदघाटन करते हुए पूर्व सांसद व भाकपा के वरिष्ठ नेता भूवनेश्वर मेहता ने कहा कि आज देश गंभीर दौर से गुजर रहा है। संविधान के साथ छेड़छाड़ किया जा रहा है। देश की आजादी के लिए सभी धर्म के लोगों ने कुर्बानी दी है, लेकिन एक धर्म की बात कर हिन्दु मुस्लिम के नाम पर नफरत फैलाया जा रहा है। देश गृह युद्ध की ओर बढ़ रहा है। विस्थापन के खिलाफ 28 जून को राजभवन पर विशाल धरना दिया जाएगा। वहीं माले के पोलित ब्यूरो सदस्य जनार्दन प्रसाद ने कहा कि सरकार की निजीकरण की नीतियों के कारण बालासोर रेल दुर्घटना हुआ, जिसमें तीन सौ से अधिक लोगों की जान चली गई। मोदी सरकार बलात्कारी बृजभूषण सिहं को बचाने में लगी है। इस जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेकना होगा।

### स्टोन चिप्स ले जाते दो ट्रक समेत तीन वाहन जब्त

**कोडरमा।** जिले में खनिजों के अवैध परिवहन को लेकर कई तरीके के हथकंडे अपनाए जातेघ रहे हैं। जिसके तहत कई बार जांचघ अभियान के दौरान फर्जी चालान के जरिएघ स्टोन चिप्स का परिवहन किए जाने काघ मामला सामने आ चुका है। इसी तरह का एक मामला सोमवार की शाम खनन विभाग के निरीक्षक अभिजीत कुमार मजूमदार के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान पकड़ा गया। जांच के क्रम में पकड़े गए दो ट्रकों में स्टोन चिप्स के बजाय क्वार्ट्ज पत्थर का परिवहन चालान पाया गया। इसके अलावा एक अन्य स्टोन चिप्स लदे वाहन को बिना परिवहन चालान का पाया गया।

## एक नजर में

### गांव में अंग्रेजी माध्यम का स्कूल खुलना विकास की ओर अग्रसर होने का संकेतः भाजपा नेता

**चतरा।** समारिया प्रखंड के सलगी गांव में बुधवार को मुख्या मनोरंजन सिंह व भाजपा नेता सुभाष सिंह ने संयुक्त रूप से सीएससी बाल विद्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में भाजपा नेता सुभाष सिंह ने कहा कि गांव में अंग्रेजी माध्यम स्कूल का खुलना विकास की ओर अग्रसर होने का संकेत है। गांव में अंग्रेजी माध्यम स्कूल का खुलना विकास की ओर अग्रसर होने का संकेत है। अब आम खेतिहर मजदूरों के बच्चे भी अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे और अपने सपनों को नई उड़ान दे सकेंगे। अब आम खेतिहर मजदूरों के बच्चे भी अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे और अपने सपनों को नई उड़ान दे सकेंगे। मुख्या मनोरंजन सिंह ने इसके लिए स्कूल के निदेशक निरंजन साव को धन्यवाद दिया और भविष्य में सफलता की कामना की। इस मौके पर दिनेश प्रजापति, मिथलेश सिंह, भैरो साव, सवारथ सिंह, बृजेश कुमार, गुलाब प्रजापति, कन्हैया कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### सीएम के आगमन को लेकर डीसी ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** सीएम हेमंत सोरेन के 19 जून को आयोजित कार्यक्रम को देखते हुए उपायुक्त अबु इमरान और एसपी राकेश रंजन ने जिले के पदाधिकारियों के साथ प्रशासनिक तैयारी एवं विधि व्यवस्था का जायजा लेने बुधवार को सिमरिया स्तिथ कर्बला मैदान पहुंचे। कर्बला मैदान में ही मुख्यमंत्री के मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों द्वारा की जा रही प्रशासनिक तैयारी कि जानकारी ली तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवयश्क दिशा निर्देश देते हुए ससमय सारी तैयारी पूर्ण करने का निर्देश दिया। उक्त मौके पर पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### ग्रिजली विद्यालय के छात्र ऋषि राज व रविकांत नीट की परीक्षा में सफल





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय के दो पूर्व छात्रों ने नीट की परीक्षा में सफलता हासिल की है। सफल छात्रों में ऋषि राज एवं रविकांत कुमार शामिल हैं। बताते चलें कि ऋषि राज को केटेगरी रैंक में 8683 एवं रविकांत कुमार को रैंक 4986 प्राप्त हुए हैं। उल्लेखनीय हो कि छात्र ऋषि राज वर्ष 2020 में सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा में विज्ञान संकाय में उत्तीर्ण हुए थे और जिले में दूसरे स्थान पर थे। वहीं रविकांत कुमार वर्ष 2021 में सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा में विज्ञान संकाय में उत्तीर्ण हुए थे और कोडरमा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए जिले के टॉपर भी बने थे।

### चतरा के ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर जीता 9 पदक, हुए सम्मानित

**चतरा।** ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में लखनऊ में आयोजित 40वाँ राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने कुल 9 पदक जीतकर किया राज्य का नाम रौशन। चतरा जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव विकास कुमार केशरी ने इस टीम का नेतृत्व किया साथ मे रेफरी की भूमिका सुनीता कुमारी ने निभाया। स्वर्ण पदक*श प्राप्त करने वालों में ईशा रंजन । रजत पदक प्राप्त करने वालों में दीपज्योति कुमारी, प्रगति कुमारी, वर्षा रानी, शुभम कुमार सिंह। कांस्य पदक प्राप्त करने वालों में श्रेया रंजन, अंकित कुमार सिंह, आदित्य कुमार,दिलीप कुमार आदि इनके अलावे पलक राज, रौशन सिंह भोक्ता, पीयूष कुमार, उज्ज्वल कुमार, अर्णव कुमार लक्की ने बेहतर प्रदर्शन किया।

### जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

## नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए: अपर समाहर्ता




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** खनिजों के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण को किसी भी स्थिति में रोका जाना चाहिए और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। उक्त बातें अपर कलेक्टर पवन कुमार मंडल ने बुधवार को समाहरणालय के बैठक कक्ष में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में कही। ज्ञात हो कि उपायुक्त अबू इमरान के निदेर्शानुसार अपरसमहर्ता पवन कुमार मंडल ने अवैध खनन को रोकने के लिए जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की। बैठक में जिला खनिज अधिकारी चतरा ने पिछली बैठक में प्राप्त निदेर्शों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न मार्गों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसके तहत कुल 16 वाहनों को सीज किया गया। 06 एफआईआर दर्ज की गई है। 154500 जुमार्ना वसूला गया है। उक्त कार्रवाई के तहत 74.80 टन कोयला, 1350 सीएफटी पत्थर और 925 सीएफटी बालू जब्त किया गया। उक्त बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीणा, जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास सहित अन्य सभी संबंधित व्यक्ति उपस्थित थे।

## प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टंडवा(चतरा)।** स्थानीय नगर टंडवा में झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ के बैनर तले प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता टंडवा प्रखण्ड कुम्हार संघ के अध्यक्ष बिनोद प्रजापति एवं सन्चालन मुकेश प्रजापति ने किया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सिमरिया विधायक किशुन दास, झारखंड प्रजापति कुम्हार संघ के प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर चंद्र प्रजापति बेरमो विधानसभा के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो एवं विशिष्ट अतिथि टंडवा मध्य क्षेत्र के जीप सदस्य सुभाष यादव भाजपा जिला महामंत्री मिथिलेश गुप्ता एवं संघ के अध्यक्ष पप्पू कुमार प्रजापति एवं विनोद प्रजापति ने संयुक्त रूप से विधिवत दीप प्रज्वलित एवं फीता काट कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया। ततपश्चात संघ के द्वारा सभी उपस्थित अतिथियों को पुष्प गुच्छ व शॉल देकर स्वागत किया गया। वक्ताओं ने शिक्षा और मिट्टी की विशेषता पर विशेष प्रकाश डाला। वही सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने अपने संबोधन में कहा की एक रोटी खाएंगे लेकिन अपने बच्चे को पढ़ाएंगे, शिक्षा को महत्व देते हुवे सभी को मेहनत से पढ़ाई करने पर बल दिया। कहा की शिक्षा की पूंजी संसार में सभी पूंजी से बढ़कर है। बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान में कुम्हार की मिट्टी की विशेषता पर प्रकाश डाला, बताया की मिट्टी के बने बर्तन में खाना शुद्ध होता है शत प्रतिशत न्यूट्रेशन हमारे स्वास्थ्य को मिलता है, जो स्वच्छ भारत अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम के पश्चात टंडवा प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत मैट्रिक एवं इंटर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 65 छात्र- छात्राओं एवं रेलवे में सफल चट्टी गाडीलौंग निवासी बजरंगी प्रजापति एवं विकाश कुमार प्रजापति को पुरुष्कार देकर सम्मानित किया गया। एवं समाज के अन्य छात्र-छात्राओं को ऐसे ही प्रगति करने के लेकर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाबीर प्रजापति नरेश प्रजापति मोहन प्रजापति प्रदीप प्रजापति कैलाश प्रजापति रबिन्द्र प्रजापति समेत अन्य ने अहम भूमिका निभाया। वही कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया।

## प्रेमी ने प्रेमिका को पाने के लिए भतीजे का किया अपहरण, बरामद



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते थाना प्रभारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धुरकी।** धुरकी पुलिस ने यूपी पुलिस के सहयोग से अपहत बच्चे को 10 घन्टे के अंदर यूपी से बरामद कर लिया है। साथ ही दो अपहरणकताओं को भी गिरफ्तार किया है। जबकि एक अन्य अपहरणकर्ता भागने में सफल रहा। धुरकी थाना में बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने बताया कि अपनी प्रेमिका को पाने के लिये प्रेमी ने प्रेमिका के भतीजे को अगवा कर लिया था। उन्होंने बताया कि धुरकी पुलिस को मंगलवार को करीब 9 बजे सूचना मिली की एक सफेद रंग का स्विफ्ट कार जिसका रजि०न० यूपी 78 एफएच 8611 है और पीछे एडवोकेट लिखा हुआ गाड़ी से अज्ञात लोग द्वारा धुरकी थाना क्षेत्र के रक्सी गांव से एक बच्चा शेखर कुमार बेदिया उम्र 14 वर्ष पिता रमेश बेदिया को अपहरण कर विंढमगंज उत्तर प्रदेश के रास्ते से भाग रहे हैं। इसकी सूचना एसपी अंजनी कुमार झा को दी गई। एसपी के निर्देश के बाद एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी के नेतृत्व में अपहत बच्चे की बरामदगी व घटना में शामिल लोगों की गिरफ्तारी के लिये त्वरित कार्रवाई करते हुए करीब दस घंटे के भीतर पुलिस ने अपहत बच्चा को यूपी के अदलहाट थाना क्षेत्र से बरामद कर लिया गया। साथ ही अपहरण कर ले जा रहे दो अपहरणकताओं को भी पकड़ा गया।

# चंदवा में भाजपा का विधानसभा स्तरीय संयुक्त मोर्चा सम्मेलन संपन्न

## केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से गरीब हो रहे है लाभांवितः खुदा राम

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** भारतीय जनता पार्टी लातेहार विधानसभा (074) का संयुक्त मोर्चा सम्मेलन बुधवार को चंदवा स्थित होटल मयूर इंटरनेशनल (दुबे जी का गोला) सम्पन्न हुआ। सयुंक्त मोर्चा सम्मेलन कार्यक्रम की अध्यक्षता चंदवा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार, संचालन उपाध्यक्ष आशीष सिंह ने किया। सर्व प्रथम महापुरुषों के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री खुदा राम, लातेहार विधानसभा प्रभारी राज कुमार पाठक मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते खुदा राम ने कहा कि मोदी सरकार का 9 साल का कार्यकाल बेमिसाल रहा है, केंद्र सरकार द्वारा किसानों का आय दोगुना किया गया, किसानों को बीडीटी के माध्यम से सीधे उनके खातों में सालाना 6000 रुपये दिया जा रहा है, ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत मुख्यालय से जोड़ा जा रहा है, उज्वला योजना के तहत महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन, शौचालय निर्माण, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड, जैसे सैकड़ो जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता लाभांवित हुये हैं। राज कुमार पाठक ने अपने संबोधन में कहा की नरेंद्र मोदी के हाथों में भारत देश का सम्मान विश्व स्तर पर बढ़ा है, चाहे अमेरिका का राजकीय यात्रा हो या सूडान में गृह युद्ध के दौरान देश के लोगों को सुरक्षित स्वदेश वापसी का हो प्रधानमंत्री मोदी विदेश नीति का जीत हर जगह हुआ। मौके पर रोहित शाहदेव, अमित नाथ शाहदेव, राजीव रंजन पांडे, देवमोहन सिंह,मंडल अध्यक्ष बालूमाथ लक्ष्मण कुशवाहा, हेरहंज मंडल अध्यक्ष मनीष जायसवाल, एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष बबन पासवान, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शिला देवी, महताब आलम, उमेश सिंह, त्रिवेणी साहू,मुकेश पांडे, अमित राम, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद साहू, रामबृक्ष चौधरी, दीपक निषाद, शिवकेश्वर यादव, मंजू सिंह, हीरामणि देवी, विनय रिकी वर्मा, उमेश गंझु, कृष्णा कुमार, सूर्यनारायण साहू, देवमणि बैध, साजिद खान, शंकर मुंडा, राजेंद्र यादव, आशीष यादव, आशीष लाल, मुरारीलाल साहू, मनोज पाठक, एहसान खान, यस राज गुप्ता, संजीव आजाद, चंद्रभूषण केसरी, वीरेंद्र प्रसाद, प्रेम नाथ साहू, समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



मंचासिन अतिथि व अन्य।

### 17 जून को सीएम के आवास घेराव की तैयारी पूरीः जिला अध्यक्ष

**लातेहार।** राज्य सरकार के लगभग तीन वर्ष से ज्यादा समय तक सता का सुख भोगने के बाद भी पारा शिक्षकों से किया वादा पूरा नहीं करने से आक्रोशित सूबे के 62 हजार मूल निवासी पारा शिक्षकों ने एक मांग वेतनमान को लेकर आगामी 17 जून को मुख्यमंत्री के आवास के घेराव की तैयारी पूरी कर ली है। इसकी जानकारी देते हुए मोर्चा के लातेहार जिला अध्यक्ष अतुल कुमार एवं महासचिव अनूप कुमार ने बताया की लातेहार जिले के सभी प्रखंडों में बैठक करके रांची कूच को अंतिम रूप दे दिया गया है। जिले के हजारों पारा शिक्षक अपनी अपनी सुविधा के अनुसार रांची पहुंच कर माननीय से वादा पूरा करने का अनुरोध करेंगे। जिला कमिटी सभी शिक्षको से अनुरोध करती है की वेतन मान के लिए हर परिस्थिति में रांची पहुंचे और सरकार को अपनी चट्टानी एकता के बल पर हमलोग मजबूर करके उनसे वेतनमान लेंकर ही अपने अपने घरों को लौटे। जब अन्य राज्य वेतन मान दे सकती है तो झारखंड सरकार वादा करके भी अभी तक नही देने का सिर्फ और सिर्फ बहाने बनाते आ रही है। जिसे आंदोलन से ही प्राप्त किया जा सकता है।

### बाईक से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ-सेरक मुख्य पथ पर बुधवार को एक लूना मोटरसाइकिल से गिरकर घूरन परहीया 50 वर्ष पिता जोगिया परहिया ग्राम कटहल टोला सेरका थाना चंदवा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मासियातू पंचायत के समाजसेवी प्रकाश गंझु ने घायल युवक को टेंपो के सहारे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सक डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार द्वारा प्राथमिक ईलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर ईलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि अपने घर से लूना मोटरसाइकिल में सवार होकर अपनी बहन के घर चेताग जा रहा था। इसी बीच भैंसवरी स्कूल के समीप वह गिरकर घायल हो गया। घायल युवक आदिम जनजाति का होने के कारण बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ. सुरेश राम ने सरकारी सुविधा के तहत एम्बुलेंस से रिम्स भेजवाया।

## 16 घंटे से बिजली गुल, बेहाल है लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** जून की इस भीषण गर्मी में बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के मुख्य बाजार इलाके की बिजली लगातार 16 घंटे से गुल होने के कारण शहरवासियों में हाहाकार मच गया है। विद्युत से जुड़े तमाम व्यवसाय पूरी तरह से ठप हो गए है। भीषण गर्मी से लोगों की रात की नींद उड़ गई है, और दिन का चैन भी लूट सा गया है। तपती गर्मी से राहत पाने के लिए लोग व्याकुल हैं। आलम यह कि लोगों को पंखा चलाने, मोबाइल चार्ज करने के साथ पेयजल की समस्या भी झेलनी पड़ रही है। बाजार क्षेत्र के उपभोक्ताओं का जीवन पूरा अस्त व्यस्त हो गया है। उपभोक्ता बिजली विभाग को कोस रहें है। बता दें कि बीते वर्ष आदर्श नगर स्थित पीएचडी ट्रांसफार्मर जल जाने के बाद बिजली विभाग द्वारा उसे बदलकर दूसरे पुराने ट्रांसफार्मर को लगा दिया गया था, जो की पूर्व से ही खराब था। जिसे विद्युत कर्मियों द्वारा लगाए जाने के चार से पांच दिन बाद किसी तरह से चालू तो कर दिया गया पर आज एक वर्षो से उपभोक्ता उस ट्रांसफार्मर से उत्पन्न होने वाली लो वोल्टेज और फेज डाउन की समस्या को झेलते आ रहें है। उस वक्त विभाग ने जल्द ही ट्रांसफार्मर बदलने का आश्वासन दिया था। लेकिन इसे आज तक नहीं बदला गया है। अब विभाग द्वारा कहा जाता है कि ट्रांसफार्मर जलने के बाद ही बदला जाएगा।

**ट्रांसफार्मर में बार-बार आ रही है खराबी**

इधर समस्या के बारे में दूरभाष पर पूछे जाने पर विभाग के कनीय अभियंता विकास कुमार ने कहा कि आदर्श नगर स्थित ट्रांसफार्मर में खराबी आने के कारण बिजली आपूर्ति ठप हुई थी, जिसे बना दिया गया है। लेकिन अब दूसरी जगह फॉल्ट आ गया है, जिसे ठीक करने का कार्य जारी है। इधर बुधवार की शाम चार बजे तक आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई है। वहीं आदर्श नगर के खराब ट्रांसफार्मर में बार-बार खराबी आने की समस्या से उपभोक्ताओं को कब तक निजात मिलेगी। इसका संतोषजनक जवाब भी विभाग के पास नहीं हैं।

## कुष्ट रोग को लेकर सहियाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**बारियातू।** बारिखाप स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारियातू मे एक्कीकृत प्रखंड के सहियाओं को एलसीडीसी प्रोग्राम के तहत कुष्ट रोग को लेकर बुधवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कुष्ट रोग प्रशिक्षण के संबंध मे एसटीटी बंधु उरांव ने जानकारी देते हुए बताया की स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष कुष्ट रोग को लेकर अभियान चलाया जाता है। कुष्ट रोगियों को लक्षण पहचान करने के लिए बालूमाथ, बारियातू व हेरहंज एक्कीकृत प्रखंड के सहियाओं को विस्तृत जानकारी दिया गया। सहिया अपने-अपने क्षेत्र मे घर-घर जाकर कुष्ट रोगियों को पहचान करेंगे। रोगी पाये जाने पर सीएचसी बालूमाथ मे नियमित उपचार किया जायेगा। उक्त अभियान 15 से 28 जून तक चलेगा। वहीं गोल्डेन कार्ड बनवाने को लेकर भी जोर दिया गया। वहीं बताया की सभी सहिया अपने अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र से गोल्डेन कार्ड बनवाने मे सहयोग करेंगे। मौके पर बिटिटी दिलीप दांगी, शांति देवी, पीएम डब्लू पंकज कुमार, सहिया साथी गौरी देवी, रेखा देवी, सोनामनी देवी, अंजू देवी, रूपा देवी, गौरी देवी, सुषमा लकड़ा, फ्लोरेसिया सुरीन, गीता देवी सहित काफी संख्या मे सहिया मौजूद थे।

**एक नजर में**

### संतोष उरांव को बनाया गया पंचायत अध्यक्ष


अभियान के दौरान मौजूद लोग।

**लातेहार।** सदर प्रखंड के नेवाड़ी पंचायत के समीप तुवेद ग्राम में बुधवार को सदस्यता अभियान को सफल बनाने हेतु झारखंड मुक्ति मोर्चा लातेहार प्रखंड समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अशोक पांडे, सदस्यता अभियान प्रभारी मानिक गंझू जिला संगठन सचिव पोल एक्का ने किया। पार्टी के सदस्यता को बूथ स्तर तक चलाएं जाने का निर्देश पंचायत अध्यक्ष एव सचिव संतोष उराव एव अनिल उरांव को दिया गया। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष अशोक पांडे ने कहा कि पूर्व में नेवाड़ी पंचायत अध्यक्ष का प्रभार मोती लाल उरांव को बनाया गया था, लेकिन उन्होंने पार्टी के सदस्यता को सही ढंग से निर्वाहन नही करने एव होने वाले कार्यक्रम में शामिल नहीं होने एवं उनकी उदासीनता रवैया को देखते हुए पंचायत अध्यक्ष से निष्कासित किया गया। वही नए पंचायत अध्यक्ष संतोष उरांव को पंचायत अध्यक्ष हेतु मनोनीत किया गया है। मौके पर बलराम उराव, जितेंद्र उराव, राजू कुमार, सुरेंद्र उराव, बाबूलाल उराव, सुनील उरांव, बबलू उराव, सिकंदर उराव समेत कई लोग मौजूद थे।

### आंगनवाड़ी सहायिका का चयन विवादित


सहायिका चयनित मे शामिल लोग।

**बारियातू।** प्रखंड के बालूभांग के बरवा टोला आंगनबड़ी सहायिका चुनाव विवादित हो गया। आंगनवाड़ी सहायिका चुनाव के लिए पहुंचे बालूमाथ सीओ आफताब आलम, सुपरवाइजर बिमला देवी के समक्ष चार प्रतिभागियों ने आवेदन दिए जिसमे देवी, पूनम देवी, निर्मला देवी, फूलमती देवी चार प्रतिभागियों ने दस्तावेज जमा किए थे। जिसमे सोभा देवी विधवा होने के साथ सास ससुर भी नहीं है। मात्र दो बच्चे हैं। असहाय को देखते हुए ग्रामीणों ने सोभा देवी को समर्थन कर रहे थे। ताकि दोनों बच्चों को भरण पोषण करने मे परेशानी न हो सके। लेकिन कुछ मामलों को लेकर बिवाद हो गया। उक्त जानकारी मुखिया केदार गंझु, पंसस राजेश मोची ने दी। चुनाव के संबंध मे पूरा जानकारी लेने के लिए सीओ आफताब आलम के पास मो नंबर 9142670577 से 7061901943 मे किया गया परंतु फोन रिसीव नहीं किए। वहीं सुपर वाइजर बिमला देवी भी फोन रिसीव नहीं की।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक, दिये निर्देश

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में उग्रवादी हिंसा अनुकंपा समिति, कारा सुरक्षा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम समिति द्वारा उग्रवादी हिंसा के आश्रितों के अभ्यावेदनों की विस्तार से समीक्षा की गई। समिति द्वारा कुल 05 अभ्यावेदनों की समीक्षा की। विचार विमर्श के बाद समिति द्वारा 05 में से 03 अभ्यावेदनों की अनुशंसा की गई। कारा सुरक्षा की समीक्षा बैठक में कारा सुरक्षा के मद्देनजर कारा में रखे गए कैदियों की संख्या, जेल भवन की वर्तमान स्थिति, पीने के साफ पानी, भोजन की व्यवस्था, शौचालय इत्यादि समेत अन्य जानकारी ली गई एवं कारा सुरक्षा को लेकर पदाधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त महोदय द्वारा मंडल कारा में लगाए गए सीसीटीवी कैमरा की जानकारी लेते हुए सीसीटीवी कैमरा को सदैव क्रियाशील रखने का निर्देश दिया गया साथ ही कारा अधीक्षक से कारा सुरक्षा संबंधित अन्य जानकारी ली गई एवं निर्देशित किया गया कि कारा सुरक्षा को लेकर पदाधिकारी पूरी तरह से सजग रहें। साथ ही सुरक्षा को लेकर पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती समेत अन्य दिशा निर्देश दिया गया। पुलिस पदाधिकारियों को संयुक्त टीम गठित कर मंडल कारा की औचक निरीक्षण करने को लेकर भी निर्देशित किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार, स्थापना उप समाहर्ता जितेन्द्र कुमार गुप्ता व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अवैध बालू का कारोबार धड़ल्ले से जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिला में अवैध बालू का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। बालू के अवैध कारोबार से जुड़े लोग नदियों से सुबह और रात को बालू का उठाव कर रहे हैं। जिला मुख्यालय के अलावा कई अन्य जगह से बालू का उठाव व परिवहन कर रहे हैं। औरंगा नदी से बालू का उठाव करने के लिए कारोबारियों ने कई जगह वाहनों के प्रवेश के लिए रास्ता भी बनाया है। जबकि उक्त बालू घाटों से बालू का उठाओ में रोक लगाया गया है। इसके बावजूद जिला मुख्यालय में बालू का अवैध कारोबार करने वाले नियमित रूप से बालू का उठाव कर रहे हैं। बताते चलें कि जहां भीषण गर्मी में धरती तप रही है और गर्मी के प्रभाव से जीवनदायनी नदियां सुख चुकी है। ऐसी विपरीत परिस्थिति में भी नदियों के स्वरूप से खिलवाड़ जिले में लगातार जारी है। जिले के विभिन्न नदियों से बालू का दोहन बालू माफियाओं के द्वारा किया जा रहा है। राष्ट्रीय हरित न्यायाधीकरण के निर्देश पर पूरे राज्य में 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदियों से बालू के उठाव पर रोक लगा दी गई है। लेकिन लातेहार जिला एक अपवाद है। जहां निर्देशों की खुलेआम धज्जियां उड़ायी जाती है। जिले के विभिन्न नदियों से निर्देश के बाद भी बालू का दोहन लगातार जारी है। विशेष कर सुदूर क्षेत्रों की नदियों से बालू उठाव कर कई गांव व शहरों में तस्करी की जा रही है। प्रतिदिन लगभग बालू का उठाव लगातार जारी है। लातेहार ऐसा जिला है जहां बिना किसी टेंडर के नदियों से बालू का उठाव लंबे समय से किया जा रहा है। क्योंकि बालू उठाव में हर वर्ग के लोगों का एक निर्धारित कमीशन तय है। जिसके कारण प्रतिदिन दर्जनों ट्रैक्टर नदियों से बाल उठाकर अवैध कारोबार कर रहे हैं। लेकिन इस विषय में प्रशासन चुप्पी साधे हुए हैं।


बालू ले जाता ट्रैक्टर।

### छात्रों ने बजाया सफलता का डंका


फनेश्वर कुमार।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित श्योर सक्सेस सेंटर के छात्रों ने झारखंड अधिविध परीक्षा परिषद, रांची द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट विज्ञान (11वीं) की परीक्षा में अपनी कामयाबी का लोहा मनवाया है। संस्थान के फनेश्वर कुमार ने सर्वाधिक 87.6 प्रतिशत अंक लाकर मनिका प्रखंड टॉपर एवं कोचिंग टॉपर बने। वहीं अनूप यादव 82.4 %, पंकज कुमार यादव 82%, रिया कुमारी- 82% तथा जितेंद्र कुमार यादव 80% अंक प्राप्त किये। सफल छात्रों में दीपक कुमार सिंह, लक्ष्मी कुमारी, पूजा, प्रीति, बबलू, आयुष, सुमित, सुजीत, प्रदीप, पूनम, कौशल्या, रूबी, निभा इत्यादि संस्थान के निदेशक दीपक कुमार ने बताया कि हमारे छात्र कठिन परिश्रम करके इस सफलता को प्राप्त किये हैं। व्यस्थापक रंजीत कुमार रंजन ने बताया कि हमारे कोचिंग सेंटर में सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के बच्चें पढ़ाई करते हैं। उन्हें सही और उचित मार्गदर्शन देने की आवश्यकता है। संचालक मनोज कुमार यादव एवं सह-संचालक ने बताया कि हमारा कोचिंग सफलता देने के लिए प्रतिबद्ध है हम ऐसे ही छात्रों और अभिभावकों के संकल्प और विश्वास को आगे कायम रखना चाहते हैं। इंटरमीडिएट विज्ञान/ इंटरमीडिएट कला 11वी (सत्र-2023-2025) का नया बैच शुरू है। बताते चलें कि श्योर सक्सेस सेंटर के छात्रों ने इंटरमीडिएट विज्ञान-2023 (12वी) की वार्षिक परीक्षा में भी जगदीश यादव ने 87% अंक लाकर संस्थान टॉपर एवं लातेहार जिला में 6 ठा स्थान प्राप्त किया। अमरजीत यादव ने 84.2% अंक लाकर प्रखंड टॉपर बने हैं।

## मिश्रित अधिगम के तहत आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता (एफएलएन) पर कार्यशाला आयोजित



दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते पदाधिकारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार ने कहा कि बच्चा लिखित भाषा सीखने से पहले बोलना व सुनना सीखता है। बच्चों के मौखिक भाषा का विकास जितना बेहतर होगा बच्चों के लिए पढ़ना, लिखना व सीखना उतना ही सरल व गुणवत्तापूर्ण होगा। डीइओ शहर के केंद्रीय विद्यालय, लातेहार में बुधवार को मिश्रित अधिगम के तहत आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता (एफएलएन) पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में बोल रहे थे। इससे पहले डीइओ कुमार, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, एडीपीओ अनूप माइकल केरकेट्टा व प्राचार्या देवनिसिया तिर्की ने दीप प्रजज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डीइओ ने आगे कहा कि नयी शिक्षा नीति के तहत निपुण भारत अभियान में कक्षा एक से तीन तक छात्र व छात्राओं को बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान दिया जाना है, ताकि वे आसानी से बोलचाल की भाषा में वाक्य एवं संख्याओं को लिख सकें। प्राचार्या डी तिर्की ने भी संबोधित किया। कार्यशाला में संसाधक कुलदीप तिवारी, प्रकाश कुमार पासवान, आभा एक्का, अवीश कुमार, राजकुमार व अर्चना कुमारी ने नई शिक्षा नीति, बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता विषय पर विस्तार से जानकारी उपस्थित अभिभावकों को दी। धन्यवाद ज्ञापन वरीय शिक्षिका कुसुम कुमारी ने दी। मौके पर जेएनवी के प्राचार्य, प्रगतिशील शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव, एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के जिला महासचिव अनूप कुमार, पवन कुमार, अभिनय मिश्र व ज्ञानशंकर आदि उपिस्थत थे।

## उड़ीसा में आयोजित जनजातीय खेल महोत्सव में झारखंड की बच्चियों ने जीता सिल्वर


खिलाड़ियों के साथ अतिथि।

**लातेहार।** उड़ीसा में आयोजित जनजातीय खेल महोत्सव में झारखंड के लड़कियों ने सिल्वर मेडल जीतकर अपने राज्य का नाम रौशन किया है। झारखंड की लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरे देश में दुसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों की टीम से सुमन कुमारी तिग्गा, रेशमी तिर्की, सारोठी सरदार, उषा माझी, अनुपा किंडो और रेखा उरांव ने शानदार प्रदर्शन कर सीलवर मेडल अपने नाम किया। बताते चले कि 9 से 12 जुन तक उड़ीसा में जनजातीय खेल महोत्सव आयोजित थी। जिसमें भाग लेने योगासना की लड़कियों और लड़कों की टीम उड़ीसा गई थी। केन्द्रीय जनजातीय मंत्रालय द्वारा ये पहला जनजातीय खेल महोत्सव था। जिसका आयोजन उड़ीसा सरकार द्वारा उड़ीसा में किया गया था। जिसमें सभी राज्यों के जनजातीय बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह 9 जुन को केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और महामहिम राज्यपाल गणेशी लाल द्वारा किया गया था। बच्चों के इस सफलता में उनके कोच आर्य प्रह्लाद भगत और सुषमा कुमारी तिग्गा का बहुत बड़ा योगदान रहा है। लातेहार की बच्ची सुमन कुमारी तिग्गा का प्रदर्शन भी बहुत ही बढ़िया था। इनके सफलता पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह महासचिव विपिन पांडे लातेहार जिला सचिव प्रशांत कुमार सिंह अन्य पदाधिकारियों में संतोषी कुमारी, चन्दु कुमार, डॉ. सूरजीत घोषाल, चैताली मुखर्जी, कुमकुम सिंह, मलय डे, शंकर राणा व पूजा सिंह ने बच्चों को शुभकामना दी है।

### बोरवेल वाहन दुर्घटनाग्रस्त आधा दर्जन घायल



**चंदवा।** चंदवा-माल्हन मैक्लुस्कीगंज पर शहर से सटे कुसुमटोली स्थित धुमकुड़िया भवन के पास बुधवार की दोपहर एक बोरवेल वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस दुर्घटना में बोरवेल वाहन में सवार पोरमे मुर्मू पिता रसिकलाल मुर्मू (टाकीपुर टुंडी धनबाद) सूरजु किस्को पिता मझलु मांझी (पत्थरजोड पीरटांड़ गिरिडीह), रवि टुड्डू पिता चैतू टुड्डू (गिरिडीह) व कानू मुर्मू (गिरिडीह) समेत लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से 4 घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नंद कुमार पांडेय की देखरेख में सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल 3 लोगों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। घायलों में एक की स्थिति काफी चिंताजनक बताई जा रही है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि उक्त वाहन राजधानी बोरवेल कंपनी की है, जो मैक्लुस्कीगंज की ओर से नल जल योजना के कार्य से लौट रही थी। इसी क्रम में ब्रेक फेल हो जाने के कारण उक्त हादसा हुआ।

# डीसी की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

**बैठक**

- हाई कोर्ट के द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में कोई भी गाड़ी बिना नंबर के माइनिंग क्षेत्र अथवा परिवहन में नहीं इस्तेमाल किया जायेगाः उपायुक्त
- अवैध वाहनों के राजसात के बाद नीलामी किए जाने से सरकार को 1 करोड़ 4 लाख 51 हजार राशि की राजस्व की प्राप्ति हुई हैः डीएमओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिले में अवैध खनन के रोक थाम को लेकर बुधवार को उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलांतर्गत कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण आदि की गहन समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने अवैध कोयला, अवैध पत्थर, अवैध बालू उठाव के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए जिला खनन पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देशित किया कि जिले में अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन नहीं हो इसे सुनिश्चित करें।


बैठक में उपस्थित उपायुक्त व अन्य पदाधिकारी।

**1 करोड़ 4 लाख 51 हजार राशि की राजस्व की प्राप्ति हुई हैः डीएमओ**

बैठक में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि 12 मई 2023 से दिनांक 12 जुन 2023 तक खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण में 13 वाहनों को जब्त कर 05 प्राथमिकी दर्ज गई है। तथा 9.18 लाख रुपए जुमार्ना राशि की वसूली की गई। आगे उन्होंने बताया कि अवैध वाहनों के राजसात के बाद नीलामी किए जाने से सरकार को 1 करोड़ 4 लाख 51 हजार राशि की राजस्व की प्राप्ति हुई है। बैठक में उपायुक्त ने जिला अंतर्गत अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन रोकने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों, थाना प्रभारियों को संयुक्त रूप से औचक छापेमारी करने एवं इसमें संलग्न व्यक्तियों पर कारवाई करने का निर्देश दिया एवं अनियमितता पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की बात कही गई। उपायुक्त ने सीसीएल सहित सभी एजेंसियों के प्रतिनिधियों को उनके क्षेत्र में कहीं पर भी अवैध खनन ना होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके लिए उपायुक्त ने पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से संवेदनशील क्षेत्रों, एंट्री-एग्जिट प्वाइंट की मॉनिटरिंग करने के अलावे अन्य कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिये।

**कोई भी गाड़ी बिना नंबर के माइनिंग क्षेत्र अथवा परिवहन में नहीं इस्तेमाल किया जायेगाः उपायुक्त**

उपायुक्त द्वारा सभी माइनिंग कंपनियों को निर्देशित किया गया कि हाई कोर्ट के द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में कोई भी गाड़ी बिना नंबर के माइनिंग क्षेत्र अथवा परिवहन में नहीं इस्तेमाल किया जाएगा अन्यथा यह माननीय उच्च कोर्ट के आदेश की अवमानना मानी जायेगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, डिप्टी डायरेक्टर पीटीआर ब्रजेश कांत जेना, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष सिंह, जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार, सभी अंचल अधिकारी, कोल कंपनियों के अधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### कबड्डी खिलाड़ी पूनम का किया गया स्वागत


पूनम को शुभकामनाएं देते जनप्रतिनिधि।

**बरवाडीह।** भुनेश्वर में आयोजित नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में झारखंड कबड्डी टीम की ओर से खेलकर वापस अपने घर लौटने वाली लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड निवासी रामस्वरूप सिंह की पुत्री पूनम कुमारी का स्वागत बरवाडीह रेलवे स्टेशन पर बुके भेंटकर किया गया। बता दें कि पूनम नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में झारखंड की टीम के साथ भुनेश्वर गई थी। जहां झारखण्ड की टीम ने अपने पहले मुकाबले में गोवा की टीम को शिकस्त दिया। वहीं दूसरे मैच में चंडीगढ़ की टीम से झारखण्ड को हार का सामना करना पड़ा। पूनम बरवाडीह प्रखण्ड के कुचिला पंचायत की रहने वाली है। जिसने कबड्डी खेल में लातेहार जिले सहित पूरे राज्य का नाम रौशन किया है। इधर पूनम का स्वागत करने वालों में कांग्रेस प्रेस प्रवक्ता प्रेम कुमार अधूरा, ब्लॉक के खेल प्रभारी मंजीत सिंह, जेई आलोक उरांव और मंटू उरांव और पंचायत प्रतिनिधि शामिल थे। जिन्होंने पूनम को बुके भेंटकर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान कोच असफाक अहमद और पूनम के पिता रामस्वरूप सिंह भी मौजूद थे।

# 2025 के इंग्लैंड टेस्ट दौरे पर भारत की मेजबानी करेंगे

एजेंसी




**लंदन।** क्रिकेट का मक्का कहा जाने वाला लॉर्ड्स, प्रतिष्ठित ओवल, तेजी गेंदबाजी के अनुकूल हेडिंग्ले उन पांच स्थलों में शामिल हैं जहां भारतीय क्रिकेट टीम 2025 दौरे पर टेस्ट मैच खेलेगी। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (इसीबी) ने बुधवार को यह घोषणा की। इसीबी ने 2025-2031 के बीच सात साल के चक्र के लिए अपनी पुरुष और महिला टीम के घरेलू कैलेंडर की घोषणा की। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) के भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) के अनुसार भारत जून 2025 में पांच टेस्ट के लिए इंग्लैंड का दौरा करने के लिए तैयार है और इसीबी ने विज्ञप्ति में कहा कि पटौदी ट्रॉफी के लिए ये मुकाबले लॉर्ड्स, द ओवल (दोनों लंदन में), एजबेस्टन (बर्मिंघम), हेडिंग्ले (लीड्स) और ओल्ड ट्रैफर्ड (मैनचेस्टर) में खेले जाएंगे। वर्ष 2029 की श्रृंखला में हेडिंग्ले की जगह साउथंपटन का रोज बाउल लेगा जबकि बाकी चार स्थल लॉर्ड्स, द ओवल, एजबेस्टन और ओल्ड ट्रैफर्ड ही रहेंगे। भारत दो साल पहले साउथंपटन में ही न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल हार गया था। ईसीबी के सीईओ रिचर्ड गोल्ड ने कहा, अगले सात वर्षों के कार्यक्रम की घोषणा करके हम स्थलों को दीर्घकालिक निश्चितता भी दे रहे हैं ताकि वे स्टेडियम में सुधार और बेहतर प्रशंसक अनुभव में स्थायी रूप से निवेश कर सकें। ऑस्ट्रेलिया के अलावा भारत एकमात्र टीम है जिसके खिलाफ इंग्लैंड स्वदेश और विदेश दोनों में पांच टेस्ट की श्रृंखला खेलता है। इंग्लैंड का भारत का अगला दौरा जनवरी 2024 में पांच टेस्ट मैचों के लिए होगा जो एंथोनी डि मेलो ट्रॉफी के लिए खेला जायेगा। भारत और इंग्लैंड 2014 से एक टेस्ट श्रृंखला में पांच मैच खेल रहे हैं। इसका अपवाद इंग्लैंड का 2020-21 का भारत दौरा था जिसमें सीमित ओवरों की श्रृंखला को समायोजित करने के लिए एक टेस्ट कम कर दिया गया था। इस श्रृंखला को कोरोना वायरस महामारी की पहली लहर के कारण स्थगित कर दिया गया था। भारत ने आखिरी बार लगभग 16 साल पहले 2007 में इंग्लैंड के खिलाफ विदेश में टेस्ट श्रृंखला जीती थी।

## तेजी से चोटों से उबर रहे पंत, बिना किसी सहारे के सीढ़ियां चढ़ते आये नजर



**नयी दिल्ली।** भारत के विकेटकीपिंग बल्लेबाज ऋषभ पंत ने दिसंबर 2022 में भयानक कार दुर्घटना के बाद अपने ठीक होने का अपडेट दिया है। पंत पिछले साल दिसंबर में एक दुर्भाग्यपूर्ण और भयानक कार दुर्घटना का शिकार हो गए थे क्योंकि उनकी कार दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर एक डिवाइडर से टकरा गई थी और गाड़ी ने आग पकड़ ली थी। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान को कई चोटें लगीं थी और राहगीरों द्वारा उन्हें कार से बाहर निकाला गया था। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को तीन बड़ी सर्जरी से गुजरना पड़ा और शेष वर्ष के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से प्रभावी रूप से बाहर कर दिया गया। हालांकि विकेटकीपर अपने स्वास्थ्य को लेकर नियमित अपडेट देता रहता है और इस बार पंत सीढ़ियों पर बिना किसी सहारे के चलते हुए नजर आए। पंत ने कहा कि सरल चीजें कभी-कभी मुश्किल हो सकती हैं। पंत ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'बुरा नहीं यार ऋषभ। सरल चीजें कभी-कभी मुश्किल हो सकती हैं।'

## एशियाई खेलों से पहले भारत को झटका, हिमा दास नहीं लेगी भाग

**भुवनेश्वर।** भारत की स्टार फर्राटा धाविका हिमा दास अप्रैल में लगी हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण चीन में आगामी एशियाई खेलों में भाग नहीं ले सकेगी। भारतीय एथलेटिक्स के मुख्य कोच राधाकृष्णा नायर ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। नायर ने कहा, यह दुखद है कि वह अप्रैल में बेंगलुरू में इंडियन ग्रां प्री चार से एक दिन पहले चोटिल हो गयी। उसकी हैमस्ट्रिंग में चोट है और कमर में भी तकलीफ है। मेडिकल जांच चल रही है और लगता है कि वह एएफआइ की नीति के तहत एशियाई खेलों में भाग नहीं ले सकेगी। पिछले महीने रांची में फेडरेशन कप भी नहीं खेली थी। नायर ने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि वह राष्ट्रीय अंतर प्रांत चैंपियनशिप में भाग लेने के लिये फिट हो जायेगी जो हांगझोउ एशियाई खेलों का आखिरी चयन टूनार्मेंट है।

# अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए राज्य खिलाड़ी तैयार

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के तकनीकी निदेशक एवं नेशनल कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने सात दिनों का विशेष कराटे प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर उन तमाम कराटेकारों को विशेष रुप से ट्रेन्ड किया है जो 16 से 18 जून तक दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में भाग ले रहे है। शिहान सुनील किस्पोट्टा ने इन कराटेकारों को बहू बाजार बसर टोली स्थित इमा कराटे स्टूडियो में सात दिवसीय विशेष कराटे प्रशिक्षण शिविर के तहत काता व कुमिते का प्रशिक्षण देते हुए फाइटिंग टेकनिक की जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागी कराटेकारों को प्वाइंट गेन करने वाले तकनीक की बारीकियों से अवगत कराया। साथ ही उन्हें विश्व कराटे संघ के नियमों से भी अवगत कराया। शिहान सुनील ने बताया कि प्रशिक्षण से जहां कराटेकारों के प्रदर्शन में निखार आएगा वहीं दूसरी ओर जीत की रणनीति भी बढेगी। उन्होंने बताया कि राज्य के खिलाड़ी 16 जून को सुबह 10:20 के एयर एशिया की फ्लाइट से रांची एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना होंगे 17 जून से खिलाड़ी अपने-अपने आयु वर्ग की स्पर्धा में हिस्सा लेंगे। प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने में इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के अध्यक्ष संसाइ अनिल किस्पोप्ता राकेश तिर्की ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# तीरंदाजी विश्व कप : अदिति ने तोड़ा अंडर-18 विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी



**मेडेलिन।** अदिति स्वामी ने कोलंबिया के मेडेलिन में तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में अंडर 18 विश्व रिकॉर्ड तोड़कर अगले दौर के लिये क्वालीफाई कर लिया। पिछले साल दिसंबर में एशिया कप के तीसरे चरण में रजत पदक जीतने वाली 16 वर्ष की अदिति ने महिलाओं के कंपाउंड वर्ग में 720 में से 711 अंक लेकर पहला स्थान हासिल किया। पहली बार विश्व कप सत्र खेल रही अदिति ने 705 का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा जो मई में अमेरिका की लाइको अरेओला ने बनाया था। अदिति ने कहा, यह शानदार है। मैं बहुत खुश हूं। मुझे यकीन नहीं था कि मैं ऐसा स्कोर करूंगी। भारत की ही विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम भी उससे पीछे रही। अदिति, ज्योति और परणीत कौर ने टीम वर्ग में भी क्वालीफिकेशन में पहला स्थान हासिल किया लेकिन विश्व रिकॉर्ड से एक अंक से चूक गये। पुरूष वर्ग में पहले दो चरण से बाहर रहे अभिषेक वर्मा भारतीयों में शीर्ष रहे। ओजस देवताले 13वें और प्रथमेश जावकर 19वें स्थान पर रहे। रजत चौहान 28वें स्थान पर रहे। भारत की कंपाउंड पुरूष टीम अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर है ।

## विंबलडन की ईनामी राशि बढी, एकल विजेता को मिलेंगे 30 लाख डॉलर

**लंदन।** इस साल विंबलडन की कुल ईनामी राशि में 11 प्रतिशत का इजाफा हुआ है और एकल वर्ग में हर विजेता को करीब 23 लाख पाउंड (30 लाख डॉलर) यानी कि लगभग 24 करोड़ 63 लाख रूपए दिए जाएंगे। विंबलडन की कुल ईनामी राशि चार करोड़ 47 लाख पाउंड (पांच करोड 65 लाख डॉलर) होगी। आल इंग्लैंड क्लब ने बुधवार को इसकी घोषणा की। यह 2019 की तुलना में 17.1 प्रतिशत अधिक है। एकल विजेता के लिए पुरस्कार राशि 2019 के समान हो गई है। वर्ष 2021 में यह गिरकर 17 लाख पाउंड हो गई थी। वहीं 2020 में टूनार्मेंट कोरोना महामारी के कारण रद्द हो गया था और पिछले साल ईनाम 20 लाख डॉलर था। पहले दौर में हारने वाले को 69500 डॉलर मिलेंगे जो पिछले साल से दस प्रतिशत अधिक है।

## फाइनल से पहले लेबनान का सामना करेगा भारत

**भुवनेश्वर।** इंटरकांटिनेंटल कप फाइनल में पहले ही अपनी जगह पक्की कर चुकी भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम गुरुवार को यहां कलिंगा स्टेडियम में अपने आखिरी ग्रुप मैच में लेबनान से भिड़ेगी। शुरूआती मैच में मंगोलिया को 2-0 से हराने के बाद, ब्लू टाइगर्स ने शुक्रवार को सुनील छेत्री के शानदार गोल की बदौलत वानुअतु को 1-0 से हराया था। दिन की शुरूआत में मंगोलिया ने लेबनान को ड्रॉ पर रोक लिया था, जिसकी मदद से भारत ने फाइनल में क्वालीफाई कर लिया।

## उत्तम के लिये सितारों से आगे जहां और भी हैं

**बेंगलुरु।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के साथ सुल्तान जोहोर कप 2022 और जूनियर एशिया कप 2023 जीतने वाले कप्तान उत्तम सिंह ने भले ही पिछले एक साल में बहुत कुछ हासिल किया हो, लेकिन यह उनके सफर की महज शुरूआत है तथा उनके लिए सितारों से आगे जहां और भी है। एक साधारण परिवार में जन्मे उत्तम उत्तर प्रदेश के करमपुर जिले में पले-बढ़े। इसके बाद उन्होंने हॉकी के अपने जुनून को अपना जीवन बनाने के लिये लुधियाना हॉकी अकादमी का रुख किया।

# अफगानिस्तान के खिलाफ शांतो के शतक से बांग्लादेश मजबूत

एजेंसी

**मीरपुर।** युवा प्रतिभावान बल्लेबाज नजमुल हुसैन शांतो (146) के शानदार शतक की मदद से बांग्लादेश ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के पहले दिन बुधवार को पांच विकेट के नुकसान पर 362 रन बना लिये। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन (76) को मात्र एक रन के स्कोर पर पवेलियन लौटा दिया। इसके बाद हालांकि शांतो ने महमूदुल हसन जॉय के साथ मिलकर अफगान गेंदबाजों को थकाने का काम किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिये 212 रन की विशालकाय साझेदारी हुई, जिसमें महमूदुल ने 76 रन का योगदान दिया। महमूदुल ने अपनी 137 गेंद की पारी में नौ चौके जड़े और उन्होंने रहमत शाह ने आउट किया।

## प्री-क्वार्टरफाइनल में भिड़ेंगे लक्ष्य, श्रीकांत

**जकार्ता।** युवा भारतीय शटलर लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को इंडोनेशिया ओपन 2023 में अपने-अपने मुकाबले जीतकर प्री-क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। लक्ष्य ने पुरुष एकल के पहले चरण में मलेशिया के ली जी जिया को मात्र 33 मिनट में 21-17, 21-13 से हराया, जबकि किदांबी ने चीन के लू गुआंग जू को 21-13, 21-19 से मात दी। प्री-क्वार्टरफाइनल में लक्ष्य और किदांबी आमने-सामने होंगे। साल के आखिरी सुपर 1000 आयोजन में विश्व नंबर 19 लक्ष्य ने विश्व नंबर 11 जी जिया को हराकर आमने-सामने के मुकाबलों में 3-1 की बढ़त बना ली।

## गोली चलाने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पूर्णिया।** पूर्णिया के दो जगहों में गोली चलाकर दहशत फैलाने वाले अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधी सहायक खजांची थाना क्षेत्र के सर्वोदय नगर निवासी अमित मंडल है। पूर्णिया शहर के जिला स्कूल रोड स्थित राज फर्नीचर में दिनदहाड़े बाइक सवार दो अपराधियों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया था। उसके बाद मरंगा थाना क्षेत्र के रामनगर में भी इसी अपराधी द्वारा जमीन विवाद को लेकर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया। पूर्णिया के सहायक खजाची थाना परिसर में सदर एसडीपीओ पुष्कर कुमार ने बुधवार को प्रेसवार्ता में संबोधित करते हुए कहा कि राज फर्नीचर और रामनगर में गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अमित मंडल नामक अपराधी को गिरफ्तार किया गया है।

## पुलिस ने 3671 बोतल शराब के साथ ट्रक और एक तस्कर को किया गिरफ्तार

**सुपौल।** निर्मली थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र के हरियाही एनएच 57 पर ट्रक से लदे 3671 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पूर्ण शराबबंदी में शराब तस्करी के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। बंगाल के सिलीगुड़ी से एक ट्रक पर पानी बोतल वाले 153 कार्टन में भरकर लाई जा रही लगभग 3671 बोतल शराब की खेप को पुलिस ने पकड़ा है। भारी मात्रा में शराब की खेप के साथ बंगाल के एक तस्कर को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है.जबकि अन्य तस्कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए पुलिस को देखते ही फरार हो गए। बताया जा रहा है कि निर्मली थाना क्षेत्र स्थित हरियाही के पास एनएच-57 पर अहले सुबह निर्मली थानाध्यक्ष पंकज के नेतृत्व में गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की गई। ट्रक नंबर बीआर 01जीए 6246 पर सिल्लीगुड़ी के चोपड़ा से शराब की खेप लाई जा रही थी। शराब की खेप को कहां और किस जगह डिलीवरी देनी थी। यह अबतक पता नहीं चल सका है, वहीं गिरफ्तार तस्कर अपना पहचान सिलीगुड़ी निवासी प्रेसनजीत के रूप में बताया जा रहा है।

## लूटकांड के फरार अपराधी गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिला पुलिस को बुधवार एक साथ दो सफलताएं हाथ लगी है। पुलिस ने रघुनाथपुर ओपी क्षेत्र से बाइक चोर जबकि वर्षो से फरार लूटकांड के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में सहायक पुलिस अधीक्षक राज ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एसपी के निर्देश के आलोक में रघुनाथपुर ओपी पुलिस ने घेराबंदी कर बाइक चुराकर भाग रहे चोर को चोरी की आपाची बाइक के साथ दबोच लिया। पुलिस ने उसके पास से मास्टर चाभी भी बरामद किया है। छापेमारी में ओपी अध्यक्ष संदीप कुमार, पुअनि इश्वर बैठा सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे। एएसपी राज ने बताया कि जनवरी माह में अरेराज में हुई एक लाख 12 हजार रुपए लूट की घटना में शामिल अपराधी गुंजन तिवारी पिता बिरेन्द्र तिवारी ग्राम बरवा वार्ड नं. 11 निवासी को अरेराज ओपी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना पर उसकी गिरफ्तारी अरेराज नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड नं. 11 से हुई।

## 439 कार्टन विदेशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**हाजीपुर।** बिहार में वैशाली जिले के बरांटी पुलिस आउट पोस्ट क्षेत्र से पुलिस ने 439 कार्टन विदेशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को को यहां बताया कि सूचना के आधार पर मंगलवार की की देर रात बरांटी बाजार कालीस्थान स्थित एक ठिकाने पर छापेमारी की। इस दौरान ट्रक पर लदी राजस्थान निर्मित 439 कार्टन विदेशी शराब बरामद की गयी। बरामद शराब की कीमत करीब 42 लाख रुपए है।

# नौकरी के नाम पर तीस लाख का ठगी करने वाला पटना से गिरफ्तार



**अररिया (हि.स.)।** पटना व्यवहार न्यायालय में नौकरी दिलाने के नाम पर तीस लाख रुपए की ठगी करने वाले जालसाज को फारबिसगंज पुलिस ने पटना से गिरफ्तार किया है। पटना से फारबिसगंज लाने के बाद पुलिस ने गिरोह सहित अन्य मामलों में पूछताछ के बाद आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। गिरफ्तारी में फारबिसगंज पुलिस के साथ पटना के बुद्धा कॉलोनी थाना के पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद थे। गिरफ्तार आरोपित का नाम संतोष कुमार है, जो जमुई जिला अंर्तगत कल्याणपुर का रहने वाला है। इस बाबत कांड के अनुसंधानकर्ता अमित कुमार ने पटना के बोरिंग केनाल रोड स्थित फास्ट फूड की दुकान से उसे गिरफ्तार किये जाने की बात कही। घटना के संबंध में फारबिसगंज थाना क्षेत्र के महेशमुड़ी वार्ड संख्या छह निवासी डोमी साह पिता वृद्धन साह ने विगत मार्च महीने में ठगी मामले में अंतरराज्यीय गिरोह के आधा दर्जन लोगों जिसमें महिलाएं भी शामिल हैं, के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया था। जिसमें पीड़ित डोमी साह ने अपने पुत्र सुमन भारती एवं भतीजा धीरज कुमार साह के द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने का हवाला देते हुए प्राथमिकी में बताया गया कि विगत 14 मार्च 2021 को हाजीपुर थाना के गराई सराय निवासी साढू पप्पू कुमार पासवान एवं उनके पिता गणेश पासवान मेरे यहां पहुंचे। जहां बातचीत के दौरान मेरे बेटे एवं भतीजा को व्यवहार न्यायालय, पटना में आदेशपाल के पद पर सीधी नियुक्ति को लेकर भरोसा दिलाते हुए विश्वास में लिया। जहां नौकरी लगाने के नाम पर तीस लाख रुपए देने की बात करते हुए दोनों छात्रों से आवेदन भरवा कर चले गए। जिसके बाद पुनः 21 मार्च 2021 को दोनों व्यक्ति अपने साथ सीतामढ़ी जिला के बेला थाना क्षेत्र के फुलहटा निवासी मोहन गुप्ता पिता सिंहेश्वर गुप्ता, झारखंड के धनबाद अंर्तगत अंगार पथरा के विकास पासवान एवं जमुई के कल्याणपुर निवासी संतोष कुमार पिता स्व. अंबिका यादव के साथ मेरे यहां पहुंचे। जिसके बाद उक्त सभी लोगों से परिचय कराया गया। परिचय के दौरान सभी व्यक्ति पटना सिविल कोर्ट के जज होने तथा नेपाल घूमने के लिए आने की बात कही। खास बात कि उक्त आरोपितों के द्वारा भी पीड़ित को झांसा देते हुए बहुत लड़कों को सिविल कोर्ट में नौकरी देने की बात कही गई। झांसे में आने के बाद साढू पप्पू पासवान के कहने पर विकास कुमार पासवान के बैंक खाता में अलग अलग किस्तों में 8 लाख 75 हजार, गीता देवी के बैंक खाता में दो लाख रुपए जमा किए।

## सड़क हादसे में बाइक चालक की मौत

**भागलपुर।** जिले के सन्हौला थाना क्षेत्र स्थित पंजवारा घोघा मुख्य मार्ग स्थित मुर्गीचक गांव के पास बुधवार को मुर्गीचक गांव निवासी मो दिलशाद (17) पिता नजबुद्दीन सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। जिसे इलाज के लिए चिकित्सा केंद्र ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवक सुबह बाइक लेकर अपने घर से निकला और सड़क पर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। जिससे वह गंभीर रूप से जख़्मी हो गया। ग्रामीणों की मदद से उसे सन्हौला अस्पताल मे भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर सन्हौला पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घटना का जायजा लिया।

## पत्नी की हत्या के आरोपित जवान ने किया आत्मसमर्पण

**नवादा।** पत्नी की हत्या का आरोपित इंडियन रिजर्व बटालियन का जवान गोपाल कुमार ने घटना के 3 माह बाद बुधवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। दहेज को लेकर पत्नी को प्रताड़ित करने और फिर हत्या का आरोप जवान पर है। इस कांड में उक्त जवान के पिता उमाशंकर सिंह भी पहले ही कोर्ट में सरेंडर कर चुके हैं। अन्य 7 आरोपित अब भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

**क्या है पूरा मामला :** 25 फरवरी 2023 की सुबह नवादा नगर के न्यू एरिया मोहल्ले स्थित अपने घर में अलीना कुमारी का शव फांसी के फंदे से झूलते हुए पाया गया था। घर के सभी सदस्य फरार थे। इसी मोहल्ले में रह रहे मृतका के पिता नवलेश कुमार और अन्य परिजनों ने सूचना बाद पुलिस को बुलाया था। तब शव को पुलिस बरामद की थी। घटना के बाबत मृतका के पिता द्वारा नगर थाना नवादा में एफआईआर 347/23 दर्ज कराई थी। जिसमें पति गोपाल कुमार, ससुर उमाशंकर सिंह, सास उषा देवी, बड़ी सास कमला देवी, देवर गौतम कुमार उर्फ गोलू, ननद पूजा कुमारी, सीमा कुमारी, अनुपम कुमारी, नंदोई सोनू कुमार को आरोपित बनाया गया था।

**पुलिस की कार्रवाई से पिता नाखुश :** एफआईआर दर्ज होने के बाद से पुलिस की कार्रवाई के प्रति मृतका के पिता नाखुश दिख रहे हैं। उनका कहना है कि पुलिस को जो सक्रियता आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई के लिए दिखानी चाहिए थी, अबतक नहीं किया गया। न्याय के लिए वरीय अधिकारियों तक गुहार लगानी पड़ी। काफी दवाब पर पहले समधी उमाशंकर सिंह में 19.4.23 को कोर्ट में सरेंडर किया। फिर 30.5.23 को दामाद गोपाल कुमार ने कोर्ट में ही सरेंडर किया।

## तूफान का कहर, दीवार गिरने से छात्रा की मौत

**भागलपुर।** जिले में आयी आंधी तूफान ने कहर बरपाया है। जगह जगह पेड़ उखड़ गये हैं। कयी जगह फूस के घरों के छप्पर उड़ गये हैं। उधर दीवार गिरने से जिले के सनओखर थाना क्षेत्र के सनोखर गांव निवासी स्वर्गीय उपेन्द्र साह की 16 वर्षीय बेटी की मौत हो गई। घर के अन्य दो लोग गंभीर रूप जख्मी हो गए। जिसका भागलपुर मायागंज अस्पताल में इलाज चल रहा है। घायलों में सुशीला देवी की स्थिति काफी खराब बताई जा रही है। मृतका के भाई ने बताया मंगलवार की रात हमलोग घर में खाना खाकर सो रहे थे। अचानक तेज आंधी आयी और बगल में बने पक्का का मकान था। छत की चारों ओर ईट दिवार था लेकिन वह बहुत कमजोर था।

## पेज एक का शेष

### खुशखबरी : 26 को पीएम...

रेलवे ने ट्रेन के लिये किराया की भी घोषणा कर दी गयी है। पटना से रांची एग्जीक्यूटिव क्लास का किराया 1760 रुपये और चेयरकार का 890 रुपये होगा। इसमें कैटरिंग की राशि नहीं जोड़ी गयी है। यात्रियों को इसके लिए अनुसार अतिरिक्त राशि का भुगतान करना होगा।

### न्यू ग्रीन टेक्नोलॉजी...

टाटा मोटर्स जमशेदपुर में हाइड्रोजन सेगमेंट स्थापित करना चाहती है। अधिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार के सहयोग से हरित हाइड्रोजन मिशन को प्राप्त किया जा सकेगा। टाटा मोटर्स इन दिनों वाहनों के नये तकनीक पर काम कर रही है। टाटा मोटर्स इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ-साथ अब हाइड्रोजन इंजन से चलने वाली गाड़ियों की निर्माण की ओर ध्यान दे रही है। टाटा मोटर्स हाइड्रोजन टेक्नोलॉजी के विस्तार के लिए निवेश के लिए इच्छुक है। इस निमित्त राज्य सरकार से सहयोग की अपेक्षा रखती है। बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, सीएम के प्रधान सचिव वंदना दादेल, सचिव विनय कुमार चौबे, ईडी टाटा मोटर्स गिरीश वाघ, वाइस प्रेसिडेंट टाटा स्टील चाणक्य चौधरी, एमडी टाटा कमिंस अश्वथ राम, वाइस प्रेसिडेंट टाटा मोटर्स विशाल बादशाह, वाइस प्रेसिडेंट टाटा मोटर्स सुशांत नायक सहित संजय मोहन श्रीवास्तव, कनिष्क कुमार, राम फल नेहरा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### वीरेंद्र राम की 39 करोड़...

यह राशि वीरेंद्र राम के रिश्तेदार आलोक रंजन की थी, लेकिन यह किसका है यह विजिलेंस टीम को पता नहीं चल पाया था। जूनियर इंजीनियर सुरेश प्रसाद के आवास से बरामद करीब ढाई करोड़ रुपए मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की भी सहभागिता है, हाल ही में ईडी ने वीरेंद्र राम को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इस मामले में अप्रैल माह में दायर चार्जशीट में ईडी ने दावा किया है कि वीरेंद्र राम ने अपने रिश्तेदारों और करीबियों के नाम से करोड़ों की अवैध संपत्ति अर्जित की है।

### आज टकरायेगा तूफान...

**तूफान से पहले भूकंप के झटके :** गुजरात में बिपरजॉय तूफान से पहले भूकंप के झटके महसूस किये गये। रिक्टर पैमाने में भूकंप की तीव्रता 3.5 रही। कच्छ में बुधवार की शाम 5.05 बजे भूकंप के झटके महसूस किये गये। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार भूकंप का केंद्र पांच किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में था। भूकंप से इलाके में दहशत फैल गयी। इससे पहले मंगलवार को जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में 5.4 तीव्रता के भूकंप आया था। गंभीर आर्थिक संकट झेल रहा पाकिस्तान और बदहाल हो सकता है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक चक्रवात बिपरजॉय पाकिस्तान से ऐसे समय में टकराने जा रहा है जब देश पहले से ही गंभीर आर्थिक तंगी झेल रहा है।

# डीयू समेत 105 विवि में नये सत्र से चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम लागू

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति

**एफवाइयूपी में छात्रों के पास मल्टीपल एंट्री और एग्जिट का विकल्प भी होगा : यूजीसी**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देश के 19 केंद्रीय विश्वविद्यालय सहित 105 विश्वविद्यालय आगामी शैक्षणिक सत्र से चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहे हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने यह जानकारी दी। जिन केंद्रीय विश्वविद्यालय ने चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम को चुना है, उनमें दिल्ली विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, विश्व भारती विश्वविद्यालय, असम विश्वविद्यालय, तेजपुर विश्वविद्यालय, जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय, सिक्किम विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय संस्कृत




विश्वविद्यालय, मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय शामिल हैं।इस सूची में श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विश्वविद्यालय, हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, राजीव गांधी विश्वविद्यालय तथा हरियाणा, दक्षिण बिहार और तमिलनाडु स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय शामिल हैं। इसके अलावा, 40 डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय, 18 निजी विश्वविद्यालय तथा 22 राज्य विश्वविद्यालयों ने चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम को चुना है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में सिफारिश की गई है कि स्नातक पाठ्यक्रम या तो तीन या चार वर्षो की अवधि का हो जिसमें उपयुक्त प्रमाणपत्र प्रदान करने के साथ बहु प्रवेश एवं निकासी का विकल्प हो। स्नातक डिप्लोमा दो वर्षो के अध्ययन के बाद तथा स्नातक डिग्री तीन वर्ष के कार्यक्रम के बाद देने की व्यवस्था हो।

चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम (एफवाईयूपी) में छात्रों के पास मल्टीपल एंट्री और एग्जिट का विकल्प भी होगा।अगर वे किसी कारणवश तीन साल से पहले कॉलेज छोड़ देते हैं और अपनी डिग्री पूरी नहीं कर पाते हैं तो उन्हें फिर से अपनी पढ़ाई पूरी करने एवं अपनी डिग्री पूरा करने की इजाजत देने की व्यवस्था है। यूजीसी ने विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली (सीबीसीएस) को भी शामिल किया हयूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने कहा कि वर्तमान सीबीसीएस व्यवस्था के तहत हालांकि छात्रों को विभिन्न विषयों में से अपनी पसंद का चयन करने की सुविधा मिलती है लेकिन इसमें बहु या अंतर विषयक संयोजन का अभाव दिखता है। उन्होंने कहा कि ऐसे में सीबीसीएस में संशोधन करने के प्रयासों के तहत आयोग ने चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के तहत पाठ्यक्रम का ढांचा और क्रेडिट प्रणाली विकसित की है जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति की अहम सिफारिशों को ध्यान में रखा गया है।

स्पीड न्यूज

### नाइजीरिया में नौका पलटी, 150 की मौत

अबुजा। नाइजीरिया में नौका दुर्घटना में कम से कम 150 लोगों की मौत हो गई। भार क्षमता से अधिक लोगों को लेकर जा रही यह नाव बुधवार सुबह नदी में पलट गई। गोताखोर बाकी लोगों को तलाश रहे हैं। पुलिस प्रवक्ता ओकासनमी अजयायी के मुताबिक यह हादसा उत्तरी नाइजीरिया में हुआ है। नदी में नौका हादसे का शिकार हुए यह लोग शादी समारोह से लौट रहे थे।

### ब्रिटेन में भारतीय मूल की महिला की हत्या

**लंदन।** ब्रिटेन के उत्तरी लंदन में 27 वर्षीय भारतीय मूल की महिला की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई है। स्कॉटलैंड यार्ड ने बुधवार कहा कि हत्या के संबंध में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। यह घटना मंगलवार को वेम्बली के नील क्रिसेंट में एक आवासीय संपत्ति में हुई। वह हैदराबाद की युवा पेशेवर कोंथम तेजस्विनी है।

### समुद्री खाद्य निर्यात 8 अरब डॉलर पहुंचा

**नयी दिल्ली।** प्रशीतित झींगे के निर्यात में उछाल के कारण भारत से समुद्री खाद्य वस्तुओं का निर्यात वर्ष 2022-23 में 4.31 प्रतिशत बढ़कर 8.09 अरब डॉलर हो गया। वाणिज्य मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मात्रा के संदर्भ में समुद्रा खाद्य उत्पादों का निर्यात पिछले वित्तवर्ष में बढ़कर 17,35,286 टन हो गया, जो वर्ष 2021-22 में 13,69,264 टन था।

### थोक मुद्रास्फीति घटकर शून्य से 3.48 % नीचे

**नयी दिल्ली।** थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति मई में घटकर शून्य से 3.48 प्रतिशत नीचे आ गई जो इसका कई साल का निचला स्तर है। मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, ईंधन और विनिर्मित वस्तुओं के दाम घटने से थोक मुद्रास्फीति में गिरावट आई है। लगातार दूसरे महीने मुद्रास्फीति शून्य से नीचे रही है। इसके पहले अप्रैल में यह (-) 0.92 प्रतिशत पर थी। मई, 2022 में थोक मुद्रास्फीति 16.63 प्रतिशत पर थी।

### पीएफआई का प्रमुख शस्त्र प्रशिक्षक अरेस्ट

नयी दिल्ली। फर्जी पहचान के साथ रह रहे प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के एक कथित सदस्य को कर्नाटक से गिरफ्तार किया गया है। एनआईए के प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार नोसम मोहम्मद यूनुस निजामाबाद आतंकवादी षड्यंत्र मामले में कथित रूप से शामिल रहने को लेकर वांछित था। अधिकारी ने बताया कि आंध्र के नांदयाल का रहने वाला यूनुस अपने बड़े भाई के इन्वर्टर कारोबार से जुड़ा था।

# उग्रवादियों के हमले में नौ की मौत, 10 घायल

## मणिपुर में पूर्वी इंफाल के खमेनलोक में भड़की हिंसा

**▸▸ जिला प्रशासन ने कर्फ्यू में ढील के समय को कम किया**

एजेंसी

**इंफाल।** हिंसा प्रभावित मणिपुर में खामेनलोक इलाके के एक गांव में संदिग्ध उग्रवादियों के हमले में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि अत्याधुनिक हथियारों से लैस उग्रवादियों ने रात करीब एक बजे इंफाल पूर्वी जिले और कांगपोकी जिले की सीमा से लगे खामेनलोक इलाके में ग्रामीणों को घेर लिया और हमला कर दिया। गोलीबारी में दोनों पक्षों के लोग हताहत हुए हैं।यह क्षेत्र मेइती-बहुल इंफाल ईस्ट जिले और आदिवासी बहुल कांगपोकपी जिले की सीमाओं से लगा है। इस बीच, इंफाल ईस्ट और इंफाल वेस्ट में जिला प्रशासन ने कर्फ्यू में ढील के समय को कम करते हुए, उसे सुबह पांच बजे से शाम छह बजे की बजाय सुबह पांच से सुबह नौ बजे तक कर दिया है। हिंसा प्रभावित मणिपुर के 16 जिलों में से 11 में अब भी कर्फ्यू लगा है जबकि पूरे पूर्वोत्तर राज्य में इंटरनेट सेवाएं निलंबित हैं।

### अब तक 100 की मौत

मणिपुर में करीब एक महीने पहले भड़की जातीय हिंसा में कम से कम 100 लोगों की मौत हुई है और 310 अन्य घायल हुए हैं। राज्य में शांति बहाल करने के लिए सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों को तैनात किया गया है। गौरतलब है कि मणिपुर में अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में तीन मई को पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च के आयोजन के बाद झड़पें हुई थीं। मणिपुर की 53 प्रतिशत आबादी मेइती समुदाय की है और ये मुख्य रूप से इंफाल घाटी में रहते हैं। आदिवासियों- नगा और कुकी की आबादी 40 प्रतिशत है और ये पर्वतीय जिलों में रहते हैं।



संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बल के जवान।

### यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए हथियार देना बंद करे पश्चिमी देश : पुतिन

**मॉस्को।** यूक्रेन युद्ध समाप्त करने और संकट सुलझाने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिमी देशों से सैन्य मदद बंद करने की बात कही है। पुतिन का मानना है कि यूक्रेन संघर्ष के पीछे पश्चिमी देशों का हाथ है। पुतिन ने संवाददाताओं के साथ बातचीत में कहा कि दुश्मन किसी भी दिशा में सफल नहीं हुआ। पुतिन ने बताया कि यूक्रेनी सेना वर्तमान में शाख्त्योर्स्क और वर्मेवका में लगातार हमले कर रही है, लेकिन अग्रिम मोर्चों तक पहुंचने में विफल रही है। कुल मिलाकर, यूक्रेन चार दिशाओं से हमला कर रहा है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन बड़े पैमाने पर जवाबी हमला कर रहा है। पुतिन ने कहा कि रूस अपने विशेष सैन्य अभियान के जरिए धीरे-धीरे यूक्रेन का असैन्यीकरण करने में लगा है। अगर पश्चिमी देश संघर्ष को हल करना चाहते हैं तो उन्हें कीव को हथियार देना बंद करना होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि पश्चिम को यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति बंद करने की जरूरत है, अगर वे जारी संघर्ष को हल करना चाहते हैं।

# अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को हिरासत में लिया

**गुप्त दस्तावेज चुराने व रखने के मामले में कोर्ट की कार्रवाई**

एजेंसी

**मियामी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को मंगलवार को आपराधिक आरोपों के मामले में मियामी कोर्ट में सुनवाई के दौरान हिरासत में ले लिया गया। ट्रंप पर अवैध रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा दस्तावेज रखने और इसकी मांग करने वाले अधिकारियों से झूठ बोलने का आरोप है।

मियामी में ट्रंप अमेरिकी मजिस्ट्रेट न्यायाधीश जोनाथन गुडमैन की अदालत में पेश हुए। इस दौरान कैमरों पर रोक के साथ कोर्ट रूम के लाइव प्रसारण को बंद करा दिया गया था।

इस मामले में उनके पूर्व सहयोगी व आरोपित वॉल्ट नौटा भी अदालत में पेश हुए। ट्रंप अदालत दूसरी बार गए हैं, इससे पहले अप्रैल में न्यूयॉर्क की कोर्ट में एक पोर्न स्टार को पैसे देने के आरोप में उनको कोर्ट जाना पड़ा था, हालांकि उस मामले में उनको दोषी नहीं ठहराया गया। मियामी में मंगलवार की उपस्थिति संघीय आरोपों पर थी। वहीं कोर्ट हाउस



के बाहर ट्रंप के समर्थन में मेक अमेरिका ग्रेट अगेन की टोपी पहने और अमेरिकी झंडे लिए समर्थकों ने मियामी फॉर ट्रम्प और लैटिनो फॉर ट्रम्प के नारे लगाए। मियामी के मेयर फ्रांसिस सुआरेज ने अदालत के बाहर संवाददाताओं से कहा कि सुरक्षा के सभी इंतजाम हैं। भीड़ को देखते हुए अधिकारियों ने खासी तैयारी की थी। प्रशासन ने 6 जनवरी, 2021 को यूएस कैपिटल पर हुए हमले को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के सभी इंतजाम किए थे।

## कृति सैनन ने प्रभास की तारीफ की

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन ने फिल्म आदिपुरूष में अपने को-एक्टर प्रभास की तारीफ की है। भूषण कुमार निर्मित और ओम राउत निर्देशित आदिपुरुष में प्रभास,सैफ अली खान, कृति सैनन, देवदत्त गजानन नागे, सोनल चौहान, वत्सल सेठ आदि प्रमुख भूमिका में हैं।इस फिल्म में प्रभास भगवान राम, कृति माता सीता, सैफ अली खान लंकेश और सनी सिंह लक्ष्मण के किरदार में नजर आएंगे। कृति ने प्रभास की तारीफ की है।



कृतिने कहा, मैंने सुना था कि प्रभास अपने आप में रहने वाले रिजर्व इंसान है और शुरूआत में मुझे वह शमीर्ले लगे। लेकिन ज्यादा कुछ जानने के लिए नहीं था। मैंने यूं ही इस बारे में बात करना शुरू कर दिया कि कैसे मेरी पहली फिल्म एक तेलुगु फिल्म थी और उस भाषा में अभिनय करना कठिन था जिसे मैं नहीं जानती। फिर वो खुल गए और बात करनी शुरू कर दी। प्रभास अविश्वसनीय रूप से जमीन से जुड़े हुए और सम्मानित इंसान हैं। उनकी आंखें बहुत एक्सप्रेसिव हैं और उनका नेचर शांत है। मैं कल्पना भी नहीं कर सकती कि उनके अलावा कोई और राघव का किरदार निभा सकता था। फिल्म 'आदिपुरुष' में 16 जून को रिलीज होगी।

## 'तितली उड़ी' की गायिका शारदा का मुंबई में निधन

**मुंबई।** हिन्दी फिल्म सूरज (1966) के गीत तितली उड़ी से लोकप्रियता हासिल करने वाली गायिका शारदा का बुधवार को उनके आवास पर निधन हो गया। गायिका की बेटी सुधा मदेरिया ने बताया कि वह कैंसर से जूझ रही थीं। शारदा 89 वर्ष की थीं। गायिका मदेरिया ने बताया कि बुधवार सुबह मुंबई में अपने घर पर उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका पिछले करीब छह महीने से (कैंसर का) इलाज चल रहा था। मदेरिया ने मां के निधन की सूचना पहले इंस्टाग्राम पर साझा की। उन्होंने लिखा कि बेहद दुख के साथ मेरा भाई शम्मी राजन और मैं अपनी प्यारी मां, गायिका शारदा राजन की कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद निधन की सूचना साझा कर रहे हैं।



# इडी ने तमिलनाडु के बिजली मंत्री बालाजी को किया अरेस्ट

## मनी लांड्रिंग मामला

**अदालत ने 26 जून तक न्यायिक हिरासत में भेजा**

एजेंसी

**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तमिलनाडु के बिजली और आबकारी मंत्री वी. सेंथिल बालाजी को बुधवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार कर लिया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। बालाजी तमिलनाडु में मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन नीत सरकार में केंद्रीय एजेंसी की इस तरह की कार्रवाई का सामना करने वाले पहले मंत्री हैं।

सूत्रों ने बताया कि काफी देर तक पूछताछ करने के बाद बालाजी (47) को गिरफ्तार किया गया। इससे पहले असहज महसूस करने के बाद बालाजी को बुधवार सुबह शहर के एक सरकारी अस्पताल में



भर्ती कराया गया। अस्पताल में बालाजी का कोरोनरी एंजियोग्राम किया गया। चिकित्सकों ने उन्हें जल्द से जल्द बाईपास सर्जरी कराने की सलाह दी है। चेन्नई की एक स्थानीय अदालत ने बालाजी को 28 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बालाजी के ठिकानों पर मंगलवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापे मारे थे और उसके बाद एजेंसी ने धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत मंगलवार देर रात करीब 1:30 बजे उन्हें गिरफ्तार कर लिया। वहीं, मद्रास उच्च न्यायालय में एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की गई है, जिसमें उन्हें अदालत में पेश करने की मांग की गई। मुख्यमंत्री स्टालिन ने बुधवार को ओमंदुरार एस्टेट में तमिलनाडु गवर्नमेंट मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में बालाजी से मुलाकात की। इससे पहले मंगलवार को बालाजी के खिलाफ ईडी द्वारा की गई छापेमारी को उन्होंने डराने-धमकाने की राजनीति करार दिया था।

### बिपरजॉय के चलते 125 से अधिक ट्रेनें प्रभावित

**नयी दिल्ली/मुंबई।** चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के कारण सवा सौ से अधिक ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है। मुंबई में पश्चिम रेलवे के प्रवक्ता के अनुसार चक्रवात के कारण 69 ट्रेनों को रद्द किया गया है, 33 ट्रेनों को गंतव्य से पहले ही समाप्त कर दिया गया है जबकि 25 ट्रेनें ऐसी हैं जिन्हें बीच के स्टेशन से चलाने का फैसला लिया गया है। बिपरजॉय चक्रवात की आशंका के मद्देनजर रेलवे ने पहले से ही व्यापक तैयारियां कर रखीं हैं। भावनगर, महुवा, वेरावल से पोरबंदर तक के क्षेत्र में इसका प्रभाव रहने की आशंका है। सोमवार से चार दिनों के लिए मालगाड़ियों में डबल स्टेक कंटेनरों की ढुलाई प्रतिबंधित की गयी है। संरक्षा संबंधी उपायों की सतत समीक्षा की जा रही है। दुर्घटना राहत व मेडिकल इमरजेंसी गाड़ियों को हर स्थिति के लिए तैयार रखा गया है। आपदा प्रबंधन कक्ष को सक्रिय किया गया है।



# स्कॉलरशिप

## जर्मनी में पढ़ना है? इन टॉप स्कॉलरशिप के लिए करें आवेदन

**जर्मनी** तेजी से दुनिया भर के छात्रों की पहली पसंद बनता जा रहा है। जर्मनी में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर दिया जाता है। इससे दुनिया भर के छात्र बेस्ट एजुकेशन डेस्टिनेशन के तौर पर जर्मनी को देख रहे हैं।

जर्मनी तेजी से दुनिया भर के छात्रों की पहली पसंद बनता जा रहा है। जर्मनी में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर दिया जाता है। इससे दुनिया भर के छात्र बेस्ट एजुकेशन डेस्टिनेशन के तौर पर जर्मनी को देख रहे हैं। साल दर साल के हिसाब से जर्मनी में भारतीय छात्रों की संख्या 7 फीसदी के हिसाब से बढ़ रही है। जर्मनी की ओर आर्किषत होने के कई कारण हैं जिनमें से कुछ हायर एजुकेशन की कम फीस, पढ़ने के बाद आसानी से वर्क परमिट मिलना आधि शामिल हैं।

### एचडब्ल्यूके फेलोशिप

एचडब्ल्यूके स्कॉलरशिप काफी योग्य वैज्ञानिकों को दी जाती है। फेलोशिप प्रॉजेक्ट के



आधार पर जर्मनी में पढने के लिए रेग्युलेर फेलोशिप और जूनियर फेलोशिप तीन और 10 महीने के लिए दी जाती है।

### मैनहीम यूनिर्विसटी डॉचलैंड स्कॉलरशिप

यह स्कॉलरशिप मैनहीम यूनिवर्सिटी द्वारा शुरू की गई है। यह मेरिट आधारित स्कॉलरशिप है। ग्रैजुएशन, पोस्ट ग्रैजुएशन आदि की पढ़ाई करने वाले छात्र इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। करीब 24,000 रुपये हर महीने स्कॉलरशिप के तौर पर मिलते हैं।

### जीएसएलएस फेलोशिप, विर्जवर्ग यूनिर्विसटी, जर्मनी

तीन सालों के लिए यह फेलोशिप विर्जवर्ग यूनिर्विसटी, जर्मनी द्वारा पीएचडी फेलोज को दी जाती है। इस स्कॉलरशिप के लिए लाइफ साइंस के किसी भी विषय में डिग्री जरूरी होनी चाहिए। इस फेलोशिप में हर साल करीब 4 लाख रुपये रिसर्च के खर्च, यात्रा आदि पर खर्च के लिए दिए जाते हैं।

### साइंस और इंजिनियरिंग में डीएएडी इंटर्नशिप

इस इंटर्नशिप के साथ जर्मनी में मौजूदा रिसर्च परियोजनाओं के हिस्से के तौर पर डॉक्टोरल स्टूडेंट्स, साइंटिस्ट्स या प्रफेसरों के साथ काम करने का मौका मिलता है। मैथमेटिक्स, इंजिनियरिंग और साइंस के स्टूडेंट फाइनल इयर में या उससे पहले साल में इन इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें ट्रैवल अलाउंस के तौर पर हर महीने में करीब 50 हजार रुपये मिलता है।

### हमबोल्ड रिसर्च ट्रैक स्कॉलरशिप

यह स्कॉलरशिप उन पीएचडी आवेदकों के लिए हैं जो जर्मनी में पढ़ना चाहते हैं। किसी भी डिसिप्लिन में मास्टर डिग्री धारक इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें 6 महीने तक करीब



63 हजार रुपये तक मिलते हैं। करीब 32 हजार रुपये हर महीने चुने हुए स्कॉलर के बच्चों के खर्च के लिए दिए जाते हैं।

### बोहरिंगर इंगेलहिम फोंड्स पीएचडी फेलोशिप

भारत के जूनियर साइंटिस्ट बायॉमेडिकल रिसर्च के लिए इस स्कॉलरशिप का फायदा उठा कते हैं। वे जर्मनी के हायर एजुकेशन इंस्टिट्यूट में पीएचडी कर सकते हैं। स्कॉलरशिप के तहत साइंटिफिक रिसर्च और लैब/फील्ड एक्सपेरिमेंट्स के लिए फंड दिया जाता है। इस स्कॉलरशिप के तहत करीब 1.20 लाख रुपये मासिक भत्ता, करीब 12 हजार रुपये अनुसंधान भर्ता और 24 महीने की अवधि के लिए पत्नी और बच्चों के अन्य भत्ते दिए जाते हैं।

### आइंस्टाइन फेलोशिप, जर्मनी

आइंस्टाइन फोरम और डैमर ऐंड बेंज फाउंडेशन भारत के 'मैनिटीज, सोशल साइंसेज या नैचरल साइंसेज के छात्रों को ये फेलोशिप देता है। फेलोशिप के तहत छात्रों को मासिक भत्ता और रिसर्च फंड मिलता है। इस फेलोशिप के लिए छात्रों के पास पीएचडी डिग्री होना जरूरी नहीं है। इस फेलोशिप में करीब 8 लाख रुपये स्टाइपेंड एक ही बार दिया जाता है। इसके अलावा 5-6 महीनों के लिए यात्रा का रीइम्बर्समेंट और आवास की सुविधा मुहैया कराई जाती है।

# चार्टर्ड अकाउंटेंसी: वित्त क्षेत्र में संभावना



**के खुशी**

**चार्टड** एकाउंटेंट यानी सीए का क्षेत्र वित्त और फिनांस में सबसे बेहतर क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। प्रोफेशनल कोर्सों के बढ़ते क्रेज में कॉमर्स छात्रों के लिए सीए एवरग्रीन है। सफल चार्टर्ड एकाउंटेंट यानी सीए बनना हर कॉमर्स के छात्र का पहला सपना होता है। आज अधिकतर कॉमर्स के छात्र सीए की लाइन में जाना चाहते हैं। लेकिन कुछ ही छात्र अपने सपनों को पूरा कर पाने में समर्थ रहते हैं। सीए करने के बाद आप अपनी कंपनी भी खोलकर उसमें कार्य कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त आप कई तरह के फर्म के साथ जुड़ कर काम कर सकते हैं।



किसी भी संस्थान में चार्टर्ड अकाउंटेंट अथवा सीए का काम बेहद सम्मानजनक एवं चुनौतीपूर्ण होता है। वे उस संस्थान अथवा कंपनी से जुड़े सभी अकाउंट एवं फाइनेंस संबंधी कार्यों के प्रति उत्तरदायी होते हैं। इसके अलावा इनका कार्य मनी मैनेजमेंट, ऑडिट अकाउंट का एनालिसिस, टैक्सेशन तथा फाइनेंशियल एडवाइज उपलब्ध कराने से भी संबंधित है। कोई भी छात्र जिसने किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से कॉमर्स स्ट्रीम में बारहवीं पास किया हो, सीए में करियर बना सकता है। अमूमन छात्र सीए की लाइन में जाने के लिए बारहवीं कक्षा से ही तैयारी शुरू कर देते हैं, लेकिन कुछ छात्र सीए की दौड़ में भाग लेने के लिए अपनी शुरुआत ग्रेजुएशन के बाद भी करते हैं। सीए कोर्स की लंबी अवधि के कारण सीए की शुरुआत का सही समय बारहवीं पास करने के बाद का ही होता है। सीए की तैयारी के लिए छात्रों को पहले अपना एकाउंटिंग बेस मजबूत करना चाहिए। ये ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा में गहन अध्ययन के दौरान ही हो सकता है। एक छात्र में मैनेजमेंट और फाइनेंसियल क्षेत्र में एक्सपर्ट नॉलेज के साथ एक्सपर्ट व्यू का होना बहुत जरूरी है। सीए में करियर बनाने के लिए इसकी शुरुआत कॉमन प्रोफिसिएंसी टेस्ट (सीपीटी) से होती है जिसे पास करने के बाद ही छात्र अपने लक्ष्य के पहले पड़ाव को पार कर दूसरे पड़ाव पर पहुंच सकता है। सीए में सीपीटी पास कराने में मदद के लिए बहुत सारे कोचिंग सेंटर खुले हुए हैं, स्कूलों में ट्यूशन की आदत होने से छात्रों को सीपीटी पास करने के लिए भी कोचिंग की आवश्यकता पड़ ही जाती है। लेकिन मेरा मानना यह है कि लगन, कड़ी मेहनत और सेल्फ स्टडी सीपीटी ही नहीं बल्कि सीए पास करने का मूल मंत्र है।

### फीस की रूपरेखा

सीए की तीनों ही परीक्षाओं में फीस की रूपरेखा अलग-अलग है। सीपीटी में जहां छात्रों को प्रॉस्पेक्टस, रजिस्ट्रेशन, जर्नल आदि के रूप में 6700 रुपए देने होते हैं, वहीं आइपीसीसी 10600 रुपए तथा फाइनल कोर्स की फीस 12,250 रुपए तय की गई है। इसके अलावा आर्टिकलशिप ट्रेनिंग फीस 2000 रुपए, 100 घंटे के इंफार्मेशन टेक्नोलॉजी टेस्ट (आइटीटी) की फीस 4000 रुपए, 35 घंटे के ओरिएंटेशन प्रोग्राम की फीस 3000 रुपए तथा जीएमसीएस की फीस 4000 रुपए तय की गई है। सभी कोर्स व प्रोग्राम को मिला कर यह राशि 42,450 रुपए के करीब बैठती है।

### संभावनाओं का खुला

**रांची में सीए संस्थान**

रांची में सीए का सेंटर मुक्ति शरण लेन लालपुर चौक में स्थित है।रांची में 1999 से सीए की परीक्षा आंरभ हुई। रांची में छात्रों का प्रदर्शन बेतहर है और 20 प्रतिशत छात्र सफल होते हैं जो देश में बेहतर है। ई मेल: ranchi@icai.org

### आकाश

सीए का काम अत्यंत चुनौतीपूर्ण व सम्मानजनक है। इसके प्रोफेशनल्स के रूप में देश-विदेश की कंपनियों में फाइनेंस, अकाउंट्स एवं टैक्स डिपार्टमेंट में फाइनेंस मैनेजर, अकाउंट्स मैनेजर, फाइनेंशियल बिजनेस एनालिस्ट, ऑडिटिंगटरनल ऑडिटिंग, स्पेशल ऑडिट्स सहित चेयरमैन, मैनेजिंग डायरेक्टर, सीईओ, फाइनेंस डायरेक्टर, फाइनेंशियल कंट्रोलर, चीफ अकाउंटेंट, चीफ इंटरनल ऑडिटर जैसे महत्वपूर्ण पदों पर काम कर सकते हैं। इसके साथ ही उनके लिए प्राइवेट प्रैक्टिस व कंसलटेंसी में रोजगार के अवसर मिलते हैं। अधिकांश सीए कॉरपोरेट घरानों को बिजनेस एडवाइज देने तथा प्रोजेक्ट प्लानिंग का काम भी करते हैं। विदेशों में भी भारतीय प्रोफेशनल्स को अवसर मिल रहे हैं। सभी सरकारी व प्राइवेट बैंक, पब्लिक लिमिटेड कंपनियां, ऑडिटिंग फर्म्स, फाइनेंशियल कंपनियां, म्यूचुअल फंड, पोर्ट फोलियो मैनेजमेंट कंपनी, इनवेस्टमेंट हाउस, स्टॉक ब्रोकिंग फर्म्स, लीगल फर्म्स व हाउस आदि में नौकरियां सृजित हो रही हैं।

सीपीटी के बाद सीए के सफर में और किन किन स्तरों से मंज कर एक छात्र को अपना लक्ष्य तय करना होता है?

सीए के करियर बनाने के लिए कॉमर्स से जुड़े एक छात्र को ये चार पड़ाव पार करने होते हैं:

**1. कॉमन प्रोफिसिंसि टेस्ट**

**2. इनटीग्रेटिड प्रोफेशनल काम्पिटेन्स कोर्स )**

**3. एकाउंटिंग टेक्निशियन कोर्स**

**4. फाइनल कोर्स**

इन चार पड़ावों से गुजर कर एक छात्र अपने सीए के सफर को पूरा कर सफलता की बुलंदियों को छू सकता है। सीए के इस रण में सबसे अधिक महत्वपूर्ण भाग इसकी ट्रेनिंग का है, क्योंकि ट्रेनिंग के दौरान ही छात्र ये सीख सकते हैं कि सीए की असली भूमिका क्या होती है। किस तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ट्रेनिंग के दौरान ही छात्र चुनौतियों से रूबरू होकर एक्सपर्ट बन सकते हैं।

### वेतनमान

जूनियर लेवल पर 15,000-20,000 रुपए प्रतिमाह तथा सीनियर लेवल पर 30,000-35,000 रुपए प्रतिमाह मिलता है। दो तीन साल का अनुभव होने पर यही राशि 55,000-60,000 रुपए प्रतिमाह के करीब पहुंच जाती है। विदेशी कंपनियां इन्हें लाखों के पैकेज पर रख रही हैं। अनुभव बढ़ने के साथ-साथ इनकी सेलरी बढ़ती जाती है। कंपनी एक्ट के अनुसार केवल सीए ही भारतीय कंपनियों में बतौर ऑडिटर नियुक्त किए जा सकते हैं। इसका फायदा देख कर ही कई अंतरराष्ट्रीय कंपनियां चार्टर्ड अकाउंटेंसी के क्षेत्र में कदम रख रही हैं। देश की इकोनॉमी को नियंत्रित करने, इससे जुड़े सिस्टम का ऑडिट और उसे सर्टिफाई करने का काम सीए के जिम्मे होता है।

बैंक भी अपना सालाना ऑडिट सीए से कराते हैं। यदि किसी संस्था या व्यक्ति को लोन दिया जाता है तो बैलेंस सीट सीए ही देखता है। शेयरों की खरीद-फरोख्त में भी बैलेंस शीट देखी जाती है। विभिन्न टैक्सों के भुगतान का हिसाब-किताब भी सीए के जिम्मे होता है।

**(संत जेवियर कॉलेज रांची)**



## विवेक मन्त्र

आत्मा के लिए असंभव कुछ भी नहीं है। हमारा कर्तव्य है कि अपने ही सर्वोच्च विचार पर खरा उतरने के लिए उनके संघर्ष में हर एक के लिए प्रोत्साहित करते रहें। एक विचार ले लो। एक विचार के लिए अपने जीवन को समर्पित कर दें। सपना, इस विचार के साथ रहता है। मस्तिष्क, मांसपेशियों, नसों, आपके शरीर के हर हिस्से, में विचार भरा हो, ओजस्वी बनने के लिए हर समय प्रयासरत हों।

हर इंसान श्रद्धा से मंदिर में खड़ा होता है। लेकिन हर खड़ा इंसान भी ईश्वरतुल्य है और ईश्वर के तुल्य सम्मान पाने योग्य है।

**स्वामी विवेकानंद**



## जॉब एलर्ट

**सवाल: क्या रेलवे में तीन लाख से ज्यादा पद रिक्त है। साथ ही केन्द्र में सात लाख पद रिक्त हैं। रवि प्रकाश, रांची**

जवाब:सरकारी जॉब की तलाश कर रहे लोगों के लिए राहत भरी खबर है। काफी दिनों के बाद भारतीय रेलवे इतनी बड़ी संख्या में भर्ती करने जा रहा है। भारतीय रेलवे ने असिस्टेंट लोको पायलट और टेक्निशियन के लाखों खाली पदों पर भर्ती की घोषणा की है। इसके लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अभ्यर्थी एक से ज्यादा आवेदन नहीं दे सकेंगे और ऐसा करने पर उनको भर्ती प्रक्रिया से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।

**सवाल: सीए को आंरभिक वेतन कितना मिलता है। अनीसा हजारीबाग**

जबाव: जूनियर लेवल पर 25,000-30,000 रुपए प्रतिमाह तथा सीनियर लेवल पर 40,000-50,000 रुपए प्रतिमाह मिलता है। दो तीन साल का अनुभव होने पर यही राशि 55,000-60,000 रुपए प्रतिमाह के करीब पहुंच जाती है। विदेशी कंपनियां इन्हें लाखों के पैकेज पर रख रही हैं। अनुभव बढ़ने के साथ-साथ इनकी सेलरी बढ़ती जाती है। कंपनी एक्ट के अनुसार केवल सीए ही भारतीय कंपनियों में बतौर ऑडिटर नियुक्त किए जा सकते हैं।



## करियर जोन

**सवाल :** रेलवे साइको टेस्ट क्या होता है? यह क्यों आवश्यक है? **रवि, रांची**

**जवाब :** । रेलवे लोको पॉयलट के लिए बड़ी संख्या में नियुक्ति की सूचना प्रकाशित की गयी है। इसके लिए आइटीआइ सहित तकनीकी डिप्लोमा होल्डर युवा भी आवेदन कर सकते हैं। रेलवे में सिर्फ लोका पायलट के पद के लिये ही यह परीक्षा आयोजित की जाती है। उत्तीर्ण छात्र परीक्षा में भाग लेते हैं। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद साइको टेस्ट में भाग लेना अनिवार्य है।

**सवाल :एसएससी के माध्यम से जूनियर इंजीनियरिंग की भर्ती सूचना कब प्रकाशित होगी। प्रशांत, धनबाद**

**जवाब :** एसएससी के माध्यम से प्रकाशित होने वाली रिक्तियों की सूचना हर वर्ष जनवरी - फरवरी के अंत तक प्रकाशित होती है। इस वर्ष में चुनाव के कारण पूरी प्रकिया बाधित है। रोजगार समाचार का नियमित अध्ययन करते रहें।

**ई-मेल**

nkmurlidhar@gmail.com पर अपना सवाल भेज सकते हैं आपके सवाल का जवाब हम खबर मन्त्र में प्रकाशित करेंगे।

## मोटिवेशन: जब जागो तभी सवेरा

क्या आप जानते हैं कि आपका सबसे बड़ा दुश्मन कौन है? आप अपने आप का सबसे बड़ा दुश्मन हैं। यकीन मानें, यह सच हैं।

हमारी हर असफलता, बीमारी, पतन और दुख का कारण हम स्वयं हैं। अगर हम ध्यान से मेहनत करते हुए पढ़ाई करें तो संभवतः किसी भी परीक्षा में असफल नहीं होंगे।

**कुछ आदत जो हमारी ऊर्जा को सकारात्मक बनाती हैं**

हम सुबह सूर्योदय के पहले उठ कर व्यायाम करें, टहल लें, पानी पीयें। क्या ऐसा करना असंभव या कठिन है? क्या इसमें कोई बड़ी राशि खर्च होती है। युवाओं के लिए यह रामवाण है। आज से ही प्रयास करें।

**खुश रहना:** किसी अन्य की मदद के लिए हर समय तैयार रहना, दूसरों की सफलता पर दिल खोलकर बधाई देना और खुश होना, यानी खुश मिजाज होना। क्या इसके लिए कोई विशेष प्रयास की आवश्यकता है। आप के पास अब भी संभावना है, आप प्रसन्न रहने के लिए कुछ करें।

**जब जागो तभी सबेरा:** हम स्वयं का शुत्रु न बनें। अपने को स्वस्थ रखें। मानसिक रूप से स्वयं को मजबूत बनायें। जीवन में सदैव अपने को आगे बढ़ाने और अन्य को भी आगे ले जाने की बात सोचें। स्वयं को अनावश्यक क्लेश, विवाद, लड़ाई झगड़ा से बचायें। हर बात पर गुस्सा की बुरी आदत से बचें। गुस्सा से संबंध खराब होते हैं और ऊर्जा कम होती जाती है।

**युवाओं का देश:** भारत को युवाओं के देश के रूप में पहचाना जा रहा है। युवा लगातार हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहे हैं। लेकिन



**एडी बाधवा**

**सीएमए सह मोटिवेटर**

कई बार युवा अपनी योग्यता पहचानने में भूल करते हैं। किसी भी सफलता के लिए उपरोक्त बातों का जीवन में बेहतर ढंग से उपयोग कर सकते हैं। इन बातों पर अमल से अहंकार कम होता है आत्म अनुशासन आता है, जो समाज की बड़ी पूंजी है।

**राष्ट्रीय नुकसान :** सड़क दुर्घटना या अन्य अराजक कारणों से असामयिक निधन से देश को भारी नुकसान होता है। आप अपने आप को राष्ट्रीय संपत्ति समझें। विश्व के विकसित देशों से प्रतिस्पर्धा में अपनी अहमियत स्वीकारें और तन, मन और धन के परिप्रेक्ष्य में गंभीर प्रयास करें। आप अधिक से अधिक काम कर सकते हैं।

# इंटरव्यू में रखें इन बिंदुओं का ध्यान

**नागेन्द्र सिंह**



**प्रारंभ** किसी भी व्यक्ति के लिए नौकरी हासिल करना बहुत बड़ी बात होती है। हर कोई चाहता है कि वह एक अच्छी और बड़ी कंपनी में बेहतर सैलरी वाली नौकरी करे। अच्छी नौकरी उस व्यक्ति को मिलती है जिसके पास अच्छी क्वालिफिकेशन हो और साथ ही इंटरव्यू में जिसने बेहतरीन प्रदर्शन दिया हो। आपका इंटरव्यू ही इस बात का फैसला लेता है कि आप उस कंपनी में काम करने के उपयुक्त हैं या नहीं। इंटरव्यू में आपका प्रदर्शन ही आपको अच्छी सैलरी वाली अच्छी नौकरी दिला सकता है लेकिन इसके लिए जरूरी है कि आपका इंप्रेशन इंटरव्यू लेने वाले पर काफी अच्छा हो। आज हम आपको बताएंगे ऐसी ही कुछ बातों के बारे में जिन्हें इंटरव्यू में बोलने से आपकी नौकरी कंफर्म हो जाएगी। उसे आपसे कोई नहीं छीन सकता।

**कम बातें करना**

इंटरव्यू में जितना बोलना जरूरी हो उतना ही बोलना चाहिए। किसी भी बात को बढा-चढाकर बोलने की कोशिश न करें। ऐसा करने से नुकसान हो सकता है। कई बार आपका इंटरव्यू ले रहे लोगों को यह समझ में नहीं आता कि आप क्या सही बोल रहे हैं और क्या गलत। इससे आपका इंप्रेशन खराब होता है। जरूरी है कि आप सोच समझकर सिर्फ जरूरी बातें करें।

**जितना काम कर सकें उतना ही बोलें**

कुछ कैंडिडेट्स सोचते हैं कि यदि वह यह बोल देंगे कि उन्हें सारे काम आते हैं तो उनका सिलेक्शन आसानी हो जाएगा लेकिन यह बिल्कुल गलत है। ऐसा बोलने से आपका इंप्रेशन गलत पड़ता है। आपको सिर्फ



उतना ही बोलना चाहिए जितना आप कर सकते हैं। जितना काम कर सकें उतने के बारे में ही चर्चा करें।

**अपने बारे मे सच कहें**

कुछ कैंडिडेट्स इंटरव्यू में बैठकर अपनी तारीफ शुरू कर देते हैं। वह अपने आप को परफेक्ट साबित करने के लिए कुछ भी कहने लगते हैं। कई बार ऐसा करने के लिए झूठ भी बोल देते हैं जो कि गलत है। अपने बारे में हमेशा सच ही कहें। इंटरव्यू में कोई भी बात बोलने से पहले कई बार सोच लें।

**अपनी कमजोरियों नहीं मजबूतियों का जिक्र करें**

किसी भी कैंडिडेट को अपने इंटरव्यू में अपनी कमजोरियों और किसी भी तरह की परेशानियों का जिक्र कभी नहीं करना चाहिए। उन्हें सिर्फ अपने स्ट्रॉन्ग प्वाइंट के बारे में ही बताना चाहिए। आप भले ही कितने भी परेशान हों लेकिन अपनी इन परेशानियों के बारे में कोई बात न करें। ये किसी को जानने न दें कि आपको अपनी निजी जिंदगी में क्या प्रॉब्लम हो रही है।

# स्वरोजगार के अवसर

आजकल कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां रोजगार की असीम संभावना है और कम पूंजी से भी इन क्षेत्रों में रोजगार की संभावना है।

**खाना बचाकर कमाएं लाखों:** खाद्य प्रौद्योगिकी एवं प्रसंस्करण तकनीक के जरिए बड़ी मात्रा में खाद्य सामग्री का प्रसंस्करण कर उन्हें खराब होने से बचाया जा सकता है तथा बाजार में उपभोग हेतु सही चीजें उपलब्ध कराई जा सकती है। अगर आंकड़ों की मानें, तो इस क्षेत्र में प्रतिवर्ष लगभग ढाई लाख से अधिक रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। जी.बी.पंत एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय, पंतनगर, उत्तराखण्ड, इग्नू, मैदानगढ़ी, नई दिल्ली, नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टीट्यूट, करनाल और सरदार बल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ में कोर्स कराए जाते हैं।

**शहद बेचकर मोटी कमाई:** अगर आप शहद बेचकर अच्छी कमाई करना चाहते हैं, तो मधुमक्खी पालन का क्षेत्र भी आपके लिए उपयुक्त हो सकता है, लेकिन इसके लिए आपको इससे संबंधित कोर्स करने होंगे, जिससे आप इस क्षेत्र को बखूबी समझ सकें। मधुमक्खी पालन विभाग, कृषि भवन नई दिल्ली व खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग, गांधी दर्शन, नई दिल्ली और स्मॉल स्केल इंडस्ट्री मंत्रालय, भारत सरकार, निर्माण भवन, नई दिल्ली में ये कोर्स कराए जाते हैं।



**दूध में सेहत भी कमाई भी:** डेयरी टेक्नोलॉजी भी प्रशिक्षित पेशेवरों के लिए कार्य के कई विकल्प उपलब्ध कराता है। यहां सार्वजनिक व निजी दोनों क्षेत्रों में रोजगार के कई विकल्प हैं। यहां प्रशिक्षित लोगों को डेयरी फार्म, कोऑपरेटिव सोसायटी, ग्रामीण बैंकों, मिल्क प्रोडक्ट्स प्रोसेसिंग व मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स में कार्य के मौके मिलते हैं। डेयरी तकनीक में दक्ष व्यक्ति चाहें तो अपना मिल्क प्लांट, क्रीमरी, आइसक्रीम यूनिट भी शुरू कर सकते हैं। नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टीट्यूट, करनाल और आनंद एग्रीकल्चरल यूनिर्विसटी, आनंद (गुजरात) में संबंधित कोर्स कराए जाते हैं।

**महकते फूलों में कमाई:** फूलों के उत्पादन के काम ने भी रोजगार के नए अवसर खोले हैं। इस क्षेत्र में फूलों के उत्पादन से लेकर उसकी पैकेजिंग व आपूर्ति तक का प्रबंधन शामिल है। फूल उगाने से लेकर फूलों का व्यापार, उत्पादन, पौधारोपण और उसके बीजों का संरक्षण जैसे कार्य फ्लोरिकल्चर में शामिल हैं। इस उद्योग में फार्म मैनेजर, पौधारोपण विशेषज्ञ, प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर जैसे कई पद हैं। कुरूक्षेत्र यूनिर्विसटी, कॉलेज ऑफ हॉर्टी कल्चर एंड फॉरेस्ट्री, अरुणाचल प्रदेश, सर्टिफिकेट कोर्स इन फ्लोरिकल्चर, नालंदा ओपन विश्वविद्यालय, पटना और इलाहाबाद स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर, इलाहाबाद में कोर्स कराए जाते हैं।

**रूरल मैनेजमेंट में रोजगार के मौके:** रूरल मैनेजमेंट यानी ग्रामीण प्रबंधन में कृषि उत्पाद, उद्योगों तथा खादी ग्रामोद्योग पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए योग्यता स्नातक निर्धारित है। रूरल मैनेजमेंट का कोर्स करने के बाद आप एनजीओ, गवर्नमेंट डेवलपमेंट एजेंसी, को-ऑपरेटिव बैंक, इंश्योरेन्स सेक्टर आदि में भी नौकरी के लिए प्रयास कर सकते हैं। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेंट, जयपुर, इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली और एमिटी स्कूल ऑफ रूरल मैनेजमेंट, नोएडा में संबंधित कोर्स कराए जाते हैं।